इयादत एम और कोज़ाक, एस. (2005), 'द रोल ऑफ इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजी इन द प्रॉफिट एंड कॉस्ट एफीशियेन्सी इंप्रूवमेंट्स ऑफ द बैंकिंग सेक्टर', *अकादमी ऑफ बिजनेस एंड इकोनॉमिक्स का जर्नल*

बर्गर, ए.एन. (2003), 'द इकोनॉमिक इफेक्ट्स ऑफ टेक्नोलॉजिकल प्रोग्रेस : इविडेंस फ्रॉम द बैंकिंग इंडस्ट्री', *जर्नल ऑफ मनी, क्रेडिट, एंड बैंकिंग,* खंड 35

1.16 इस परिप्रेक्ष्य में रिज़र्व बैंक ने ऐसे समुद्र-पारीय पर्यवेक्षण और पर्यवेक्षी सहयोग तंत्र स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसके अंतर्गत विदेशी विनियामकों के साथ पर्यवेक्षी सहयोग और सूचना के आदान-प्रदान हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की व्यवस्था है (बॉक्स I. 2)।

समावेशी वृद्धि हासिल करने में बैंकों की कार्यनीतिगत भूमिका

1.17 भारतीय वित्तीय प्रणाली में बैंक अहम भूमिका निभाते हैं। अतः उनसे यह अपेक्षा की जाती है कि वे वित्तीय समावेशन के उद्देश्य की पूर्ति में महती भूमिका निभाएं ताकि समावेशी वृद्धि और

बॉक्स I. 2:
समुन्नत समुद्रपारीय पर्यवेक्षण और सहयोग के संबंध में रिज़र्व बैंक का विदेशी समकक्ष संस्थाओं के साथ द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू)

शुरुआत

सीमापार पर्यवेक्षण हेतु पर्यवेक्षी सहयोग की अवधारणा का सबसे पहला उल्लेख 1975 में बैंकिंग विनियमन और पर्यवेक्षी प्रथाओं से संबंधित समिति द्वारा जारी की गई रिपोर्ट में पाया जाता है। तथापि, समझौता ज्ञापन को मूर्त रूप देने वाले बीजगर्भित विचार का उल्लेख एक ऐसे कार्यकारी समूह द्वारा ''द सुपरविज़न ऑफ क्रॉस बॉर्डर बैंकिंग'' (अक्तूबर, 1996) नाम से जारी रिपोर्ट में पाया गया जिसमें बैंकिंग पर्यवेक्षण पर बासेल समिति (बीसीबीएस) के सदस्य शामिल थे। इस समूह ने सिफारिश की कि पर्यवेक्षकों के बीच का समझौता द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन या पत्रों के आदान-प्रदान के रूप में हो जिसमें यह स्पष्ट कर दिया जाए कि प्रत्येक पार्टी इस संबंध से क्या अपेक्षा रखती है। इस अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए बीसीबीएस ने मई 2001 में ''इसेन्शियल एलिमेंट्स ऑफ ए स्टेटमेंट ऑफ को-ऑपरेशन बिट्वीन बैंकिंग सुपरवाइज़र्स'' नामक एक दस्तावेज जारी किया, जिसमें ''होम'' और ''होस्ट'' देश के पर्यवेक्षकों के बीच किए जाने वाले सहयोग के वक्तव्य या एमओयू में शामिल होने वाले प्रमुख बातों को सूचीबद्ध किया गया है।

समझौता ज्ञापन की आवश्यकता - भारतीय परिदृश्य

अब तक भारतीय बैंकों के विदेशी परिचालनों का सीमापार पर्यवेक्षण आवश्यकता पर आधारित ऑन-साइट निरीक्षण, ऑफ-साइट रिपोर्टिंग ढांचे और विदेशी विनियामकों/ पर्यवेक्षकों के साथ पर्यवेक्षी सूचना का आदान-प्रदान करके संपन्न किया जाता रहा है। तथापि, पिछले कुछ वर्षों में भारतीय बैंकों के सीमापार परिचालन काफी बढ़ गए हैं। कुछ बैंकों ने विदेश में बैंकिंग और अन्य वित्तीय सेवाओं के लिए सहायक संस्थाओं की स्थापना की है। इसे देखते हुए बैंक पर्यवेक्षकों के साथ समझौता ज्ञापन करना ज़रूरी समझा गया और इसके लिए एक उपयुक्त ढांचे की रूप-रेखा तैयार करने के लिए एक आंतरिक कार्यदल का गठन किया गया। इस कार्यदल की सिफारिशों के आधार पर एक नीतिगत ढांचा तैयार किया गया। इस नीति में अन्य बातों के साथ-साथ एक समझौता ज्ञापन के माध्यम से विदेशी पर्यवेक्षकों के साथ पर्यवेक्षी सहयोग के संबंध में कानूनी तौर पर गैर-बाध्यकारी औपचारिक व्यवस्था तय करने का प्रावधान है जो कि बीसीबीएस के विभिन्न सिद्धांतों और संबंधित देश की विधि/संविधि के अनुरूप होगा।

समुद्रपारीय प्राधिकारियों के साथ समझौता ज्ञापन करना

शुरुआती तौर पर 16 देशों का चयन किया गया। ये देश ऐसे हैं जहाँ के बैंक विनियामकों ने रिज़र्व बैंक के साथ इस प्रकार की व्यवस्था करने पर अपनी रुचि प्रकट की और साथ ही, जिनके अधिकार-क्षेत्र में परिचालनरत भारतीय बैंकों के लिए रिज़र्व बैंक और होस्ट देश के पर्यवेक्षक के बीच समझौता ज्ञापन किया जाना एक पूर्वापेक्षा थी। रिज़र्व बैंक विदेशी विनियामकों और पर्यवेक्षी अधिकारक्षेत्रों के साथ ऐसा समझौता ज्ञापन किए जाने पर वार्तालाप शुरू करके पारस्परिक बैंकिंग उपस्थिति के सिद्धांत को अपनाने लगा है जिसमें इस प्रकार की पारस्परिक बैंकिंग संबंधी शर्तें शामिल हैं। इस प्रक्रिया में चयनित देशों की संख्या बढ़कर 38 हो गई है।

समुद्रपारीय पर्यवेक्षकों के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों की वर्तमान स्थिति

अब तक रिज़र्व बैंक ने दस समुद्रपारीय पर्यवेक्षकों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके अलावा, 28 समुद्रपारीय पर्यवेक्षकों के साथ समझौता ज्ञापन संपादित किए जाने के प्रस्ताव फाइनल किए जाने के विभिन्न चरणों में हैं।

इस क्रम में रिज़र्व बैंक का मौजूदा उद्देश्य ऐसे अधिकार-क्षेत्रों के पर्यवेक्षकों के साथ समझौता ज्ञापन संपादित करने का है जहाँ भारतीय बैंक बड़े पैमाने पर परिचालन करते हैं या जहाँ वे अपने परिचालन को बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। रिज़र्व बैंक का दीर्घकालीन उद्देश्य पहले समय-समय पर विचार-विनिमय करके समझौता ज्ञापन तंत्र को स्थिर करना है और बाद में इन संस्थाओं के साथ पर्यवेक्षी सहयोग का आदान-प्रदान करना है तथा भारतीय बैंकिंग संस्थाओं की बेहतर ढंग से निगरानी करने के लिए होस्ट देश के पर्यवेक्षकों से जानकारी और विचार प्राप्त करके लाभान्वित होना है।

विकास हासिल किया जा सके। इसे ध्यान में रखते हुए हमारे देश में बैंक की अगुआई वाले वित्तीय समावेशन मॉडल को अपनाया गया है। केन्या जैसे देशों के अनुभव के आधार पर तथा हमारे देश में मोबाइल फोनों की भारी वृद्धि और विस्तार के मद्देनज़र वित्तीय समावेशन के लिए मोबाइल-जनित बैंकिंग मॉडल का परीक्षण करने की मांग उठी है। तथापि, यह दलील दी जा रही है कि मोबाइल-जनित बैंकिंग के अंतर्गत केवल धन-प्रेषण के उत्पाद शामिल किए जा सकते हैं तथा इसमें परिवर्ती आवर्ती जमा उत्पाद, ओवरड्राफ़्ट और आपातकालीन क्रेडिट उत्पाद, यथा- किसान क्रेडिटकार्ड/सामान्य क्रेडिट कार्ड जैसे कई उत्पादों को शामिल करने की कोई गुंजाइश नहीं है। दूसरा, बैंकों का विनियमन विवेकपूर्ण तरीके से किया जाता है और इससे केवाईसी/एएमएल जैसी अपेक्षाओं को पूरा करने और ग्राहक सेवा में भी सहायता मिलती है। जहाँ तक मोबाइल भुगतान कंपनियों का संबंध है, रिज़र्व बैंक को इनका पर्यवेक्षण करने का प्राधिकार नहीं है। तीसरा, बैंकिंग क्षेत्र में मिलने वाला प्रवेश खुला, पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी मानदंडों के आधार पर हो। इस प्रकार बिजनेस कॉरेस्पांडेंट्स के रूप में कार्य करने के विशेषाधिकृत प्रवेश की अनुमति देना विवेकपूर्ण नहीं है। फिर भी बैंकों को कंपनियों को बिजनेस कॉरेस्पांडेंट के रूप नियुक्त करने की अनुमति देकर मोबाइल नेटवर्क कंपनियों की पहुँच बढ़ाने के प्रयास किए गए हैं। परंतु ये इसके प्रारंभिक दौर में हैं और आने वाले वर्षों में बैंकों और कंपनियों के बीच की इन व्यवस्थाओं की कामयाबी का विश्लेषण किया जाएगा।

वित्तीय समावेशन प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए वित्तीय साक्षरता संबंधी उद्देश्यों पर राष्ट्रीय रणनीति

1.18 वित्तीय समावेशन के तहत निर्धारित उद्देश्यों को हासिल करने के लिए वित्तीय साक्षरता एक पूर्व शर्त है, क्योंकि इससे आम आदमी औपचारिक वित्तीय संस्थाओं द्वारा प्रस्तावित उत्पादों और सेवाओं की जरूरतों और लाभों को समझ सकता है। आपूर्ति पक्ष की मध्यस्थता की पहल के अनुरूप प्रतिक्रियास्वरूप मांग पक्ष को तैयार करने में वित्तीय शिक्षा अहम भूमिका निभाती है। वित्तीय समावेशन के उद्देश्य को हासिल करने में एक महत्त्वपूर्ण मांग पक्ष दबाव के रूप में जागरूकता पैदा करने और वित्तीय साक्षरता का प्रचार-प्रसार करने की ओर अब अधिकाधिक जोर दिया जा रहा है। चूँकि वित्तीय साक्षरता के प्रसार में काफी बड़ी संख्या में हितधारी जुड़े हुए हैं, अत: यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे रणनीति के अनुरूप कार्य कर रहे हैं, एक व्यापक राष्ट्रीय रणनीति की आवश्यकता है। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफएसडीसी) की उप समिति के तत्त्वावधान में तैयार की गई एक ड्राफ्ट राष्ट्रीय रणनीति भारतीय रिज़र्व बैंक सहित वित्तीय क्षेत्र के सभी विनियामकों ने साथ-साथ जारी की है। इस पहल के साथ, भारत नीदरलैंड, न्यूज़ीलैंड, स्पेन, यू.के. और चेक रिपब्लिक जैसे राष्ट्रों, जिन्होंने वित्तीय शिक्षा के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति को पहले ही लागू किया है, में शामिल हो गया है।

ग्राहक सुरक्षा और वित्तीय स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने हेतु माइक्रो फाइनेंस क्षेत्र के लिए विनियामक ढाँचा

1.19 माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र भारत में वित्तीय समावेशन के प्रयासों के अंग के रूप में क्रेडिट प्रदान करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनमें रिज़र्व बैंक में पंजीकृत स्व-सहायता समूह (एसएचजी - बैंक लिंकेज प्रोग्राम, लाभार्थी गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियां - माइक्रो-फाइनैंस संस्थाएं (एनबीएफसी-एमएफआईज़) और न्यास, सोसाइटी आदि के रूप में पंजीकृत अन्य सभी छोटी लाभार्थी एमएफआईज़ शामिल हैं, जबकि नाबार्ड की ओर से नये दिशानिर्देशों के माध्यम से एसएचजी-बैंक लिंकेज कार्यक्रम को मजबूत किए जाने की मांग थी, फिर भी एनबीएफसी-एमएफआईज़ पर प्रमुख रूप से ध्यान केंद्रित रहा। इस बात को याद किया जाए कि अक्तूबर 2010 में आंध्र प्रदेश राज्य ने एक अध्यादेश जारी किया था, जो बाद में कानून के रूप में अधिनियमित किया गया और जिसके द्वारा उस राज्य में कार्यरत एमएफआईज़ के कार्य को विनियमित करने की दृष्टि से उनका पंजीकरण करना अनिवार्य किया गया था। उसके बाद भारतीय रिज़र्व बैंक ने (माइक्रो-फाइनेंस) क्षेत्र में, *अन्य बातों के साथ-साथ,* ब्याज़ दरों, उधार और वसूली प्रणालियों से संबंधित मामलों और मुद्दों के अध्ययन के लिए अपने केंद्रीय निदेशक मंडल की एक उप समिति (अध्यक्ष: श्री वाई.एच.मालेगाम) गठित की थी। मालेगाम समिति की सिफारिशों के आधार पर एनबीएफसी-एमएफआईज़ की एक अलग श्रेणी तैयार की गई। प्रस्तावित विनियामक ढाँचा अभिशासन, प्रबंधन और ग्राहक सुरक्षा तथा साथ ही साथ एमएफआईज़ के वित्तीय स्वास्थ्य के न्यूनतम मानकों के संबंध में प्रतिबंध और सुरक्षोपाय की व्यवस्था करता है। एनबीएफसीज़ का समुचित और पर्याप्त विनियमन इस क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देगा, जबकि उधारकर्ताओं के हितों की भी पर्याप्त रक्षा करेगा। भारतीय रिज़र्व बैंक के पास पंजीकृत और उसके द्वारा विनियमित एमएफआईज़ को राज्य साहूकारी अधिनियम से छूट देने का प्रस्ताव करने वाला माइक्रो फाइनेंस संस्था (विकास और विनियमन) बिल 2012, जिसके तहत एनबीएफसी-एमएफआई आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा विनियमित थीं, संसद में विचाराधीन है। आगे चलकर, एमएफआई को भी इस तरह के विनियामक ढांचे से लाभ मिलेगा, क्योंकि यह सुचारु विकास के लिए सक्षम बनाता है और अनिश्चितता को कम करता है।

4. चुनौतियां

1.20 भविष्य में, उच्चतर पूँजी अपेक्षाओं की ओर कदम बढ़ाना और सार्थक वित्तीय समावेशन की आवश्यकता बैंकों के समक्ष प्रमुख चुनौतियां होंगी। अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानकों (आईएफआरएस) को अपनाने से भी बैंकों पर संसाधनों को बढ़ाने की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना है। आस्ति की गुणवत्ता में गिरावट को नियंत्रित किए जाने की आवश्यकता है और वैश्विक कारकों से उत्पन्न जोखिमों की स्थिति का सावधानीपूर्वक हल निकाला जाना चाहिए।

पूंजी को बढ़ाने के लिए बासेल III की ओर अग्रसर होना

1.21 भविष्य में होने वाले आघातों के प्रति बैंकिंग क्षेत्र की सहनीयता विकसित करने के लिए बासेल III के कारगर कार्यान्वयन की आवश्यकता है। बासेल III को कार्यान्वित करने की चुनौतियों को कम महत्त्वपूर्ण नहीं समझना चाहिए। आम तौर पर बासेल III से भारतीय बैंकों की पूंजीसंबंधी आवश्यकताएं बढ़ जाएंगी। भारतीय बैंकिंग प्रणाली के लिए मौजूदा पूंजी पर्याप्तता स्तर सुखद है। जीडीपी में अधिक वृद्धि के लिए इक्विटी सहित पूंजी आवश्यकताएं अत्यधिक होंगी, साथ ही जीडीपी की तुलना में क्रेडिट का अनुपात,

जो फिलहाल लगभग 55 प्रतिशत के कम स्तर पर है, अर्थव्यवस्था में संरचनागत परिवर्तन होने के कारण काफी बढ़ने वाला है।

1.22 स्थूल अनुमान इस ओर संकेत करते हैं कि मार्च 2018 के अंत तक बासेल III को पूरी तरह कार्यान्वित करने के लिए सरकारी क्षेत्र के बैंकों को गैर-इक्विटी पूंजी के रूप में 2.65 से 2.75 ट्रिलियन रुपयों के अतिरिक्त आंतरिक स्रोतों के अलावा 1.4 से 1.5 ट्रिलियन रुपयों की साझा इक्विटी की आवश्यकता होगी। यदि बासेल III पूंजी अनुपात कार्यान्वित नहीं किया जाता तो बैंकों को बासेल II पूंजी अनुपातों की पूर्ति के लिए अतिरिक्त पूंजी की आवश्यकता जारी रहती। अत: सरकारी क्षेत्र के बैंकों के मामले में बढ़े हुए बासेल III पूंजी अनुपातों के कारण वृद्धिशील इक्विटी आवश्यकता 750-800 बिलियन रुपये होने की उम्मीद है। उसी प्रकार, निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंकों को गैर-इक्विटी पूंजी के रूप में 500-600 बिलियन रुपये के अतिरिक्त आंतरिक स्रोतों के अलावा 200-250 बिलियन रुपये की साझा इक्विटी की आवश्यकता होगी। ये अनुमान सभी बैंकों के लिए अलग-अलग रूप से 20 प्रतिशत प्रति वर्ष के जोखिम भारित आस्तियों में समान वृद्धि के पारंपरिक अनुमान पर तथा प्रत्येक बैंक के आंतरिक स्रोतों के मूल्यांकन (1.0-1.2 प्रतिशत जोखिम भारित आस्तियों के दायरे में) पर आधारित हैं।

1.23 बासेल III लागू करने हेतु सर्वाधिक किफायती मॉडल तैयार करना प्रत्येक बैंक के लिए महत्त्वपूर्ण काम है। बैंकों को नई पूंजी, विशेषकर कार्यान्वयन के बाद वाले वर्षों के लिए, जारी करनी होगी। हालाँकि जोखिम भारित आस्तियों की तुलना में पूंजी के अनुपात (सीआरएआर) के उच्चतर होने की स्थिति से भारतीय बैंकों को कोर इक्विटी पूंजी के बड़े घटक के साथ एक मजबूत प्रारंभिक आधार प्राप्त होने का फायदा है, फिर भी इक्विटी की बड़ी आवश्यकताएं, हालांकि इसकी जरूरत बाद में पड़ेगी, बैंकों के इक्विटी पर होने वाले प्रतिलाभ पर दबाव डालकर उसे कम कर सकती हैं। लंबी अवधि में निवेशकों को निम्नतर इक्विटी प्रतिलाभ को स्वीकार करने के लिए प्रेरित करते हुए उच्चतर पूंजी आवश्यकताएं बैंकिंग क्षेत्र के जोखिम को कम करेंगी। हालांकि अल्पावधि में उत्पादकता को बढ़ाना ही इसका एकमात्र हल है। सरकारी क्षेत्र के बैंकों की मालिक होने के कारण भारत सरकार को इस प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका अदा करनी होगी।

अंतरराष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानकों के साथ एकीकरण से जुड़े मुद्दे

1.24 कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार ने जनवरी 2010 में क्रमिक रूप से आईएफआरएस से एकीकारण की रूपरेखा जारी की है जो 1 अप्रैल 2011 से लागू होगी। इसके अनुसार भारत स्थित वाणिज्य बैंकों का आईएफआरएस से एकीकरण 1 अप्रैल 2013 से शुरू होगा। तथापि, देशी और अंतरराष्ट्रीय - दोनों तरह के कई मुद्दों के कारण भारत का आईएफआरएस से एकीकरण का मार्ग मुश्किल हुआ है। कुछ कॉर्पोरेट श्रेणियों का 1 अप्रैल 2011 से अंतरण होना था, जो नहीं हुआ है। फिलहाल, भारत में एकीकरण की योजना के संबंध में सुस्पष्टता का अभाव है।

1.25 वैश्विक स्तर पर, अंतर्राष्ट्रीय लेखाकरण मानक बोर्ड (आईएएसबी) ने वित्तीय लिखत (अंतरराष्ट्रीय लेखाकरण मानक-39, वित्तीय लिखतों की पहचान और मापन) संबंधी मौजूदा मानक के स्थान पर आईएफआरएस 9: वित्तीय लिखत नामक नया मानक प्रतिस्थापित करने के लिए एक योजना शुरू की है। चूंकि आईएएसबी हानि और बचाव लेखाकरण के संबंध में कुछ गंभीर प्रस्तावों को अंतिम रूप नहीं दे सका अत: इस योजना ने निर्धारित समय के अनुसार कोई प्रगति नहीं की। अंतरराष्ट्रीय गतिविधियों को देखते हुए, यह संभावना प्रतीत नहीं होती कि 2013 के मध्य के पहले आईएफआरएस 9 पूर्णत: तैयार होगी। आईएफआरएस 9 को अंतिम रूप देने के संबंध में सुस्पष्टता का अभाव और अनिश्चितता तथा उसका यूएस के सामान्यत: स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों (जीएपीपी) से एकीकरण तथा साथ ही, एकीकरण के दौरान भारतीय बैंकों के लिए उभरने वाले प्रमुख तकनीकी और मानव संसाधन संबंधी मसले भी भारत के बैंकिंग क्षेत्र के सामने सबसे बड़ी चुनौती हैं, जो विनियामकों के लिए भी उतनी ही चिंताजनक बात है।

बैंकों की आस्ति गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता

1.26 बैंकों की आस्ति गुणवत्ता उनके वित्तीय स्वास्थ्य का एक महत्त्वपूर्ण संकेतक है और वह बैंकों के क्रेडिट जोखिम प्रबंधन और उससे उबरने की क्षमता को भी दर्शाती है। बैंकिंग प्रणाली की आस्ति गुणवत्ता निरंतर सुधार की अवधि के बाद वर्ष 2011-12 के दौरान काफी कम हो गई है। 2003-07 की तेजी की अवधि में अपर्याप्त क्रेडिट मूल्यांकन और देशी तथा बाह्य मोर्चे की प्रतिकूल आर्थिक स्थिति के परिणामस्वरूप अनर्जक आस्तियों में वृद्धि की मौजूदा स्थिति पैदा हुई। भारतीय बैंकों के अनर्जक आस्ति प्रबंधन ढांचे को और अधिक मजबूत बनाने के लिए वर्ष 2012-13 के मौद्रिक नीति वक्तव्य के अनुसार बैंकों को यह सूचित किया गया कि वे संकट के प्रारंभिक संकेतों का जल्दी पता लगाने के लिए और आस्तियों के आर्थिक मूल्य को बनाए रखने के लिए एक मजबूत प्रणाली लागू करें। बैंकों को यह भी सूचित किया गया था कि वे अपने अनर्जक

आस्ति खातों, बट्टे खाते, समझौता निपटान किए गए, वसूली और पुनर्गठित खातों संबंधी सिस्टम जनरेटेड खंड-वार डेटा रखें।

वैश्विक कारकों से अधिक जोखिम के बाद भी वित्तीय प्रणाली मजबूत बनी रही

1.27 देश की वित्तीय प्रणाली मजबूत है। फिर भी, वैश्विक कारकों और देशी समष्टि आर्थिक कारकों के कारण स्थिरता के लिए जोखिम बढ़े हैं। देशी विकास धीमा हुआ है। बचत और निवेश दरें भी निम्नतर हैं। हालाँकि मुद्रस्फीति संयत है, लेकिन वह अब भी निरंतर विकास के लिए सहायक स्तर से अधिक है। चालू खाता और राजकोषीय घाटे के उच्च स्तरों से भी जोखिमों का खतरा है। वृद्धि में कमी, यूरो क्षेत्र में जारी अस्थिरता, अनिश्चित पूंजी प्रवाह जैसी वैश्विक गतिविधियों से पैदा हुए जोखिमों और बैंकों द्वारा डीलिवरेजिंग के प्रभाव से देशी समष्टि आर्थिक जोखिम बढ़ सकता है। इसके बावजूद देशी अर्थव्यवस्था की आंतरिक शक्ति निरंतर बनी हुई है। रिज़र्व बैंक द्वारा प्रणालीगत जोखिम के संबंध में किए गए आवधिक सर्वेक्षणों के निष्कर्षों से यह पता चलता है कि वित्तीय प्रणाली के सभी हितधारकों में प्रणाली के प्रति विश्वास बरकरार रहा। प्रतिकूल परिस्थितियों में बैंकों के बीच अंतर्निर्भरता बढ़ गई है जिसके चलते उनकी कड़ाई से निगरानी करना बेहद ज़रूरी हो गया है।

कारगर पर्यवेक्षी समीक्षा के लिए आंकड़ों की सटीकता पूर्वशर्त है

1.28 नीतिगत निर्णय लेने में छोटे-छोटे खंडों से जुड़े आंकड़ों की आवश्कता काफी बढ़ गई है। अतः हमारे देश में बैंकिंग के बुनियादी ढांचे संबंधी डेटाबेस में सुधार करना ज़रूरी है। रिज़र्व बैंक के आईटी विज़न के मद्देनज़र समुचित स्ट्रेट-थ्रू-प्रोसेसिंग प्रणालियों को अपनाते हुए रिपोर्टिंग संस्थाओं से स्वचालित आंकड़ा-प्रवाह को साकार करने की ओर प्रयास करना चाहिए। आंकड़ों की गुणवत्ता, सटीकता और प्रेषण में सुधार लाने के लिए प्रोसेसिंग की दृष्टि से डेटा वेयरहाउसिंग के प्रयोग को मज़बूत बनाना चाहिए। दूसरा, पर्यवेक्षी समीक्षा प्रक्रिया की खामियों की पहचान करने एवं उन्हें दूर करने तथा बैंकिंग प्रणाली के लिए समुचित जोखिम मूल्यांकन को सुकर बनाने के लिए वाणिज्यिक और सहकारी बैंकिंग क्षेत्रों में सांख्यिकीविदों और बैंक पर्यवेक्षकों के बीच सुदृढ़ समन्वय स्थापित होना आवश्यक है। तीसरा, आंकड़ों की रिपोर्टिंग प्रणाली को इस प्रकार तैयार किया जाए कि उसमें स्रोत प्रणालियों से स्वचालित रूप से आंकड़े प्राप्त करने की क्षमता हो। वित्तीय समावेशन की व्यापकता को मापने और इस संबंध में विभिन्न नीतिगत उपायों की प्रभावशीलता को आंकने हेतु पूरे देश में बैंकिंग क्षेत्र का बुनियादी ढांचा उन्नत और छोटे-छोटे खंडों से जुड़े डेटाबेस की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। त्वरित रूप से निर्णय लेने की दृष्टि से समान रूप से आंकड़ों के शीघ्रतर एवं अपेक्षाकृत अधिक सटीक प्रेषण को सुनिश्चित करने हेतु बुनियादी स्तर की संस्थाओं से संबंधित आंकड़ों को एकत्र करना चाहिए। इसे साकार करने के लिए मौजूदा विवरणी-आधारित रिपोर्टिंग प्रणाली के स्थान पर डेटाबेस रिपोर्टिंग प्रणाली विकसित की जाए।

वित्तीय समावेशन : सार्थक समावेशन की आवश्यकता

1.29 सार्वभौमिक वित्तीय समावेशन एक राष्ट्रीय दायित्व होने के साथ-साथ एक नीतिगत तरजीह भी है। रिज़र्व बैंक और भारत सरकार ने इस दिशा में कई पहलें की हैं। कई गाँवों में बिज़नेस कॉरेस्पांडेंट्स की व्यवस्था किए जाने से ग्रामीण जनता में बैंकिंग के प्रति जागरूकता पैदा हुई है। हालांकि अब भी काफी बड़ी चुनौती बनी हुई है जैसे कि हमारी आबादी का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा साधारण किस्म की औपचारिक वित्तीय सेवाओं से भी वंचित है। वित्तीय समावेशन की पहलों को सार्थक बनाने के लिए नो-फ्रिल खातों में होने वाले लेनदेनों की संख्या और मूल्य को बढ़ाना आवश्यक है।

1.30 बैंकों को प्रत्येक गांव में बिज़नेस कॉरेस्पांडेंट टच-पाइंट स्थापित करने का प्रयास करना चाहिए। तथापि, इसे एक स्वयं-समर्थ बिज़नेस मॉडल बनाने के लिए बैंकों को लंबी अवधि के लिए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पारंपरिक बैंकिंग शाखाओं एवं एक बिज़नेस कॉरेस्पांडेंट नेटवर्क की मिश्रित व्यवस्था के माध्यम से सारे ग्रामीण लोगों को सभी प्रकार की बैंकिंग सेवाएं, जैसे- धन प्रेषण, आवर्ती जमा, केसीसी और जीसीसी के रूप में उद्यमितार्थ ऋण, बीमा (जीवन और गैर-जीवन) तथा अन्य बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

प्रौद्योगिकी के भरपूर प्रयोग के लिए उन्नत जोखिम प्रबंधन साधन जरूरी हैं

1.31 प्रौद्योगिकी के प्रयोग से संबद्ध परिचालनात्मक जोखिमों के चलते सूचना सुरक्षा का महत्त्व बढ़ रहा है। सूचना सुरक्षा, आंकड़ों की सटीकता और भंडारण के साथ-साथ संचार माध्यमों से संबंधित मुद्दों ने इलेक्ट्रॉनिक परिवेश में कई चुनौतीपूर्ण पहलुओं को सामने रखा है। इन नई चुनौतियों का कारगर ढंग से सामना करने के

लिए बैंकों में मौजूद सूचना प्रौद्योगिकी प्रबंधन प्रणालियां निरंतर मज़बूत हों।

5. आगे का रास्ता

1.32 आने वाले समय में बैंकों को अनिवार्य उच्चतर पूंजी मानकों, चलनिधि और लीवरेज अनुपातों की सख्त अपेक्षा को पूरा करने की ओर आगे बढ़ना चाहिए, साथ ही, इसमें पैदा होने वाले जोखिम से निपटने के लिए काफी सतर्कतापूर्ण पद्धति अपनानी चाहिए। तात्पर्य यह है कि भारतीय बैंकों को अपनी कार्य-दक्षता में सुधार करना चाहिए, हालांकि इससे उनके कारोबार संचालन की लागत बढ़ सकती है। उन्हें उद्यम-व्यापी जोखिम प्रबंधन को हासिल करने के लिए अपने जोखिम प्रबंधन कौशलों को परिमार्जित करना चाहिए। इसके अलावा, बैंकों को अपने उत्पादों और सेवाओं के संबंध में उचित एवं विभेदीकृत जोखिम मूल्य-निर्धारण पद्धति अपनानी चाहिए, क्योंकि पूंजी हासिल करने की लागत बड़ी होती है। इसमें निम्नलिखित शामिल हैं - लागत निर्धारण, जिसमें प्रत्येक उत्पाद और सेवा से प्राप्त होने वाली आय का मात्रात्मक मूल्यांकन तथा एक सुदृढ़ अंतरण कीमत प्रणाली, जिसमें पूंजी आबंटन का निर्धारण किया जाता है।

1.33 वर्ष 2011-12 में अनर्जक आस्तियों के स्टाक में बढ़ोतरी हुई है। 2005-08 की अवधि में बैंकिंग प्रणाली के स्लिपेज अनुपात में घटने की प्रवृत्ति दिखाई पड़ी, जबकि 2008-12 की अवधि में इसमें बढ़ोतरी हुई। बैंकों को न केवल अशोध्य ऋणों के समाधान एवं वसूली के संबंध में रिज़र्व बैंक और भारत सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट विभिन्न उपायों का कारगर ढंग से प्रयोग करना चाहिए, अपितु उन्हें बढ़ती अनर्जक आस्तियों की समस्या से निपटने के लिए भी समुचित सावधानी, ऋण मूल्यांकन और मंजूरी के बाद की ऋण निगरानी प्रणालियों को मज़बूत बनाना होगा।

1.34 इसके अलावा, वृद्धि को मजबूत करने के लिए बैंकों को अनछुए कारोबारी अवसरों को तलाशना चाहिए। इसके लिए निचले स्तर पर उपलब्ध संसाधनों और अवसरों का दोहन किया जाना चाहिए। इस प्रकार के अभीष्ट बड़े-बड़े कारोबारी अवसरों का लाभ उठाने में छोटे ग्राहकों का महत्त्वपूर्ण योगदान होता है, जिन तक अभी बैंकों की पहुंच नहीं है। मध्यस्थता पर लगने वाली लागत को कम करने हेतु प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष का इष्टतम प्रयोग करने के साथ-साथ अपने लाभ को बनाए रखना बैंकों के समक्ष चुनौतीपूर्ण कार्य है। हाल में बचत बैंक जमाराशि की ब्याज दरों के अविनियमन तथा और अधिक बैंकों को सरकारी कारोबार उपलब्ध कराने जैसी कई विनियामक पहलें की गई हैं। साथ ही, एक ओर नए बैंकों की लाइसेंसिंग एवं विदेशी बैंक शाखाओं के अनुषंगीकरण जैसे भावी कदम प्रस्तावित हैं तो दूसरी ओर ग्राहकों की आकांक्षा और प्रत्याशा बढ़ती जा रही है एवं उनका स्वरूप बदल रहा है, ऐसे में इस क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा और बढ़ सकती है एवं बाज़ार अपेक्षाकृत और क्रेता-उन्मुख हो सकता है। चूँकि भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के उच्च पथ की ओर अग्रसर हो रहा है, अतः बैंकों को बदलते आर्थिक परिवेश में अपने आप को ढालने के लिए प्रयास करना होगा, जिसके लिए उन्हें अपनी कारोबारी कार्य-नीति का पुनर्निर्धारण करना चाहिए, ग्राहकों को ध्यान में रखकर उत्पादों को तैयार करना चाहिए तथा अपनी सेवाओं की कार्य-दक्षता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। लागत कम करने के साथ-साथ जमाकर्ताओं और उधारदाताओं को लाभ पहुंचाना भारतीय बैंकों के समक्ष चुनौतीपूर्ण कार्य है।

1.35 देशी और वैश्विक समष्टिआर्थिक परिवेश की कठिन परिस्थितियों में भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के समक्ष बहुत सी चुनौतियों के बावजूद विनियमन के लिए उठाए गए कदमों और भारतीय अर्थव्यवस्था में अंतर्निहित शक्तियों के सहारे बैंकिंग प्रणाली में संक्रमण के इस अस्थायी दौर का सामना किया जा सकता है। हमारी विकासशील अर्थवयवस्था की वित्तपोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में यह मध्यस्थ के रूप में सकारात्मक भूमिका का निर्वाह करेगा।

अध्याय II

वैश्विक बैंकिंग गतिविधियाँ

वैश्विक वृद्धि की कमजोरी, सरकारी ऋण संकट के गहराने तथा वित्तीय बाजार के दबाव के चलते वैश्विक बैंकिंग प्रणाली प्रभावित हुई। जहां अमरीका के बैंक अपने लीवरेज अनुपात में कमी लाने और थोक वित्तपोषण पर निर्भरता को कम करने में सफल हुए वहीं यूरोपीय बैंकों की थोक में वित्तपोषण पर निर्भरता का स्तर ऊंचा बना हुआ है। उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बैंकिंग क्षेत्र के मूलभूत संकेतक अच्छे थे जो घरेलू निधीयन तथा पूंजी के उच्चतर स्तर के चलते हुई उच्चतर अर्थिक वृद्धि और तुलन-पत्रों की अपेक्षाकृत सुदृढ़ता दर्शाते हैं। बासेल III, जी-एसआईएफआई तथा शैडो बैंकिंग जैसे विनियामक मोर्चे पर उल्लेखनीय प्रगति हुई है, परंतु कार्यान्वयन की चुनौती बनी हुई है। कई उन्नत अर्थव्यवस्थाओं ने प्रभावी समाधान व्यवस्था तथा बेल-इन प्रणाली स्थापित करने की दिशा में प्रगति की है। यूरोपियन यूनियन तथा यूरोपियन सेंट्रल बैंक ने निधीयन तथा डीलीवरेजिंग संबंधी जोखिमों का समाधान करने के लिए कई उपाय किये हैं, परंतु चिंताएं बनी हुई हैं। दीर्घावधि में बैंकों को पहले की तुलना में अधिक सक्रियता से लागत प्रबंधन की रणनीति अपनानी होगी और निवेशकों के विश्वास की बहाली की दिशा में कार्य करना होगा।

1. भूमिका

2.1 वैश्विक बैंकिंग प्रणाली को 2011 में तथा 2012 में अब तक भारी बाधाओं का सामना करना पड़ा। इसके कारणों में वैश्विक वृद्धि की बहाली की कमजोर गति, यूरो क्षेत्र के सरकारी ऋण संबंधी संकट का फिर से उभरना तथा वैश्विक बैंकों के लिए निधीयन तथा डीलीवरेजिंग का जोखिम बना रहना था। अन्य कारकों के साथ-साथ यूरो क्षेत्र के वर्तमान सरकारी ऋण संकट से उत्पन्न अनिश्चितता, कई उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की संभावनाओं को डाउनग्रेड किये जाने, बैंकों की पूंजी में बढ़ोतरी किए जाने संबंधी चिंताओं के बीच यूरो क्षेत्र के बैंकों के स्थिरता संबंधी मुद्दों ने 2011-12 के अधिकांश भाग में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय बाजार तथा बैंकिंग प्रणाली को अस्थिर बनाए रखा।

2.2 वैश्विक क्रेडिट में हुई वृद्धि एक मिश्रित चित्र प्रस्तुत करती हैः उभरते बाजारों में जहां क्रेडिट में वृद्धि बरकरार रही वहीं अमरीका में बहाली के कुछ लक्षण दिखाई दिए, परंतु यूरोपीय देशों में क्रेडिट की वृद्धि दर में गिरावट आई। अमरीका तथा कुछ उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं के बैंकों की आस्तियों पर प्रतिलाभ में सुधार हुआ, परंतु यूरोपीय देशों के बैंकों में इसमें गिरावट आई। चुनिंदा क्षेत्रों तथा देशों की बैंकिंग की प्रवृत्ति से ज्ञात होता है कि अमरीका की बैंकिंग प्रणाली ने अपने तुलन-पत्रों में सुधार लाने तथा पूंजी को बढ़ाने में उल्लेखनीय प्रगति की है। यूरो क्षेत्र की बैंकिंग प्रणाली में बैंकों तथा सरकारी प्रतिभूतियों के दुश्चक्र के चलते जोखिम ऊंचे स्तर पर बना हुआ है। यूरो क्षेत्र के संकट ने यूके की वित्तीय प्रणाली को भी प्रभावित किया है और उसके बैंकों की निधीयन की लागत में तेजी से वृद्धि हुई है, जिसके कारण ब्याज दरें बढ़ गई हैं तथा यूके की पारिवारिक इकाइयों और कंपनी उधारकर्ताओं के लिए क्रेडिट की उपलब्धता में कमी आई है।

2.3 शीर्ष 100 वैश्विक बैंकों के निष्पादन के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि वैश्विक बैंकिंग में उभरती अर्थव्यवस्थाओं का हिस्सा बढ़ रहा है। उभरते तथा विकासशील देशों में चीन के बैंकों ने शीर्ष के 100 बैंकों की रेटिंग में उल्लेखनीय सुधार किया है। वैश्विक नीतिगत सुधारों के मोर्चे पर बासेल नियम के नियम संबंधी ढांचे, प्रणालीगत दृष्टि से महत्त्वपूर्ण संस्थाओं (एसआईएफआई), शैडो बैंकिंग, समाधान व्यवस्थाओं तथा बेल-इन प्रक्रिया में कुछ सुधार हुआ है।

वैश्विक वृद्धि काफी कमजोर बनी हुई है

2.4 वर्ष 2011 के अंतिम भाग में यूरो क्षेत्र में वित्तीय स्थिरता संबंधी चिंताओं के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था को भारी धक्का पहुंचा। पूरे यूरो क्षेत्र में दबाव की स्थिति रही तथा आस-पास की अर्थव्यवस्थाओं में बांड के प्रतिलाभ में वृद्धि हुई क्योंकि निवेशक सरकारी ऋण की चूक के जोखिम के बारे में अधिक चिंतित हो गए थे। इन घटनाक्रमों ने प्रतिकूल तथा बाजार की स्वतः पूर्ति करने

वाली बाजार की धारणा में बदलाव (जिससे कमजोर देशों को बढ़ते प्रतिलाभ (यील्ड) के प्रतिकूल संतुलन का सामना करना पड़ सकता है), घरेलू बैंकों में निधीयन की कमी तथा कमजोर होती अर्थव्यवस्था के जोखिम को नाटकीय रूप से रेखांकित किया है (अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (जीएफएसआर)-अप्रैल 2012)।

2.5 वैश्विक वृद्धि की दर 2010 के 5.1 प्रतिशत की तुलना में घटकर 2011 में 3.8 प्रतिशत रह गई (चार्ट II.1)। इस धीमी वृद्धि का कारण मुख्य रूप से उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर में गिरावट आना था। दूसरी ओर उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि की दर उच्चतर बनी रही। विभिन्न पूर्वानुमान दर्शाते हैं कि वर्ष 2012 में वैश्विक वृद्धि की दर कमजोर बनी रहेगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का वैश्विक आर्थिक परिदृश्य-अक्तूबर 2012 का अनुमान है कि वर्ष 2012 में वैश्विक वृद्धि दर घटकर 3.3 प्रतिशत रह जाएगी तथा इसमें भारी गिरावट आने का जोखिम है।

2.6 इस समष्टि आर्थिक परिदृश्य में बैंकिंग कार्यकलापों एवं सुदृढ़ता के संकेतकों का उपयोग करके खंड 2 में वैश्विक बैंकिंग प्रणाली की समीक्षा की गई है। खंड 3 में कुछ उन्नत तथा उभरती अर्थव्यवस्थाओं / अर्थव्यवस्था समूहों की बैंकिंग प्रणाली के निष्पादन की विस्तृत चर्चा की गई है। खंड 4 में वैश्विक उपस्थिति में प्रमुख स्थान रखने वाले शीर्ष 100 बैंकों के निष्पादन का विश्लेषण किया गया है। खंड 5 में वैश्विक बैंकिंग प्रणाली के संदर्भ में वर्ष के दौरान किए गए प्रमुख विनियामक तथा पर्यवेक्षी नीतिगत उपायों का उल्लेख किया गया है। खंड 6 में वर्ष 2013 के वैश्विक बैंकिंग क्षेत्र के समग्र मूल्यांकन तथा संभावना को प्रस्तुत किया गया है।

2. वैश्विक बैंकिंग प्रवृत्तियाँ

2.7 हाल के वैश्विक वित्तीय संकट में वैश्विक बैंकिंग उद्योग की कमजोरियों को सामने ला दिया जिसका प्रतिफलन बैंकिंग उद्योग में जनता के घटते विश्वास के रूप में हुआ। हाल के वित्तीय संकट से बैंकिंग क्षेत्र की कमियों का पता चला। बैंक आय के स्थिर तथा विविध स्रोतों को बनाए रखने एवं लागतों में कमी लाने में विफल रहे जिसके परिणामस्वरूप संस्थाओं पर चलनिधि का दबाव बढ़ा। दूसरी बात यह थी कि अपारदर्शी तुलन-पत्रों ने जोखिम के विश्लेषण को काफी हद तक बाधित किया जिसके चलते बैंकों के पूंजी बफर की कमजोरियों के बारे में समय पर जानकारी नहीं मिल पायी (अंतरराष्ट्रीय निपटान बैंक की 2011-12 की वार्षिक रिपोर्ट)।

चार्ट II.1 वैश्विक समष्टि-आर्थिक प्रवृत्तियाँ



स्रोत: वैश्विक आर्थिक परिदृश्य, आईएमएफ तथा थॉमसन रायटर्स, डेटास्ट्रीम

विभिन्न क्षेत्रों के बीच केडिट की वृद्धि दर में भिन्नता

2.8 अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर में निष्पादन की भिन्नता के अनुरूप विभिन्न अर्थव्यवस्थाओं में क्रेडिट की वृद्धि दर की प्रवृत्ति में समानता नहीं थी (चार्ट II.2)।

चार्ट II.2 बैंक की ऋण वृद्धि का त्रैमासिक चल औसत



टिप्पणी: 1. सभी देशों की वृद्धि दरें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर मासिक रूप में हैं जिन्हें त्रैमासिक चल औसत का उपयोग करके समरूप किया गया है।

2. जर्मनी, रूस, स्पेन, यूके, फ्रांस, इटली तथा पुर्तगाल के मामले में क्रेडिट का तात्पर्य निजी क्रेडिट से है। अन्य सभी देशों में इसका तात्पर्य कुल बैंक क्रेडिट से है।

3. वृद्धि के परिकलन के लिए उपयोग किये गये क्रेडिट के आंकड़े उन मुद्राओं में हैं जिस रूप में संबंधित देशों ने रिपोर्ट की है।

4. रूस के आंकड़े केवल दिसंबर 2006 से उपलब्ध हैं।

स्रोत: डेटास्ट्रीम, रायटर्स से संकलित।

आस्तियों पर प्रतिलाभ गिरावट की सामान्य प्रवृत्ति दर्शाता है

2.9 आस्तियों पर प्रतिलाभ, जो बैंकिंग प्रणाली की लाभप्रदता का एक संकेतक है, में विभिन्न अर्थव्यवस्थाओं के बीच भिन्नता देखी गई। सामान्यतः इसकी प्रवृत्ति गिरावट की ओर रही (सारणी II.1)।

वित्तीय दबाव की स्थिति उच्च स्तर पर बनी हुई है

2.10 वर्ष 2011के अंतिम भाग में उन्नत देशों, विशेष रूप से यूरो क्षेत्र के देशों में राजकोषीय घाटे की वहनीयता संबंधी चिंता फिर से उभरकर आई। बाजार द्वारा प्रबल रूप में जोखिम पर ध्यान दिए जाने के चलते यूरो क्षेत्र की प्रभावित अर्थव्यवस्थाओं के सरकारी बांडों के क्रेडिट डिफाल्ट स्वैप स्प्रेड में बढ़ोतरी हुई। बैंकिंग उद्योग निधीयन संबंधी भारी दबाव में आ गया जैसा कि वैश्विक बैंकों के बढ़ते सीडीएस स्प्रेड से पता चलता है (चार्ट II.3)। उभरती

सारणी II.1: चुनिंदा देशों के बैंकों की आस्तियों पर प्रतिलाभ

प्रतिशत

देश	2007	2008	2009	2010	2011	2012
			उन्नत अर्थव्यवस्थाएं			
फ्रांस	-	0.1	0.3	0.6	0.4	-
जर्मनी	0.3	-0.1	0.2	0.4	-	-
ग्रीस	1.0	0.2	-0.1	-0.6	-2.1	-
इटली	0.8	0.3	0.3	0.3	-0.9	-
जापान	0.5	0.3	-0.3	0.2	0.3	-
पुर्तगाल	1.1	0.3	0.4	0.5	-0.3	0.1
स्पेन	1.1	0.8	0.6	0.5	0.2	-
यूनाइटेड किंगडम	0.4	-0.4	0.1	0.1	0.1	-
अमरीका	1.2	-0.1	-0.1	0.9	1.2	1.0
			उभरती तथा विकासशील अर्थव्यवस्थाएं			
रूस	3.0	1.8	0.7	1.9	2.5	-
चीन	0.9	1.0	0.9	1.1	1.3	-
भारत	0.9	1.0	1.0	0.9	1.0	1.0
मलेशिया	1.5	1.5	1.2	1.5	1.5	1.6
ब्राजील	3.5	1.6	2.4	3.2	1.5	1.4
मेक्सिको	2.3	1.4	1.5	1.8	1.5	1.8

टिप्पणी: - उपलब्ध नहीं
जापान तथा ग्रीस के 2011 के आंकड़े सितंबर के हैं।
पुर्तगाल, अमरीका, भारत, मलेशिया तथा ब्राजील के 2012 के आंकड़े जून के हैं और मेक्सिको के आंकड़े मार्च के हैं।
स्रोत: अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के वित्तीय सुदृढ़ता संकेतकों से संकलित।

चार्ट II.3: चुनिंदा अर्थव्यवस्थाओं में सरकारी और बैंक सीडीएस स्प्रेड









टिप्पणी: सरकारी स्प्रेड 5-वर्षीय सीनियर सीडीएस के लिए है जबकि बैंकों का स्प्रेड 5-वर्षीय सीडीएस के लिए है।
स्रोत: सरकारी ऋण तथा वैश्विक बैंकों के सीडीएस स्प्रेड के लिए ब्लूमबर्ग और बैंकों के स्प्रेड के लिए थॉमसन रायटर्स, डेटास्ट्रीम।

बाजार अर्थव्यवस्थाओं के बैंकों में निधीयन की स्थिति अपेक्षाकृत अप्रभावित रही क्योंकि निधीयन के लिए थोक जमाराशियों पर उनकी निर्भरता सीमित थी।

संक्रमण बैंकों के स्टॉक तक फैला

2.11 बैंकों के स्टॉक, विशेष रूप से उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के बैंकों के स्टॉक में तेजी से गिरावट आई जो 2011 तथा 2012 के अधिकांश भाग में कुछ देशों के सरकारी ऋण को डाउनग्रेड किए जाने की बात को दर्शाती है (चार्ट II.4)। इसके अलावा कुछ बैंकों पर कथित रूप से धन-शोधन में लिप्त रहने तथा ट्रेडिंग हानियों संबंधी गंभीर आरोप सामने आने से वैश्विक बैंकिंग प्रणाली पर बाजार का विश्वास डगमगा गया। उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं में बैंकिंग स्टॅक में गिरावट आई जो यूरो क्षेत्र के सरकारी ऋण संकट के कारण उत्पन्न जोखिम विमुखता तथा कुछ उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति संबंधी चिंता को दर्शाती है। लिबॉर संबंधी हाल के विवाद ने विश्व का ध्यान इस बात की ओर आकर्षित किया है कि कुछ बड़ी वैश्विक वित्तीय संस्थाओं ने किस प्रकार कथित रूप से सर्वाधिक उपयोग की जाने वाली बाजार दरों में हेरफेर किया (बॉक्स II.1)।

अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग कारोबार में गिरावट

2.12 अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग कारोबार (रिपोर्टकर्ता बैंकों के स्थान के अनुसार) में 2011-12 के दौरान गिरावट देखी गई। यह स्थिति 2009-10 तथा 2010-11 के दौरान अंतरराष्ट्रीय कारोबार में हुई बहाली के विपरीत है (सारणी II.2)। देशों के बीच क्रेडिट के प्रवाह में जो कमी आई वह बैंकों द्वारा अपने पूंजी आधार को सुदृढ़ करने के प्रयासों के कारण थी। यह कमी मुख्य रूप से यूरो क्षेत्र के देशों के आपसी दावों में बहुत अधिक थी।

बैंकों की वित्तीय सुदृढ़ता

विभिन्न देशों के बीच पूंजी पर्याप्तता के स्तर में भिन्नता

2.13 कई देशों के बैंकों द्वारा अपनी पूंजी की स्थिति सुदृढ़ करने के गहन प्रयासों के परिणामस्वरूप पूंजी पर्याप्तता के स्तर सुधार आया। तथापि, कुछ यूरोपीय देशों तथा उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं में पूंजी पर्याप्तता के स्तर में गिरावट आई (सारणी II.3)।

लीवरेज में असमान गिरावट

2.14 विभिन्न देशों के लीवरेज अनुपात से, जिसे कुल आस्तियों की तुलना में कुल पूंजी (तथा रिज़र्व) के रूप में मापा जाता है, बैंकिंग क्षेत्र की डीलीवरेजिंग की असमान प्रवृत्ति स्पष्ट होती है (चार्ट II.5)।

आस्तियों की गुणवत्ता में सुधार

2.15 वैश्विक स्तर पर 2011 में संकटग्रस्त यूरो क्षेत्र के देशों को छोड़कर बैंकों की आस्तियों की गुणवत्ता में सुधार हुआ (चार्ट II.6)। उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं के अधिकांश देशों ने संकट के बाद के वर्षों में आस्तियों की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार दर्शाया।

चार्ट II.4: चुनिंदा अर्थव्यवस्थाओं/ अर्थव्यवस्था समूहों में बैंक स्टॉक सूचकांक





टिप्पणी: ईएमयू का तात्पर्य यूरोपियन मॉनेटरी यूनियन से है।
स्रोत: थॉम्सन रायटर्स, डेटास्ट्रीम।

बॉक्स II.1: लिबॉर दर के निर्धारण संबंधी मुद्दे एवं बैंकों के लिए इसका महत्त्व

हाल की लंदन अंतर-बैंक प्रस्ताव दर (लिबॉर) की हेराफेरी की घटना ने नाजुक वित्तीय बाजार में अनिश्चितता को और बढ़ा दिया है। इस घटना ने लिबॉर के परिकलन की पद्धति की कमियों को सामने ला दिया है। यह अत्यधिक प्रयोग की जानेवाली बाजार दर है और कुछ प्रमुख प्लेयरों ने इसमें हेराफेरी की।

लिबॉर एक बेंचमार्क है जिसका उपयोग लंदन अंतर-बैंक बाजार में गैर-जमानती उधार की लागत का पता लगाने के लिए बैंकों, प्रतिभूतियों में लेनदेन करने वाली संस्थाओं तथा निवेशकों द्वारा किया जाता है। 1980 के दशक में इसकी शुरुआत के बाद बेंचमार्क के रूप में इसका महत्त्व बढ़ गया है क्योंकि अधिकांश वित्तीय उत्पादों, जैसे- ब्याज दर स्वैप, कारपोरेट ऋण तथा आवासीय बंधकों के लिए यह संदर्भ दर के रूप में कार्य करती है। लिबॉर का प्रकाशन ब्रिटिश बैंकर्स एसोसिएशन द्वारा किया जाता है तथा इसकी गणना थॉम्सन रायटर्स द्वारा प्रतिदिन की जाती है। प्रमुख बैंक थॉम्सन रायटर्स को गैर-जमानती निधियाँ उधार लेने की अपनी लागत 15 बार के लिए 10 मुद्राओं में प्रस्तुत करते हैं। प्राप्त हुई दरों में से सबसे अधिक और सबसे कम दरों को छोड़ दिया जाता है तथा शेष दरों का औसत उस दिन की लिबॉर दर की गणना के लिए लिया जाता है।

चूंकि लिबॉर की गणना वास्तविक दरों से न करके 18 सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय बैंकों के अन्य बैंकों से उधार ले सकने की अनुमानित दर के आधार पर की जाती है, इसलिए बैंक लिबॉर बेंचमार्क को प्रभावित कर सकते हैं। बैंकों ने 2005 से 2008 के दौरान अपनी फर्मों की प्रस्तुतियां कम मात्रा में ऊपर अथवा नीची करके बेंचमार्क को प्रभावित करने का प्रयास किया ताकि उनकी ट्रेडिंग बहियों को लाभ मिल सके। बैंकों ने, विशेष रूप से 2008 से 2009 के दौरान के वित्तीय संकट की चरमावस्था में अपने वित्त की स्थिति बेहतर दिखाने के लिए अपनी प्रस्तुतियों में दरें कम दिखाईं।

इस घटना ने लिबॉर बेंचमार्क के निर्धारण में विनियामक सुधारों की आवश्यकता को सामने ला दिया है। यूके की सरकार ने वित्तीय सेवा प्राधिकरण से अनुरोध किया है कि वह अपने निदेशक मार्टिन ह्वेटले की अगुवाई में लिबॉर के निर्धारण के फ्रेमवर्क की समीक्षा करे। समिति को संदर्भित विषयों में ये शामिल हैं: (i) लिबॉर के निर्धारण तथा नियंत्रण के लिए वर्तमान फ्रेमवर्क में आवश्यक सुधार; (ii) लिबॉर की हेराफेरी से समुचित रूप से निपटने के लिए प्रतिबंधों की पर्याप्तता तथा परिसीमा; (iii) क्या लिबॉर की विफलता के विश्लेषण से अन्य वैश्विक बेंचमार्कों पर असर पड़ेगा। ह्वेटले समिति ने 10 अगस्त 2012 को सिफारिशों के साथ प्रारंभिक चर्चा-पत्र प्रस्तुत कर दिया है ताकि जनता से फीडबैक प्राप्त किया जा सके। जनता से प्राप्त फीडबैक के आधार पर समिति ने 28 सितंबर 2012 को अपनी अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत की। समिति ने लिबॉर संबंधी व्यापक सुधार के लिए दस-सूत्री योजना की सिफारिश की जिसे यूके की सरकार ने स्वीकार कर लिया है। प्रमुख सुधारों में ये शामिल हैं - (i) लिबॉर का प्रशासन तथा लिबॉर को प्रस्तुत की जाने वाली जानकारी वित्तीय सेवा तथा बाजार अधिनियम, 2000 (विनियमित कार्यकलाप) आदेश 2001 के अंतर्गत नियंत्रित कार्यकलापों में आ जाएगी (ii) बीबीए को लिबॉर का दायित्व एक नए प्रशासक को अंतरित कर देना चाहिए (iii) प्रस्तुतकर्ता बैंकों को लेनदेन के आंकड़ों का प्रकट रूप में तथा स्पष्ट उपयोग करना चाहिए ताकि इनका मिलान उनकी प्रस्तुतियों से किया जा सके (iv) यथा समय बीबीए तथा नए प्रशासक द्वारा उन मुद्राओं तथा अवधियों के लिए लिबॉर के संकलन तथा प्रकाशन को बंद कर दिया जाना चाहिए जिनके ट्रेड के आंकड़े अपर्याप्त हों। इसके फलस्वरूप प्रकाशित दरों की संख्या 150 से घटकर 20 रह जाएगी।

इस विवाद ने वैश्विक वित्तीय प्रणाली में और अनिश्चितता पैदा कर दी है तथा प्रमुख बेंचमार्क दरों के साथ-साथ बैंकिंग प्रणाली पर बाजार के विश्वास को कम कर दिया है। लिबॉर की हेराफेरी की घटना के बाद कथित रूप से इसमें शामिल कुछ बैंकों के शेयर गिर गये हैं। इस घटना में शामिल बैंकिंग संस्थाओं पर भारी जुर्माना एवं दण्ड लगाए जा सकते हैं क्योंकि इन कंपनियों के विरुद्ध काफी संख्या में मुकदमे दायर किए जा चुके हैं। इससे तुलन-पत्रों को सुदृढ़ करने का बैंकों का प्रयास बाधित हो सकता है।

इस घटना ने इस बात पर व्यापक बहस की शुरुआत कर दी है कि किस प्रकार अन्य बेंचमार्क दरों एवं सूचकांको का परिकलन किया जाता है। कुछ बेंचमार्क पहले ही जाँच के दायरे में हैं। प्रतिभूति कमीशनों का अंतरराष्ट्रीय संगठन तेल की हाजिर कीमतों की जांच कर रहा है जबकि यूरोपीय कमीशन यूरो अंतर-बैंक प्रस्ताव दर (यूरीबोर) जैसे अन्य वित्तीय बेंचमार्कों की जांच कर रहा है।

संदर्भ:

बीबीए की वेबसाइट <www.bbalibor.com>

यूके सरकार (2012), ह्वेटले रिव्यू ऑफ लिबॉर : इनिशियल डिस्कशन पेपर, लंदन, अगस्त।

यूके सरकार (2012), ह्वेटले रिव्यू ऑफ लिबॉर : फाइनल रिपोर्ट, सितंबर।

वैलेस पी (2012) ट्रेडिंग लिबॉर - हाउ डू यू सॉल्व ए प्राब्लम लाइक लिबॉर? , दि बैंकर।

सारणी II.2: बैंकों की अंतरराष्ट्रीय आस्तियों और देयताओं में वृद्धि

(प्रतिशत)

मद	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12
कुल आस्तियां	**-17.5**	**0.2**	**5.8**	**-1.9**
1. बाह्य आस्तियां	-17.5	0.1	5.7	-2.3
ऋण और जमाराशियां	-19.0	-1.0	6.9	-2.3
धारित प्रतिभूतियां और अन्य आस्तियां	-13.2	3.0	2.4	-2.4
2. विदेशी मुद्राओं में स्थानीय आस्तियां	-17.5	0.7	6.9	1.6
कुल देयताएं	**-18.0**	**-0.7**	**7.4**	**-0.9**
1. बाह्य देयताएं	-18.6	0.2	6.8	-1.4
ऋण तथा जमाराशियां	-21.2	-1.3	5.9	-2.1
प्रतिभूतियों के स्वयं के निर्गम और अन्य देयताएं	-2.0	7.4	11.0	1.7
2. विदेशी मुद्रा में स्थानीय देयताएं	-14.4	-6.1	11.8	2.2

स्रोत: अंतरराष्ट्रीय निपटान बैंक, स्थानिक बैंकिंग सांख्यिकी से संकलित

3. चुनिंदा क्षेत्रों और देशों में बैंकिंग की प्रवृत्ति

अमरीकी बैंकिंग प्रणाली - तुलन-पत्र को सुधारने तथा पूंजी बढ़ाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति

2.16 अमरीकी बैंकिंग प्रणाली ने हाल के वित्तीय संकट के बाद अपने तुलन-पत्रों को ठीक करने एवं पूंजी बढ़ाने की दिशा में बहुत प्रगति की। अमरीका के बड़े बैंकों ने अल्पावधि की थोक निधीयन पर अपनी निर्भरता कम की। बैंकों ने चार्ज-ऑफ, राइट-डाउन तथा आस्तियों का निपटान करके एवं टियर-1 पूंजी बढ़ाकर दूषित आस्तियों को कम किया। साथ ही, बैंकों की इक्विटी पूंजी तथा इक्विटी आस्ति अनुपात में सुधार देखा गया (चार्ट II.7)।

चार्ट II.5: चुनिंदा अर्थव्यवस्थाओं की बैंकिंग प्रणाली में लीवरेज





टिप्पणी: जापान तथा ग्रीस के 2011 के आंकड़े सितंबर 2011 के हैं, फ्रांस के 2007 के आंकड़े उपलब्ध नहीं है।
स्रोत: अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के वित्तीय सुदृढ़ता संकेतकों से संकलित।

सारणी II.3: चुनिंदा देशों के बैंकों का जोखिम भारित आस्तियों की तुलना में पूंजी अनुपात

प्रतिशत

देश	2007	2008	2009	2010	2011	2012
उन्नत अर्थव्यवस्थाएं						
फ्रांस	-	10.5	12.4	12.7	12.3	-
जर्मनी	12.9	13.6	14.8	16.1	16.4	17.0
ग्रीस	11.2	9.4	11.7	12.2	10.1	-
इटली	10.1	10.4	11.7	12.1	12.7	-
जापान	13.3	12.3	12.4	13.3	14.2	-
पुर्तगाल	10.5	9.4	10.5	10.3	9.8	12.3
स्पेन	11.4	11.3	12.2	11.9	12.4	-
यूनाइटेड किंगडम	12.6	12.9	14.8	15.9	15.7	-
अमरीका	12.8	12.8	14.3	15.3	15.3	15.3
उभरती तथा विकासशील अर्थव्यवस्थाएं						
रूस	15.5	16.8	20.9	18.1	14.7	14.6
चीन	8.4	12.0	11.4	12.2	12.7	12.9
भारत	12.3	13.0	13.2	13.6	14.2	13.6
मलेशिया	14.8	16.1	18.2	17.5	17.7	17.2
ब्राजील	18.8	18.3	19.0	17.7	17.3	17.2
मेक्सिको	15.9	15.3	16.5	16.9	15.7	15.7

टिप्पणी: - उपलब्ध नहीं
जापान तथा ग्रीस के 2011 के आंकड़े सितंबर के हैं।
जर्मनी, पुर्तगाल, अमरीका, चीन, भारत, मलेशिया तथा ब्राजील के 2012 के आंकड़े जून के हैं और मेक्सिको और रूस के आंकड़े मार्च के हैं।
स्रोत: अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के वित्तीय सुदृढ़ता संकेतकों से संकलित।

अमरीकी बैंकों के दबाव परीक्षण में बेहतर सुदृढ़ता के लक्षण

2.17 व्यापक पूंजी विश्लेषण तथा समीक्षा के अंतर्गत मार्च 2012 में किया गया दबाव परीक्षण दर्शाता है कि अधिकांश 19 बैंकिंग फर्मों के पास आर्थिक तथा वित्तीय दबाव झेलने के लिए पर्याप्त पूंजी है और उसके बाद भी ऋण देने की उनकी क्षमता बनी रहेगी।

अमरीकी बैंकों के क्रेडिट की गुणवत्ता में सुधार

2.18 औद्योगिक क्षेत्र को दिए गए क्रेडिट में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, परंतु स्थावर संपदा तथा व्यक्तिगत ऋणों में वृद्धि कम रही। ऋण पोर्टफोलियो की समग्र चूक दरों में गिरावट आई परंतु आस्ति गुणवत्ता की दृष्टि से विभिन्न क्षेत्रों में जो अंतर है वह चिंता का विषय बना हुआ है (चार्ट II.8)।

चार्ट II.6: चुनिंदा अर्थव्यवस्थाओं में आस्तियों की गुणवत्ता





टिप्पणी: जापान के 2011 के आंकड़े सितंबर 2011 के हैं।
स्रोत: अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के वित्तीय सुदृढ़ता संकेतकों से संकलित।

चार्ट II.7: अमरीकी बैंकिंग प्रणाली की प्रगति



स्रोत: ब्लूमबर्ग तथा फेडरल डिपॉजिट कार्पोरेशन के डेटाबेस

यूरो क्षेत्र की बैंकिंग प्रणाली - जोखिम उच्च स्तर पर बना हुआ है

2.19 यूरो क्षेत्र के वर्तमान ऋण संकट ने बैंकों तथा सरकारी ऋणों के बीच के दुश्चक्र को रेखांकित किया है (बॉक्स II. 2)। उनकी बढ़ती अंतर-संबद्धता ने यूरोपीय यूनियन के बैंकिंग क्षेत्र के बाजार को लंबे समय तक तहस-नहस कर दिया जिसके चलते निधियों की लागत एवं उपलब्धता पर प्रतिकूल असर पड़ा।

यूरो क्षेत्र संकट के दौरान की जोखिम विमुखता ने अंतर-बैंक बाजार को अचल बना दिया

2.20 यूरो क्षेत्र के बैंक ग्राहकों की जमाराशियों के बजाय थोक निधियों पर अधिक निर्भर रहते हैं। इन बैंकों का कुल देयताओं की तुलना में आवासीय जमाराशियों का अनुपात लगभग 51 प्रतिशत था (चार्ट II.9)। हाल के यूरो क्षेत्र के सरकारी ऋण संकट के दौरान निधीयन की ऐसी व्यवस्था ने यूरोपीय यूनियन के बैंकों को अधिक

चार्ट II.8: अमरीकी बैंकों का क्षेत्रवार ऋण तथा चूक



स्रोत: एफडीआईसी डेटाबेस, फ्रेड इकॉनॉमिक डेटा, सेंट लुइस फेड के आंकड़ों के आधार पर परिकलित।

बॉक्स II.2 यूरो क्षेत्र का संकट तथा सरकारी ऋण तथा बैंक का आपसी संबंध : सरकारी ऋण की रेटिंग को कम किया जाना तथा वैश्विक बैंकिंग प्रणाली के लिए इसका महत्त्व

हाल का वैश्विक वित्तीय संकट और यूरो क्षेत्र के ऋण संकट का गहराना बैंक और सरकारी ऋण संबंधी जोखिम की अंतर-संबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं। विविध अनुसंधानमूलक अध्ययनों से राजकोषीय और वित्तीय संकट के बीच के संबंध का पता चलता है। राजकोषीय और वित्तीय उथल-पुथल के दौरान अंतरण के माध्यमों की चर्चा करते हुए रैनहार्ट और रोगोफ (2011) ने चार प्रकार के विशिष्ट तथ्यों का एक सेट प्रस्तुत किया। पहला, बैंकिंग संकट के पहले निजी और सरकारी ऋणों में तीव्र वृद्धि होती है। दूसरा, आम तौर पर बैंकिंग संकट, चाहे वह देश में पैदा हुआ हो या विदेश से आया हो, के साथ-साथ या बाद में सरकारी ऋण संकट होता है। तीसरा, सरकारी ऋण संकट से पहले सार्वजनिक उधार में वृद्धि होती है। इसके अतिरिक्त, ऐसा भी होता है कि सरकार का अतिरिक्त ''छुपा हुआ ऋण'' (घरेलू सरकारी ऋण तथा आकस्मिक निजी ऋण) भी होता है। चौथा, सरकारी ऋण तथा बैंकिंग संकट - दोनों से पहले ऋण की संरचना अल्पावधि की ओर झुक जाती है। इसके अतिरिक्त, यदि वित्तीय संकट से मुद्रा संबंधी संकट की शुरुआत होती है तो विदेशी मुद्रा में लिए गए ऋण की चुकौती की सरकार की क्षमता बाधित होती है जिससे चूक की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

हाल के वैश्विक वित्तीय संकट के दौरान संबंधित देशों द्वारा बैंकों का बचाव किए जाने से ऋण संबंधी जोखिम वित्तीय क्षेत्र से राष्ट्रीय सरकार में अंतरित हो गया तथा इससे सरकारी ऋण संबंधी जोखिम में बढ़ोतरी हुई (आचार्य तथा अन्य 2010)। परंतु ऐतिहासिक दृष्टि से संकट का अंतरण सामान्यतः सरकार से बैंकों की ओर होता है जिसमें सरकारी ऋण की चुकौती में हुई चूक से बैंक-संकट की शुरुआत होती है (केप्रियो एंड होनाहैन 2008)। जीडीपी की तुलना में ऋण के उच्चतर अनुपात सहित कमजोर आर्थिक वृद्धि के चलते यूरो क्षेत्र के देशों-ग्रीस, आयरलैंड, इटली, पुर्तगाल तथा स्पेन (जीआईआईपीएस)- की सरकारी ऋण की रेटिंग को बारंबार कम किया गया (चार्ट I)। सरकारी ऋण के जोखिम के बढ़ने से बैंक भी प्रभावित हो गये क्योंकि सरकारी बांडों के वे प्रमुख धारक थे।

ऐसे कई माध्यम हैं जिनसे सरकारी ऋण संबंधी जोखिम में बढ़ोतरी होने से बैंकों की निधीयन की लागत में बढ़ोतरी होती है: (i) सरकारी ऋण की धारिता पर होने वाली हानि से बैंकों के तुलन-पत्र प्रभावित होते हैं, उनकी जोखिम प्रवणता में बढ़ोतरी होती है तथा निधि का मिलना कठिन हो जाता है एवं उसकी लागत अधिक हो जाती है; (ii) सरकारी ऋण का जोखिम उच्चतर रहने से संपार्श्विक के मूल्य में कमी आती है जबकि बैंक इन संपार्श्विकों का उपयोग थोक निधीयन के लिए एवं केंद्रीय बैंक से चलनिधि प्राप्त करने के लिए कर सकते हैं; (iii) सरकारी ऋण को डाउनग्रेड किए जाने से घरेलू बैंकों की रेटिंग भी कम हो जाती है, जिससे उनके थोक निधीयन की लागत में बढ़ोतरी होती है एवं बाजार में जाने की उनकी क्षमता बाधित होती है; तथा (iv) सरकारी ऋण के स्तर में कमी आने पर बैंकों के निधीयन संबंधी उन लाभों में कमी आती है जिनसे वे प्रत्यक्ष तथा परोक्ष सरकारी गारंटी प्राप्त करते हैं (सीजीएफएस-बीआईएस 2011)।

चार्ट 1: एसएंडपी द्वारा यूरो क्षेत्र के सरकारी ऋण की रेटिंग



स्रोत: ब्लूमबर्ग से संकलित

सरकार की माली हालत एवं उनके बैंक के बीच का आपसी संबंध यूरो क्षेत्र के जीआईआईपीएस देशों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है क्योंकि सीडीएस स्प्रेड के रूप में मापा जाने वाला सरकारी तथा बैंक जोखिम (संबंधित देश का सबसे बड़ा बैंक) संकट के दौरान एक ही दिशा में चलता है (चार्ट 2)।

चार्ट 2: बैंक और सरकारी ऋण का जोखिम



स्रोत: ब्लूमबर्ग

(जारी...)

(समाप्त....)

ग्रीस की राजनीतिक स्थिति एवं स्पेन की बैंकिंग प्रणाली द्वारा अनुभव की जा रही कठिनाइयों से जुड़े घटनाक्रमों से सरकारी ऋण तथा बैंकिंग संबंधी दबाव में वृद्धि हुई क्योंकि यूरो क्षेत्र में संकट के प्रबंधन के स्तर को सुधारने की दिशा में सरकारों के बीच समन्वय की कमी से निवेशक चिंतित थे।

संदर्भ:

आचार्य, विराल वी., ड्रिचेसलर, आई ऐंड स्वोनबल (2011), ''ए पायरिक विक्टरी? बैंक बेल आउट ऐंड सोवरेन क्रेडिट रिस्क'', एनबीईआर वर्किंग पेपर्स 17136, नेशनल ब्यूरो ऑफ इकॉनोमिक रिसर्च।

बार्थ, जेम्स आर., अपनार्ड प्रभा ऐंड ग्रेग यून (2012), ''दि यूरोज़ोन फिनांसियल क्राइसिसः रोल ऑफ इंटरडिपेंडेन्सीज़ बिट्वीन बैंक ऐंड सोवरेन रिस्क'', जर्नल ऑफ फिनांसियल इकॉनोमिक पालिसी, खंड 4

कैप्रिओ, गेरार्ड एंड पैट्रिक होनाहन (2008): ''बैंकिंग क्राइसिस'', सेंटर फॉर डेवलपमेंट इकॉनोमिक्स, विल्यम्स्य कॉलेज।

सीजीएफएस-बीआईएस (2011), ''दि इंपैक्ट ऑफ सोवरेन क्रेडिट रिस्क ऑन बैंक फंडिंग कंडीशन्स'' सीजीएफएस पेपर्स नं. 43, बैंक फॉर इंटरनैशनल सेटलमेंट्स।

रोगोफ, केनीथ एस. ऐंड कार्मेन एम. रैनहार्ट (2011), ''ए डिकेड ऑफ डेट'' एनबीईआर वर्किंग पेपर्स 16827, नैशनल ब्यूरो ऑफ इकॉनोमिक रिसर्च।

नाजुक बना दिया क्योंकि इसके चलते उनकी निधीयन की लागत अवहनीय स्तर तक बढ़ गई। इसमें यूरोपीय बैंकों के लिए थोक निधीयन बाजार अचल हो गया। ग्रीस, इटली तथा स्पेन जैसे देशों में अनिवासियों की जमाराशि सहित ग्राहकों की जमाराशियों में गिरावट आई। यूरिबोर-ओआईएस स्प्रेड में, जो गैर-जमानती अंतर बैंक बाजारों में प्रतिपक्षी जोखिम का एक संकेतक है, 2011 की दूसरी छमाही में तेजी से वृद्धि हुई, परंतु बाद की अवधि में इसमें गिरावट आई (चार्ट II.9)।

2.21 यूरोपीय बैंकों के निधीयन संबंधी दबाव को कम करने के लिए यूरोपियन सेंट्रल बैंक ने 21 दिसंबर 2011 तथा 29 फरवरी 2012 को दीर्घावधि पुनर्वित्त परिचालन (एलटीआरओ) किया जिसकी राशि 1 ट्रिलियन यूरो से भी अधिक थी। इसने यूरोपीय बैंकों के निधीयन संबंधी दबावों का अस्थायी तौर पर समाधान किया और वित्तीय दबाव को कम किया। परंतु यूरोपीय बैंकों ने एलटीआरओ निधियों का उपयोग निजी क्षेत्र को कर्ज देने में न करके तुलन-पत्रों को बचाने में किया (चार्ट II.10)। एलटीआरओ निधि का अधिकांश हिस्सा यूरोपीय केंद्रीय बैंक में ही जमा कर दिया गया।

पूंजी बढ़ाने के प्रयास जारी हैं, परंतु चिंताएं बनी हुई हैं

2.22 संकट के गहराने के साथ आस्ति की गुणवत्ता, पूंजी बफर के आकार तथा भविष्य की ऋण हानियों से निपटने की बैंकों की क्षमता के प्रति बाजार अधिक चिंतित हुआ। इन चिंताओं को दूर करने के लिए यूरोपियन बैंकिंग अथॉरिटी ने बैंकों की पूंजी की जरूरत का आकलन करने के लिए नवंबर 2011 में 71 बैंकों का यूरोपीय यूनियन-व्यापी दबाव परीक्षण तथा पूंजी संबंधी परीक्षण किया एवं बैंकों को सूचित किया कि वे अस्थायी पूंजी बफर का निर्माण करें ताकि 30 जून 2012 तक 9 प्रतिशत का कोर टियर-1 अनुपात प्राप्त किया जा सके। यूरोपियन बैंकिंग अथॉरिटी ने पाया कि यूरोप के 27 बैंकों को 9 प्रतिशत का टियर-1 अनुपात पूरा करने के लिए 76 बिलियन यूरो

चार्ट II.9: यूरोपीय बैंकों के निधीयन का ढांचा तथा अंतर-बैंक बाजार





स्रोत: ब्लूमबर्ग

चार्ट II.10: यूरो क्षेत्र में एलटीआरओ तथा निजी क्षेत्र को ऋण





स्रोत: ब्लूमबर्ग तथा यूरोपियन सेंट्रल बैंक

की कुल पूंजी जुटानी होगी। यूरोपियन बैंकिंग अथॉरिटी द्वारा 03 अक्तूबर 2012 को जारी अंतिम रिपोर्ट दर्शाती है कि 27 बैंकों ने जून 2012 तक 116 बिलियन यूरो जोड़कर अपनी पूंजी की स्थिति सुदृढ़ की। इसका परिणाम सकारात्मक होने पर भी चिंताएं बनी हुई हैं क्योंकि सर्वेक्षण में शामिल कुछ बैंकों, विशेष रूप से ग्रीस और स्पेन के बैंकों को बेलआउट की जरूरत थी।

यूरोपीय बैंक जीआईआईपीएस देशों के प्रति एक्सपोज़र की डीलीवरेजिंग कर रहे हैं

2.23 यूरोपीय बैंक यूरो क्षेत्र के प्रभावित देशों, विशेष रूप से ग्रीस के प्रति अपना एक्सपोज़र कम कर रहे हैं। बीआईएस के आंकड़े दर्शाते हैं कि राइट-डाउन तथा आस्तियों की बिक्री के बाद ग्रीस के सार्वजनिक क्षेत्र के ऋण के संबंध में उनका कुल एक्सपोज़र तिमाही-दर-तिमाही आधार पर मार्च 2012 के अंत में 70 प्रतिशत से भी अधिक कम हो गया (चार्ट II.11)।

यूके की बैंकिंग प्रणाली- यूरो क्षेत्र संकट का संक्रमण

2.24 यूरो क्षेत्र के संकट ने यूके की वित्तीय प्रणाली को प्रभावित किया तथा इसके चलते यूके की अर्थव्यवस्था की संभावना में उल्लेखनीय गिरावट आई। यद्यपि यूके के बैंकों ने हानि से बचाव के लिए पूंजी के रूप में काफी बफर बना लिया था, फिर भी वे बाजार की अनिश्चितता में हुई सामान्य बढ़ोतरी तथा यूरो क्षेत्र की समस्याओं से जुड़ी व्यापक जोखिम विमुखता से प्रभावित हुए। इसके परिणामस्वरूप बैंकों की निधीयन लागत में तेजी से वृद्धि हुई जिससे यूके की पारिवारिक इकाइयों तथा कॉर्पोरेट उधारकर्ताओं के लिए ब्याज दरें बढ़ गईं तथा ऋण की उपलब्धता में कमी आई। प्राधिकारियों द्वारा नीतिगत कार्रवाइयों के बावजूद बैंकिंग प्रणाली से मिलने वाले कर्ज का प्रवाह बाधित हुआ जबकि पारिवारिक इकाइयां तथा कई कारोबार इस पर नितांत निर्भर रहते हैं। हाल के आंकड़े दर्शाते हैं कि यूके के कारोबारियों को दिए गए कर्ज में कमी आई है (चार्ट II.12)।

चीन की बैंकिंग प्रणाली में वृद्धि जारी

2.25 25 चीन की बैंकिंग प्रणाली की वृद्धि 2011 में आस्तियों की तुलना में पूंजी के उच्चतर अनुपात एवं केवल लगभग 1 प्रतिशत के अनर्जक ऋण (एनपीएल) के साथ जारी रही (चार्ट II.13)। तथापि चीन की अर्थव्यवस्था में गिरावट आने तथा उसके प्रॉपर्टी बाजारों में

चार्ट II.11: यूरोपीय बैंकों का ग्रीस के प्रति एक्सपोज़र



टिप्पणी: कुल दावों में यूरोपीय बैंकों का निजी, सरकारी तथा बैंकिंग क्षेत्र के प्रति एक्सपोजर शामिल हैं तथा अन्य संभावित एक्सपोजर में गारंटियां, ऋण प्रतिबद्धताएं तथा डेरिवेटिव शामिल हैं।
स्रोत: ब्लूमबर्ग

चार्ट II.12: यूके के बैंकों द्वारा कंपनियों को दिए गए कुल ऋण



स्रोत: बैंक ऑफ इंग्लैंड

चार्ट II.13: चीन के बैंकिंग के संकेतक



स्रोत: ब्लूमबर्ग

भारी एक्सपोज़र के चलते उसके बैंकिंग उद्योग की वृद्धि को बनाए रखना कठिन कार्य होगा।

4. शीर्ष 100 वैश्विक बैंकों के निष्पादन का विश्लेषण

वैश्विक बैंकिंग में उभरती अर्थव्यवस्थाओं के हिस्से में वृद्धि जारी

2.26 बैंकर डेटाबेस द्वारा किए गए शीर्ष 100 वैश्विक बैंकों का विश्लेषण दर्शाता है कि 2011 में वैश्विक बैंकिंग कारोबार में उन्नत अर्थव्यवस्थाओं से उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं की ओर थोड़ी उन्मुख होने की प्रवृत्तित्ति बढ़ रही है जैसा कि शीर्ष 100 वैश्विक बैंकों की संख्या एवं आस्तियों की संरचना - दोनों से स्पष्ट होता है (चार्ट II.14)। यह बदलाव उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं में कर्ज में निरंतर वृद्धि एवं उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में कर्ज की वृद्धि दर में आई गिरावट को दर्शाता है। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में 2010 से 2011 के बीच आस्तियों के हिस्से में जो गिरावट आई वह मुख्यतः अमरीकी और यूरोपीय बैंकों में केंद्रित थी (चार्ट II.15)। उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं के बीच चीन के बैंकों ने शीर्ष 100 बैंकों की रेटिंग में उल्लेखनीय सुधार दिखाया जिससे चीन के 4 बैंकों को टियर 1 पूंजी आधार पर शीर्ष 10 बैंकों में पहली बार स्थान प्राप्त हुआ।

चार्ट II.14: वैश्विक बैंकिंग सांख्यिकी का स्थान



स्रोत: बैंकर डेटाबेस का उपयोग करके परिकलित

चार्ट II.15: शीर्ष 100 वैश्विक बैंकों की कुल आस्तियों में देशों का हिस्सा



स्रोत: बैंकर डेटाबेस का उपयोग करके परिकलित

चार्ट II.16: आस्तियों पर प्रतिलाभ के आधार पर शीर्ष 100 वैश्विक बैंकों का प्रतिशत वितरण



स्रोत: बैंकर डेटाबेस का उपयोग करके परिकलित

वैश्विक बैंकों की लाभप्रदता का स्तर कम रहा

2.27 शीर्ष 100 बैंकों के लाभ में 2011 के दौरान गिरावट आई जबकि इन बैंकों ने वित्तीय संकट के बाद लाभ की स्थिति में सुधार किया था। इन बैंकों का सकल लाभ 2010 के 709 बिलियन अमरीकी डॉलर से मामूली घटकर 2011 में 702 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया। इसके अलावा, 2011 में हानि उठाने वाले बैंकों (आस्तियों पर ऋणात्मक प्रतिलाभ (आरओए) दर्ज करने वाले) का प्रतिशत भी 2010 के 5 से बढ़कर 10 हो गया (चार्ट II.16)।

वैश्विक बैंकों ने पूंजी पर्याप्तता की अपनी स्थिति मजबूत की

2.28 शीर्ष 100 बैंकों की पूंजी पर्याप्तता स्थिति से स्पष्ट होता है कि पूंजी पर्याप्तता अनुपात की दृष्टि से उच्चतर श्रेणी अर्थात् 13 से 17 प्रतिशत वाले बैंकों की संख्या में वृद्धि हुई जो बैंकों की पूंजी सुदृढ़ करने के वैश्विक प्रयास को दर्शाता है। परंतु 17 प्रतिशत से अधिक के सीआरएआर के दायरे में आनेवाले बैंकों की संख्या में गिरावट आई (चार्ट II.17)। शीर्ष सभी 100 बैंकों (एक को छोड़कर जिसके आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं) की स्थिति दर्शाती है कि उनकी पूंजी पर्याप्तता का स्तर बीसीबीएस द्वारा बासेल II के अंतर्गत निर्धारित 8 प्रतिशत के सीआरएआर से अधिक है।

वैश्विक बैंकों की डीलीवरेजिंग में कुछ प्रगति हुई

2.29 वैश्विक बैंकों को डीलीवरेज करने के लिए दबाव के बीच, विशेष रूप से वैश्विक वित्तीय संकट के बाद, बैंकों ने अपने लीवरेज को कम करने में कुछ प्रगति की है (चार्ट II.18)। 2011 के अंत में 4 प्रतिशत से कम तथा 4-6 प्रतिशत के बीच आस्तियों

चार्ट II.17: सीआरएआर के आधार पर शीर्ष 100 वैश्विक बैंकों का प्रतिशत वितरण



टिप्पणी: शीर्ष 100 के कुछ बैंकों के आंकड़े उपलब्ध न होने के कारण संभव है कि प्रतिशत का जोड़ 100 न हो।

स्रोत: बैंकर डेटाबेस का उपयोग करके परिकलित

चार्ट II.18: आस्तियों की तुलना में पूंजी अनुपात (सीआर) के आधार पर शीर्ष 100 वैश्विक बैंकों का प्रतिशत वितरण



स्रोत: बैंकर डेटाबेस का उपयोग करके परिकलित

चार्ट II.19: अनर्जक ऋण अनुपात के आधार पर शीर्ष वैश्विक बैंकों का प्रतिशत वितरण



टिप्पणी: शीर्ष 100 के कुछ बैंकों के आंकड़े उपलब्ध न होने के कारण संभव है कि प्रतिशत का जोड़ 100 न हो।
स्रोत: बैंकर डेटाबेस का उपयोग करके परिकलित

की तुलना में पूंजी अनुपात, जोकि वित्तीय लीवरेज का एक माप है, के साथ अत्यधिक लीवरेज वाले बैंकों की संख्या में कमी आई जबकि 6-8 प्रतिशत के दायरे वाले बैंकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई।

वैश्विक बैंकों की आस्ति गुणवत्ता में सुधार

2.30 अनिश्चित वैश्विक वित्तीय माहौल के बीच वैश्विक बैंकों ने अपनी आस्तियों की गुणवत्ता में सुधार दर्शाया। 5 प्रतिशत से कम के अनर्जक ऋण अनुपात वाले बैंकों की संख्या 16 से घटकर 6 रह गई है (चार्ट II.19)। इसके अतिरिक्त कम अनर्जक आस्ति अनुपात अर्थात् 0-1 प्रतिशत वाले बैंकों की संख्या में वृद्धि हुई।

2.31 तीन संकेतकों अर्थात् सीआरएआर, लीवरेज और एनपीए अनुपात शामिल करके तैयार किए गए स्कैटर प्लॉट से स्पष्ट होता है कि वर्ष 2010 तथा 2011 के बीच बैंक जहां अपने सीआरएआर बढ़ाने में लगे थे वहीं बैंकों के लीवरेज तथा एनपीए अनुपातों में मामूली सुधार दिखाई दिया (चार्ट II.20)।

चार्ट II.20: शीर्ष वैश्विक बैंकों के सुदृढ़ता संकेतकों में परिवर्तन



टिप्पणी: शीर्ष 20 बैंक 2011 की सूची के अनुसार हैं। सेक्टर प्लॉट के लिए इन्हीं बैंकों को लिया गया है।
स्रोत: बैंकर डेटाबेस का उपयोग करके परिकलित

5. वैश्विक नीतिगत सुधार

बासेल नियमों के कार्यान्वयन में प्रगति

2.32 बैंकिंग पर्यवेक्षण के बासेल नियम अर्थात् बासेल II, बासेल II.5 तथा बासेल III का लक्ष्य वैश्विक बैंकिंग क्षेत्र की आंतरिक शक्ति को सुदृढ़ करना है। इन नियमों का विभिन्न देशों में समय पर तथा समान रूप से कार्यान्वयन जरूरी है ताकि वैश्विक बैंकिंग प्रणाली की सुदृढ़ता सुनिश्चित की जा सके। बैंकिंग पर्यवेक्षण संबंधी बासेल समिति अपने सदस्य देशों के बीच बासेल नियमों के कार्यान्वयन का एक मूल्यांकन कर रहा है। बीसीबीएस की अक्तूबर 2012 की बासेल III के कार्यान्वयन संबंधी प्रगति रिपोर्ट दर्शाती है कि अनेक सदस्य देशों द्वारा अभी भी दिशा-निर्देश जारी किए जाने बाकी हैं तथा जिन देशों ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं उनमें इस बात की संभावना है कि उनके देश का मानदंड वैश्विक स्तर पर सहमत मानदंडों से कमजोर हो। जी-20 के कुछ देशों, जैसे भारत, जापान, चीन तथा सउदी अरब ने 2013 की शुरुआत से बासेल III के कार्यान्वयन के लिए अंतिम नियमों की घोषणा पहले ही कर दी है, परंतु अधिकांश देश प्रारूपण तथा विचार-विमर्श के स्तर पर हैं। बासेल III के संबंधी विधान का प्रारूप प्रकाशित हो जाने के बाद अमरीका तथा यूरोपीय यूनियन अंतिम नियम के करीब पहुंच गये हैं।

प्रणालीगत दृष्टि से महत्त्वपूर्ण वित्तीय संस्थाओं से संबंधित सुधार

2.33 बैंकिंग पर्यवेक्षण संबंधी बासेल समिति ने नवंबर 2011 में वैश्विक प्रणालीगत महत्त्व के आकलन एवं बड़ी संस्थाओं, अर्थात् वैश्विक स्तर पर प्रणालीगत दृष्टि से महत्त्वपूर्ण बैंकों, की अतिरिक्त हानि सहने की क्षमता को मात्रात्मक रूप देने के लिए अंतिम नियम जारी किए। इसका तर्काधार इन संस्थाओं द्वारा वैश्विक वित्तीय क्षेत्र को हो सकने वाले जोखिमों को रोकना था तथा इसमें वैश्विक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण बैंकों की पहचान करना एवं प्रणालीगत महत्त्व में बढ़ोतरी होने पर सामान्य इक्विटी द्वारा अतिरिक्त हानि सहने की पूंजी अपेक्षा को पूरा करना था। वैश्विक स्तर पर महत्त्वपूर्ण बैंकों की प्रारंभिक सूची प्रकाशित की जा चुकी है जिसे वार्षिक आधार पर संशोधित किया जाएगा एवं इसकी प्रक्रिया की समय-समय पर समीक्षा की जाएगी। वैश्विक स्तर पर प्रणालीगत दृष्टि से महत्त्वपूर्ण बैंकों के संशोधित मानकों का कार्यान्वयन 2016 से चरणबद्ध रूप में किया जाएगा।

प्रणालीगत दृष्टि से महत्त्वपूर्ण घरेलू बैंकों के लिए ढांचा

2.34 जी-20 देशों के नेताओं ने बीसीबीएस एवं वित्तीय स्थिरता बोर्ड से अनुरोध किया कि वे प्रणालीगत दृष्टि से महत्त्वपूर्ण घरेलू बैंकों के लिए जोखिम कम करने का एक समुचित ढांचा विकसित करें। तदनुसार, बीसीबीएस ने जून 2012 में एक परामर्शी दस्तावेज तैयार किया जिसमें प्रणालीगत दृष्टि से महत्त्वपूर्ण घरेलू बैंकों के संबंध में ढांचा दिया गया था। डी-एसआईबी का ढांचा जी-एसआईबी ढांचे का अनुपूरक होगा और घरेलू प्रणालीगत रूप से महत्त्वपूर्ण बैंकों की विफलता का आसार घरेलू अर्थव्यवस्था तक सीमित रहेगा। जी-एसआईबी ढांचे के विपरीत डी-एसआईबी ढांचा नीति संबंधी उपायों के मूल्यांकन एवं उपयोग हेतु घरेलू वित्तीय प्रणाली की ढांचागत विशेषताओं के अनुरूप ढालने में राष्ट्रीय स्तर पर निर्णय लेने की काफी छूट देता है। इन सिद्धांतों में यह अपेक्षा है कि राष्ट्रीय प्राधिकारी घरेलू वित्तीय प्रणाली को ध्यान में रखते हुए प्रणालीगत जोखिम का आकलन करे, और जोखिमों का आकलन बैंक विशिष्ट कारकों-जैसे आकार, अंतर-संबद्धता, वैकल्पिक/वित्तीय संस्थागत ढांचा तथा जटिलता-को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए। बीसीबीएस ने विचार विमर्श की प्रक्रिया के आधार पर प्रणालीगत रूप से महत्त्वपूर्ण घरेलू बैंकों के विनियमन के लिए अक्तूबर 2012 में अंतिम ढांचे का प्रकाशन किया।

शैडो बैंकिंग प्रणाली की निगरानी और विनियमन

2.35 वित्तीय स्थिरता बोर्ड ने अप्रैल 2012 में शैडो बैंकिंग प्रणाली को ''संस्थाओं के बीच कर्ज संबंधी मध्यस्थन तथा कार्यकलाप जो नियमित बैंकिंग प्रणाली के बाहर किये गये हों'' के रूप में परिभाषित किया है।

2.36 कैन्स में नवंबर 2011 में हुए शिखर सम्मेलन में जी-20 के नेतागण शैडो बैंकिंग की निगरानी और विनियमन को सुदृढ़ करने पर सहमत हुए और उन्होंने एफएसबी की प्राथमिक सिफारिशों पर उसकी कार्य-योजना के साथ सहमति दी ताकि 2012 के दौरान उसे और विकसित किया जा सके। एफएसबी ने द्विस्तरीय दृष्टिकोण अपनाया है। पहला, एफएसबी अपनी वार्षिक निगरानी संबंधी कार्य जारी रखते हुए निगरानी के ढांचे को विकसित करेगा ताकि वैश्विक

प्रवृत्ति तथा जोखिमों का आकलन किया जा सके और इस प्रक्रिया में और अधिक देश भाग लेंगे। दूसरा, एफएसबी शैडो बैंकिंग प्रणाली के विनियमन को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यकतानुसार सिफारिशें देगा ताकि संभावित प्रणालीगत जोखिमों को कम किया जा सके। एफएसबी ने जी-20 के नेताओं को अप्रैल 2012 में प्रस्तुत की गई शैडो बैंकिंग संबंधी अपनी रिपोर्ट में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की है और इस बात का उल्लेख किया है कि नीति संबंधी अन्य सिफारिशें 2012 के अंत तक की जाएंगी।

समाधान व्यवस्था तथा बेल-इन की पद्धति

2.37 वैश्विक वित्तीय संकट ने समाधान व्यवस्था में सुधार करने की भारी जरूरत को रेखांकित किया है ताकि संबंधित प्राधिकारी विफल हो रही वित्तीय संस्थाओं का समाधान वित्तीय प्रणाली में अस्थिरता पैदा किए बिना अथवा दिवालिया होने की स्थिति में समर्थन देने के कारण होने वाली हानि के लिए करदाताओं को जोखिम में डाले बिना कर सकें। अमरीकी सरकार के डॉड-फ्रैंक अधिनियम ने बड़ी तथा प्रणालीगत रूप से महत्त्वपूर्ण गैर-बैंक संस्थाओं एवं वित्तीय संस्थाओं की विफलता से निपटने के लिए फेडरल डिपाजिट इंश्योरेंस कारपोरेशन के प्राधिकार को बढ़ा दिया है। उसी प्रकार यूके की सरकार ने विशेष समाधान व्यवस्था एवं विशेष प्रशासन व्यवस्था को कार्यान्वित किया है ताकि बैंकों तथा निवेश फर्मों का समुचित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। यूरोपियन कमीशन ने भी यूरोपियन यूनियन-व्यापी संकट प्रबंधन एवं बैंक समाधान फ्रेमवर्क विकसित करने के लिए प्रस्ताव जारी कर दिया है ताकि समाधान के उपायों एवं राष्ट्रीय प्राधिकारियों के दृष्टिकोण में समानता लाई जा सके।

2.38 एफएसबी ने नवंबर 2011 में प्रभावी समाधान व्यवस्था संबंधी मानक जारी कर दिए हैं। इसके लिए वैश्विक स्तर पर प्रणालीगत रूप से महत्त्वपूर्ण बैंकों (गैर-बैंकों सहित) की समस्याओं के समाधान के लिए देशों के पास व्यापक अधिकारों के साथ समाधान प्राधिकारियों का होना जरूरी है ताकि देशों के बीच सहयोग में आनेवाली बाधाओं को कम किया जा सके तथा कम-से-कम वैश्विक स्तर पर प्रणालीगत रूप से महत्त्वपूर्ण के रूप में चिह्नित बैंकिंग समूह के लिए बहाली तथा समाधान योजनाएं एवं प्रबंधन समूहों की स्थापना सुनिश्चित की जा सके।

2.39 एफएसबी प्रमुख मानदंडों को बेंचमार्क के रूप में लेकर अपने सदस्य देशों की वर्तमान समाधान व्यवस्था का मूल्यांकन करने एवं इन व्यवस्थाओं में किसी नियोजित परिवर्तन पर विचार करने के लिए पहली समकक्ष समीक्षा कर रहा है।

2.40 विनियामक सुधार के अजेंडे में प्रगति हुई है, परंतु कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है तथा कार्यान्वयन संबंधी महत्त्वपूर्ण चुनौतियां बनी हुई हैं। परंतु इसका पूर्ण कार्यान्वयन सुदृढ़ राजनैतिक प्रतिबद्धता पर निर्भर करेगा क्योंकि देशों के बीच सहयोग बढ़ाने, सूचनाओं के आदान-प्रदान तथा स्वयं के एवं मूल देशों में वित्तीय समूहों के लिए समाधान संबंधी अधिकारों की सीमा एवं गुंजाइश को बढ़ाने के लिए अन्य बातों के साथ-साथ कानून बनाने की जरूरत होगी।

6. समग्र मूल्यांकन

2.41 वैश्विक बैंकिंग प्रणाली ने 2011 तथा 2012 में अब तक कई चुनौतियों का सामना किया, जैसे - कमजोर पड़ती वैश्विक वृद्धि तथा विशेष रूप से यूरोपीय बैंकों में सरकारी ऋण संकट का बढ़ना एवं इससे संबंधित निधीयन एवं डीलीवरेजिंग का जोखिम। इने चुनौतियों के वर्ष 2013 में भी बने रहने की संभावना है क्योंकि गिरावट का जोखिम बरकरार है, बशर्ते उन्नत देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा उठाये गए कदमों से वृद्धि में सुधार हो। चुनौतियों से निपटने के लिए जो राजकोषीय मितव्ययिता के उपाय किए गए हैं उनसे भी उन्नत देशों की वृद्धि तथा रोजगार संबंधी संभावनाएं कमजोर पड़ेंगी। उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं के बैंक निधीयन के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजारों पर सीमित निर्भरता के चलते बेहतर स्थिति में हैं, परंतु यदि यूरो क्षेत्र का सरकारी ऋण संकट जारी रहता है तो वे भी गिरावट संबंधी जोखिम का सामना करेंगे, जैसे-व्यापार वित्त की उपलब्धता में कमी, जोखिम उठाने की इच्छा में गिरावट, पूंजी का बाहर जाना एवं विदेशी मुद्रा बाजार में उतार-चढ़ाव।

2.42 हाल की अवधि में उन्नत देशों ने आर्थिक वृद्धि दर बढ़ाने के लिए मौद्रिक सहायता उपायों का सहारा लिया। अमरीका के फेडरल रिज़र्व ने वित्तीय सहायता III की घोषणा की जो प्रतिमाह 40 बिलियन अमरीकी डॉलर की अतिरिक्त एजेंसी बंधक समर्थित प्रतिभूतियों की खरीद का एक व्यापक उपाय है। ईसीबी ने यूरोप

के सरकारी ऋण संकट संबंधी मुद्दों से निपटने के लिए यूरो क्षेत्र के सरकारी बांडों को द्वितीयक बाजार से खरीदने के लिए ''निष्प्रभावित'' एकमुश्त मौद्रिक लेनदेन (ओएमटी) कार्यक्रम की घोषणा की। बैंक ऑफ जापान ने भी आस्ति खरीद कार्यक्रम के कुल आकार में लगभग 21 ट्रिलियन येन की वृद्धि करके कुल लगभग 91 ट्रिलियन येन कर दिया। इन उपायों ने यूरोपीय यूनियन के बैंकों के निधीयन संबंधी दबावों तथा वित्तीय तनाव को कम किया। ''यूरोपीय स्थिरता व्यवस्था'' के रूप में 500 बिलियन यूरो के स्थायी बचाव पैकेज की शुरुआत किये जाने तथा ईसीबी के अंतर्गत एकल बैंकिंग विनियामक की स्थापना के प्रस्ताव ने भी वित्तीय बाजार के दबाव को कम करने में मदद की।

2.43 आगे चलकर कमजोर वैश्विक वृद्धि तथा आकार ले रहे नए विनियामक परिवेश के चलते बैंकों को चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा क्योंकि इससे कारोबार करने की लागत में बढ़ोतरी होगी जिससे उनकी लाभप्रदता में कमी आएगी। दीर्घावधि में वैश्विक बैंकों को लागत को कम करने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ निवेशकों के विश्वास की बहाली की दिशा में कार्य करना चाहिए।

अध्याय III

नीतिगत परिवेश

2011-12 के दौरान वैश्विक वित्तीय परिस्थितियां और खराब हो गईं। मंद वैश्विक वृद्धि और इसके कारण बढ़ते जोखिमों के बीच, भारतीय अर्थव्यवस्था में देशी समष्टि-आर्थिक बुनियादी घटक कमजोर होते गए। जहां पश्चिमी देश मंद होती वृद्धि, निरंतर खराब होते सरकारी ऋण संकट की स्थिति और अपने वित्तीय विनियामक ढांचे को सुधारने में लगे हुए हैं, वहीं इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि वित्तीय/ बैंकिंग विनियमों को उभरते बाजार डायनेमिक्स के साथ कदम मिलाकर चलना होगा और साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि ऐसे विनियम उद्यमशीलता तथा नवोन्मेष की भावना को समाप्त ही न कर दें। इस परिप्रेक्ष्य में, रिज़र्व बैंक ने बैंकिंग क्षेत्र की आघात-सहनीयता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया। 2011-12 के दौरान कई नीतिगत उपाय प्रारंभ किये गये जिनमें अधिक ध्यान विनियामक और पर्यवेक्षी तंत्र पर दिया गया। ये उपाय निरंतर जारी वैश्विक पहल के रूप में किये गये, जैसे बैंकों के लिए बासल II उन्नत दृष्टिकोण अपनाना, बासल III के कार्यान्वयन के लिए योजना बनाना, गतिशील प्रावधानीकरण फ्रेमवर्क/ प्रतिचक्रीय पूंजी बफर के लिए प्रयत्न करना, प्रतिभूतिकरण मानदंड, मजबूत मुआवजा प्रथाएं तथा बैंकों के लिए जोखिम आधारित पर्यवेक्षी दृष्टिकोण अपनाना। मनी लांडरिंग/ आंतकवाद के वित्तपोषण की समस्या को सुलझाने, धोखाधड़ी पर नियंत्रण करने, भुगतान और निपटान प्रणालियों तक पहुंच को व्यापक बनाने और बैंकों में ग्राहक सेवा में सुधार लाने के लिए भी प्रयास किए गए। रिज़र्व बैंक ने नीतिगत पहल के साथ-साथ अपने आउटरीच कार्यक्रमों द्वारा वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने का काम भी जारी रखा।

1. भूमिका

3.1 प्रतिकूल बाह्य परिवेश के बीच, 2011-12 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा जिनमें स्फीतिकारक दबाव, वृद्धि में मंदी और निरंतर कम होते राजकोषीय और बाह्य क्षेत्र शेष शामिल थे। एक दुरूह समष्टि-आर्थिक परिस्थिति के परिप्रेक्ष्य में, मौद्रिक नीति को मुद्रास्फीति पर नियंत्रण लगाने, वृद्धि में मंदी को रोकने, वित्तीय बाजारों में कामकाज को सहज करने के लिए प्रणाली में पर्याप्त चलनिधि उपलब्ध कराने और विदेशी मुद्रा बाजार में उतार-चढ़ाव को नियंत्रण में रखने के कठिन कार्य करने पड़े। रिज़र्व बैंक ने दिसंबर 2011 के मध्य तक मुद्राफीति विरोधी रुझान जारी रखा। वृद्धि में मंदी के साक्ष्यों को देखते हुए, रिज़र्व बैंक ने निरंतर स्फीतिकारक दबावों के चलते ठहराव की स्थिति अपनाने से पहले, समय-पूर्व कार्रवाई करते हुए अप्रैल 2012 में नीतिगत दरों में कमी कर दी ।

3.2 भारतीय बैंकिंग उद्योग कुल मिलाकर वैश्विक वित्तीय उथल-पुथल से अछूता रहा है। वैश्विक संकट ने बासल II विवेकसम्मत विनियामक फ्रेमवर्क में कमियों, सूक्ष्म-पर्यवेक्षी दृष्टिकोण और इसके अनुचक्रीय स्वरूप को उजागर किया। हालांकि 2008 के संकट के बाद, पूरे विश्व में एक समष्टि आयाम को प्राप्त करने के लिए विवेकपूर्ण नीतियों को बदलने की आवश्यकता महसूस की गयी थी, लेकिन संकट से पहले भी भारत समष्टि-विवेकपूर्ण नीतियों को अपनाने में बहुत आगे था। फिर भी, वैश्विक वित्तीय संकट से प्राप्त सबक को ध्यान में रखते हुए, रिज़र्व बैंक अपनी विनियामक और पर्यवेक्षी नीतियों की निरंतर समीक्षा करता रहा है और उनमें सुधार लाता रहा है जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि बैंकिंग क्षेत्र में एक मजबूत पूंजी आधार, प्रभावशाली जोखिम प्रबंधन तथा सर्वोत्तम कंपनी अभिशासन मानक स्थापित किये जा सकें। हाल के वर्षों में, ऋण वितरण और ग्राहक सेवा में सुधार लाने तथा वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है।

3.3 वर्ष के दौरान रिज़र्व बैंक ने वैश्विक विनियामक सुधारों की गतिविधियों के अनुरूप भारतीय बैंकिंग प्रणाली को मजबूत, आघातसहनीय और समावेशक बनाने के लिए कई नीतिगत उपाय जारी रखे। इस अध्याय में भारतीय बैंकिंग क्षेत्र संबंधी नीति के विभिन्न क्षेत्रों में प्रमुख गतिविधियों का उल्लेख किया गया है जिसमें 2011-12 के दौरान विनियामक और पर्यवेक्षी पहल पर कुछ अधिक ध्यान केंद्रित किया गया है।

2. मौद्रिक नीति

मौद्रिक नीति को मुद्रास्फीति पर नियंत्रण रखने और वृद्धि में मंदी के प्रति जोखिमों को कम करने के अनुरूप बनाया गया

3.4 वर्ष 2011-12 के दौरान मौद्रिक नीति के रुझान में मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने तथा वृद्धि में मंदी को कम करने को प्राथमिकता दी गयी। पहली छमाही में मौद्रिक नीति को स्फीतिकारक दबावों तथा उच्च स्फीतिकारक प्रत्याशाओं के जोखिम को नियंत्रित करना था जबकि दूसरी छमाही में देशी वृद्धि में उल्लेखनीय मंदी को देखते हुए, मौद्रिक नीति ने वृद्धि के स्थिर हो जाने और निम्न तथा स्थिर मुद्रास्फीति के बीच संतुलन लाने का प्रयास किया। इसके साथ-साथ, रुकावटी तथा संरचनात्मक कारणों से विस्तारित अवधि के लिए चलनिधि की कमी के कारण संकेतात्मक सहजता सीमा से अधिक हो जाने के कारण, रिज़र्व बैंक को देशी वित्तीय बाजारों के कामकाज को विघ्नरहित रूप से चलाने के उद्देश्य से दीर्घकालिक चलनिधि आपूर्ति के उद्देश्य से खुला बाजार परिचालन सहित सक्रिय चलनिधि प्रबंधन करना पड़ा। इससे मौद्रिक नीति के सामने, अपने रुझान के अनुसार चलनिधि सुगमता के उपाय प्रभावी रूप से संप्रेषित करने की चुनौती उत्पन्न हो गई।

3.5 अप्रैल-नवंबर 2011 के दौरान हेडलाइन थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति बहुत उच्च स्तर पर बनी रही जो औसतन 9.7 प्रतिशत पर थी। रिज़र्व बैंक ने स्फीति विरोधी रुझान पर चलते हुए, अप्रैल-नवंबर 2011 के दौरान अपनी प्रमुख नीतिगत रिपो दर पांच बार बढ़ाकर उसमें 175 आधार अंकों की वृद्धि की। 2011-12 की चौथी तिमाही के प्रारंभ से, हालांकि खाद्य मुद्रास्फीति में कमी के कारण मुद्रास्फीति के सहज होने के संकेत थे, वृद्धि में कमी का जोखिम स्पष्टत: बढ़ रहा था। इसके अतिरिक्त, चलनिधि में कमी की स्थितियां रिज़र्व बैंक की सहजता की सीमा से बहुत अधिक थीं। इस बात को समझते हुए, कि यदि अर्थव्यवस्था में ऐसी संरचनात्मक चलनिधि बाधाओं पर ध्यान नहीं दिया गया, तो ऋण प्रवाह में बाधा आ सकती है और वृद्धि संबंधी जोखिम बढ़ सकते हैं, रिज़र्व बैंक ने 28 जनवरी 2012 और 10 मार्च 2012 से सीआरआर में 125 आधार अंकों की कमी की। वृद्धि में मंदी को देखते हुए, रिज़र्व बैंक ने 17 अप्रैल 2012 को प्रमुख नीतिगत रिपो दर में 50 आधार अंकों की कमी करते हुए उसे 8 प्रतिशत कर दिया। इसके अतिरिक्त, वर्तमान समष्टि-आर्थिक स्थिति के आकलन के आधार पर, रिज़र्व बैंक ने 22 सितंबर 2012 और 3 नवंबर 2012 से सीआरआर में 50 आधार अंकों की कमी करके उसे 4.25 प्रतिशत करने का निर्णय लिया। रिज़र्व बैंक की नीति दर को देखते हुए, बैंकों ने अपनी जमाराशि और उधार ब्याज दरें परिवर्तित कीं।

3.6 हालांकि कोर मुद्रास्फीति कम हुई, लेकिन यह ऐतिहासिक प्रवृत्ति से अधिक बनी रही। वृद्धि में नरमी के बावजूद हेडलाइन मुद्रास्फीति उच्च बनी रही। ऐसी स्थिति में मौद्रिक नीति को एक संतुलन बनाए रखना था, जैसे कि अल्पकालिक वृद्धि संबंधी चिंताओं पर ध्यान देते हुए, मूल्य स्थिरता बनाए रखी जाए ताकि मध्यावधि में सुदृढ़ वृद्धि बनाई रखी जा सके।

बचत जमाराशियों में बेहतर मूल्यन लाने के लिए बचत बैक जमाराशि दर का विनियमन हटाना

3.7 बचत जमाराशि दर के लगातार विनियमन से बैंकों और जमाकर्ताओं - दोनों के साथ प्रतिस्पर्धा बाधित हुई, जिससे इसका तुलनात्मक आकर्षण कम हुआ और उत्पाद नवोन्मेष बाधित हुआ। इसके अतिरिक्त, यह मानते हुए कि बचत जमाराशियों पर ब्याज के अविनियमन से दर परिवर्तनीय होगी और मौद्रिक संचार में सहायता मिलेगी, रिज़र्व बैंक ने 2011-12 के दौरान बैंकों के तुलन-पत्र के देयता पक्ष में दो प्रमुख परिवर्तन किए, अर्थात् (क) 25 अक्तूबर 2011 से बचत बैंक जमाराशि ब्याज दर का अविनियमन और (ख) 16 दिसंबर 2011 से अनिवासी बाह्य (एनआरई) खातों के अधीन एक वर्ष तथा अधिक की अवधि की बचत जमाराशि और मीयादी जमाराशियों, तथा अनिवासी सामान्य (एनआरओ) खातों के अधीन बचत जमाराशि ब्याज दरों का अविनियमन। इन दोनों मदों के संबंध में अविनियमन के बाद की अवधि में परिवर्तन अब तक सहज रहा है। इन सुधारों के साथ, देयता पक्ष के संबंध में, चालू खाता जमाराशियां, विदेशी मुद्रा अनिवासी (बैंक) (एफसीएनआरबी) जमाराशियां और विदेशी ऋण के अधीन उधार रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित रहना जारी रहेंगे। आस्ति पक्ष में, आयातकों द्वारा लिए जाने वाले क्रेता-ऋण का विनियमन जारी रहेगा।

विदेशी मुद्रा अंतर्वाह आकर्षित करने के लिए एफसीएनआर(बी) जमाराशियों पर ब्याज की उच्चतम सीमा में वृद्धि

3.8 अर्थव्यवस्था में विदेशी मुद्रा प्रवाहों में वृद्धि करने के उद्देश्य से, 5 मई 2012 से एफसीएनआर (बी) जमाराशियों पर ब्याज दर सीमा बढ़ाकर 1-3 वर्ष की अवधि के लिए लिबॉर/स्वैप दर + 200, और 3-5 वर्ष की अवधि के लिए लिबॉर/स्वैप दर + 300 आधार अंक कर दी गई जो पहले के 1-5 वर्ष की अवधि के लिए लिबॉर/स्वैप दर + 125 आधार अंक थी। 15 नवंबर 2011 से बैंकों द्वारा निर्यातकों के लिए विदेशी ऋण पर ब्याज दर सीमा इस समय 6 माह लिबॉर/यूरो, लिबॉर/यूरीबोर + 250 आधार अंक है जिसकी समीक्षा कभी भी की जा सकती है। वर्तमान क्रेता ऋण पर आल-इन-कास्ट सीमा 6 माह लिबॉर + 350 आधार अंक है जिसकी समीक्षा आवश्यकतानुसार इस संबंध में प्राप्त अनुभव के आधार पर की जा सकती है।

विदेशी मुद्रा ऋणों की सुगमता के लिए निर्यात ऋण ब्याज दर का अविनियमन

3.9 विदेशी मुद्रा में निर्यात ऋण पर ब्याज दर को 5 मई 2012 से अविनियमित कर दिया गया। इस उपाय से निर्यातकों को विदेशी मुद्रा ऋण अधिक मिलने की संभावना है।

सीमांत स्थायी सुविधा के अंतर्गत बैंकों के लिए बढ़ा हुआ चलनिधि कुशन

3.10 एक दिवसीय अंतर-बैंक मुद्रा बाजार में उथल-पुथल पर नियंत्रण रखने के लिए 9 मई 2011 से मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी प्रारंभ की गई थी जिसके अधीन अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को इस सुविधा के कारण एसएलआर अनुपालन में चूक के लिए विशिष्ट छूट मांगे बिना अपने संबंधित एनडीटीएल के एक प्रतिशत तक एक दिवसीय उधार लेने की अनुमति दी गई थी। 21 दिसंबर 2011 से बैंकों को उनकी अतिरिक्त एसएलआर धारिताओं की जमानत पर मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी के अधीन रिज़र्व बैंक से निधियां लेने की भी अनुमति दी गई थी। कुछ और अधिक चलनिधि कुशन प्रदान करने के उद्देश्य से 17 अप्रैल 2012 से उधार सीमा और बढ़ाकर एनडीटीएल का 2 प्रतिशत कर दी गई।

बैंक दर को सीमांत स्थायी सुविधा दर के अनुरूप किया गया

3.11 मौद्रिक नीति की परिवर्तित परिचालन प्रक्रिया के संदर्भ में, नीतिगत रिपो दर और मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी दर परिचालनगत हो गए हैं जबकि बैंक दर 6 प्रतिशत ही बनी रही। बैंक दर बैंकों द्वारा उनकी रिज़र्व आवश्यकताओं में कमी होने पर दंडात्मक दर के रूप में कार्य करती है। कई अन्य संगठनों द्वारा भी सूचकांक प्रयोजनों के लिए बैंक दर का उपयोग संदर्भ दर के रूप में किया जाता है। भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम के अधीन डिस्काउंट दर होने के नाते बैंक दर तकनीकी तौर पर नीतिगत रिपो दर से अधिक होनी चाहिए। इसलिए रिज़र्व बैंक ने यह महसूस किया कि बैंक दर मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी दर के अनुरूप बनी रहनी चाहिए, जो कि नीतिगत रिपो दर से 100 आधार अंक अधिक है। तदनुसार, 13 फरवरी 2012 से बैंक दर में 350 आधार अंकों की वृद्धि करते हुए उसे 6.0 प्रतिशत के स्तर से बढ़ाकर 9.5 प्रतिशत वार्षिक कर दिया गया। यह एकबारगी तकनीकी समायोजन था ताकि मौद्रिक नीति के रुझान में बदलाव किए बिना बैंक दर को मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी दर के साथ समायोजित कर दिया जाए। इसके परिणामस्वरूप, बैंक दर मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी दर के अनुरूप रही है।

3. ऋण वितरण

3.12 रिज़र्व बैंक अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों को यथोचित दरों पर पर्याप्त और समय पर ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित कराने पर काफी बल देता रहा है। सहज और समावेशी आर्थिक वृद्धि के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए समाज के निम्न सेवा प्राप्त क्षेत्रों/तबकों को बैंकिंग की परिधि में लाना बहुत महत्त्वपूर्ण है। इस पृष्ठभूमि में, वर्ष के दौरान कई प्रकार की पहलें की गईं जिनमें बैंकों द्वारा प्रत्यक्ष उधार दिए जाने पर बल; फसल के बाद के परिचालनों के लिए किसानों को ब्याज दर में राहत; कृषि को उधार देने के लिए एक नई अल्पकालिक पुनर्वित्त सुविधा स्थापित करना; एडीडब्ल्यूडीआर योजना, 2008 के अधीन ऋण राहत उपलब्ध कराना; किसान क्रेडिट कार्ड योजना को वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के लिए इस पर पुनर्विचार; तथा मध्यम और लघु उद्यमों को ऋण के प्रवाह में वृद्धि के लिए उपाय प्रारंभ करना शामिल हैं। वर्ष के दौरान देश के पिछड़े और दक्षिणपंथी अतिवाद

से प्रभावित जिलों में महिला स्व-सहायता समूहों को बढ़ावा देने के लिए भी कदम उठाए गए। इसके अतिरिक्त, स्वयं सहायता समूह -बैंक लिंकेज कार्यक्रम के दृष्टिकोण और डिज़ाइन को अधिक अनुकूल बनाने के लिए, ग्राहकों की बदलती आवश्यकताओं के अनुसार कुछ ग्राहक-अनुकूल उत्पादस्तरीय परिवर्तन भी किये गये।

प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के उधार के दायरे को बढ़ाया गया

3.13 पिछले कुछ वर्षों में प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को उधार संबंधी योजना के परिचालन से प्राप्त अनुभव तथा बदलती आर्थिक स्थितियों के कारण प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र संबंधी दिशा-निर्देशों पर पुनर्विचार करना और उन्हें वर्तमान राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप अद्यतन बनाना आवश्यक हो गया। तदनुसार, अगस्त 2011 में रिज़र्व बैंक ने प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के उधार के वर्गीकरण और संबंधित मुद्दों पर संशोधित दिशा-निर्देशों का सुझाव देने के लिए एक समिति गठित की (अध्यक्ष: श्री एम.वी.नायर)। समिति ने अपनी रिपोर्ट फरवरी 2012 में प्रस्तुत की। समिति की सिफारिशों के संबंध में विभिन्न हितधारकों से प्राप्त टिप्पणियों/सुझावों के आधार पर रिज़र्व बैंक ने 20 जुलाई 2012 को प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के उधार के संबंध में दिशा-निर्देशों को संशोधित किया। संशोधित दिशा-निर्देशों के अंतर्गत, प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के समग्र लक्ष्य में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है क्योंकि यह महसूस किया गया कि नए लक्ष्य ऋण के आबंटन में विसंगति ला देंगे। लेकिन विदेशी बैंकों के बढ़ते नेटवर्क को देखते हुए, यह महसूस किया गया कि प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के उधार के अधीन उनको दी गयी तरजीह पर फिर से विचार करने की आवश्यकता है। तदनुसार, यह निर्णय लिया गया कि जिन विदेशी बैंकों की 20 या अधिक शाखाएं हैं उनके लक्ष्य वही होंगे जो देशी बैंकों के लिए हैं। ये लक्ष्य 1 अप्रैल 2013 से 5 वर्ष की अवधि में प्राप्त किये जायेंगे; दूसरे विदेशी बैंकों के लिए 32 प्रतिशत का वर्तमान समग्र लक्ष्य बना रहेगा।

3.14 समिति का ध्यान बैंकों द्वारा छोटे/सीमांत किसानों और बहुत छोटे उद्यमों को प्रत्यक्ष उधार देने पर रहा। संशोधित दिशा-निर्देशों में कृषि और सम्बद्ध गतिविधियों में लगे व्यक्तियों, स्व-सहायता समूहों और संयुक्त देयता समूहों को प्रत्यक्ष कृषि ऋण देने पर बल दिया गया है, जबकि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कृषि उधार के संबंध में पुराने लक्ष्य ही बने रहेंगे। बैंकों में विलीन या उनके द्वारा प्रबंधित/नियंत्रित प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के माध्यम से किसानों को प्राप्त बैंक ऋण कृषि को प्रत्यक्ष उधार के अधीन शामिल किये गये हैं। इससे उन बैंकों को सहायता मिलेगी जिनकी ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक पहुंच नहीं है और जिनको लक्ष्य प्राप्त करने में कठिनाई होती है। सेवा क्षेत्र को प्राप्त अपर्याप्त ऋण प्रवाहों को देखते हुए, सेवाओं की परिभाषा को व्यापक बनाकर कुछ परिवर्तन किये गये ताकि प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र उधार के अधीन विशिष्ट रूप से शामिल न की गयी सेवाओं को भी शामिल किया जा सके जिनकी सीमा प्रति यूनिट ₹10.0 मिलियन होगी।

3.15 संशोधित दिशा-निर्देशों के अनुसार प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र में महानगरीय केंद्रों (10 लाख से अधिक की आबादी) पर आवास के लिए ₹2.5 मिलियन तक के ऋण तथा अन्य केंद्रों पर ₹1.5 मिलियन तक के ऋण; भारत में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों सहित व्यक्तियों को ₹1.0 मिलियन तक के ऋण और विदेशों में ₹2.0 मिलियन तक के शैक्षणिक ऋण; आर्थिक दृष्टि से कमज़ोर वर्गों तथा निम्न आय समूहों के लिए आवास परियोजनाओं के लिए ऋण, बशर्ते प्रति आवास यूनिट लागत ₹0.5 मिलियन से अधिक न हो; गैर-संस्थागत देनदारों के प्रति ऋणी आपदाग्रस्त किसानों को ऋण; किसानों से इतर व्यक्तियों को ₹50,000 तक के ऋण ताकि वे गैर-संस्थागत देनदारों के ऋण की समय पूर्व चुकौती कर सके; और हाउसहोल्डों के लिए ऑफ-ग्रिड सौर तथा अन्य नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं लगाने के लिए व्यक्तियों को ऋण गिने जाएंगे।

3.16 इसके अलावा, परिचालनात्मक मामलों पर चुनिंदा बैंकों के साथ आयोजित चर्चा के अनुसरण में और प्राप्त प्रतिसूचना के आधार पर, 17 अक्तूबर 2012 को दिशानिर्देशों में कुछ बातें जोड़ी/संशोधित की गईं। यह निर्णय लिया गया था कि किसानों की उत्पादक कंपनियों, भागीदारी फर्मों और कृषि तथा संबंधित कार्यों में प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी सहकारी संस्थाओं सहित कंपनियों को दिए गए ₹20 मिलियन तक के ऋण भी कृषि को प्रत्यक्ष वित्त के रूप में वर्गीकृत किए जाएंगे। मझौले तथा छोटे उद्यमों द्वारा दी गई सेवाओं के संबंध में प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के तहत के ऋणों की सीमा बढ़ाकर ₹20 मिलियन की गई और आर्थिक दृष्टि से कमज़ोर वर्गों तथा निम्न आय समूहों की निवासी इकाइयों की आवास परियोजनाओं के लिए ऋण की सीमा बढ़ाकर ₹1 मिलियन की गई। आगे यह निर्णय

लिया गया कि प्रति उधारकर्ता ₹1 मिलियन तक के आगे उधार दिए जाने वाले आवास ऋण, जो कि बैंकों ने आवास वित्त कंपनियों को दिए है, प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के तहत शामिल किए जाएं बशर्ते अंतिम उधारकर्ता पर प्रभारित की जाने वाली ब्याज दर उधारदाता बैंक की आवास ऋण संबंधी न्यूनतम ब्याज दर+दो प्रतिशत वार्षिक से अधिक न हो।

किसानों को दी जाने वाली ब्याज दर राहत फसल कटाई के बाद के कार्यकलापों पर भी लागू

3.17 किसानों को उचित लागत पर ऋण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से, 2006-07 के केंद्रीय बजट में यह घोषणा की गयी थी कि किसानों को 7.0 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर अल्पकालिक ऋण उपलब्ध कराया जाएगा जिसकी मूल राशि की अधिकतम सीमा ₹0.3 मिलियन होगी। इस उद्देश्य के लिए भारत सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी बैंकों के लिए ब्याज राहत की घोषणा की। 2011-12 के केंद्रीय बजट में ₹0.3 मिलियन तक के अल्पकालिक उत्पादन ऋण के लिए 2 प्रतिशत ब्याज राहत की घोषणा की गई और समय पर चुकौती कर देने वाले किसानों के लिए अतिरिक्त ब्याज सहायता बढ़ाकर 3 प्रतिशत कर दी जिससे ऐसे किसानों के लिए प्रभावी ब्याज दर 4 प्रतिशत हो जाएगी। इसके अतिरिक्त, परक्राम्य वेयरहाउस रसीदों की जमानत पर जिन छोटे और सीमांत किसानों के पास किसान क्रेडिट कार्ड हैं, उन्हें 6 महीने की अतिरिक्त अवधि तक के लिए (फसल के बाद) ब्याज राहत दी गयी है। ऐसी आशा है कि इससे इन किसानों द्वारा फसल के आपदा विक्रय में कमी आएगी और उन्हें अपनी फसल गोदामों में रखने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। जैसा कि 2012-13 के केंद्रीय बजट में घोषणा की गई है, ब्याज राहत की योजना इसी आधार पर वर्ष 2012-13 के लिए जारी रहेगी।

कृषि को उधार देने के लिए नई अल्पकालिक पुनर्वित्त सुविधा

3.18 2011-12 के दौरान किसानों को पर्याप्त और समय पर ऋण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह घोषणा की गई थी कि अच्छी वित्तीय स्थिति वाले मध्यवर्ती सहकारी बैंकों के लिए नाबार्ड से एक अलग अल्पकालिक पुनर्वित्त सुविधा मिलेगी और जहां मध्यवर्ती सहकारी बैंक कमजोर हैं, उन क्षेत्रों में प्राथमिक कृषि समितियों के वित्तपोषण के लिए सरकारी क्षेत्र के बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लिए एक नई अल्पकालिक पुनर्वित्त सुविधा प्रारंभ की जाएगी। पुनर्वित्त की राशि रियलिस्टिक लेंडिंग प्रोग्राम के 45 प्रतिशत के स्तर पर एकसमान होगी। यह सुविधा 4.5 प्रतिशत वार्षिक की ब्याज दर पर उपलब्ध है बशर्ते ₹0.3 मिलियन तक के फसली ऋण पर ब्याज 7 प्रतिशत वार्षिक से अधिक न हो।

पूर्वी तथा पूर्वोत्तर क्षेत्रों में कृषि के लिए अतिरिक्त पुनर्वित्त सुविधा

3.19 नाबार्ड ने पूर्वी तथा पूर्वोत्तर क्षेत्रों (पहाड़ी क्षेत्रों सहित) में उन सहकारी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को अतिरिक्त पुनर्वित्त की सुविधा प्रदान की है जो प्रति उधारकर्ता को 7 प्रतिशत वार्षिक की ब्याज दर पर ₹0.3 मिलियन तक के फसल ऋण दे रहे हैं। तदनुसार, पूर्वी तथा पूर्वोत्तर क्षेत्रों में राज्य सहकारी बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सामान्य पुनर्वित्त से अधिक क्रमशः 5 प्रतिशत और 25 प्रतिशत अतिरिक्त पुनर्वित्त राशि प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, 5 प्रतिशत के अतिरिक्त पुनर्वित्त की सुविधा पूर्वी उत्तर प्रदेश के 28 जिलों में बैंकों पर भी लागू कर दी गयी।

कृषि निवेश कार्यकलापों के लिए रियायती पुनर्वित्त सहायता

3.20 पूर्वी क्षेत्र में फसलों का उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से कृषि में निवेश सुनिश्चित करने के लिए वर्ष 2011-12 में बैंकों को 7.5 प्रतिशत वार्षिक की रियायती दर पर पुनर्वित्त देने की योजना प्रारंभ की गई। इस योजना की परिचालन अवधि दो वित्तीय वर्ष अर्थात् 2011-12 और 2012-13 है। योजना में चार गतिविधियां अर्थात् जल संसाधन विकास, भूमि विकास, कृषि उपकरण (समूह आधार पर ट्रैक्टर के वित्तपोषण सहित) तथा बीज उत्पादन शामिल हैं। बैंकों को पुनर्वित्त के साथ-साथ (क) संयुक्त देयता समूह बनाने तथा उन्हें जोड़ने, (ख) योजना के प्रवर्तन के लिए जागरूकता कार्यक्रमों, (ग) शाखा अधिकारियों के लिए बैठकें आयोजित करने तथा (घ) योजना के अधीन पहचाने गए उद्यमियों के प्रशिक्षण तथा क्षमता निर्धारण आवश्यकताओं के संबंध में सहायता दी गई।

कृषि ऋण माफी और ऋण राहत (एडीडब्ल्यूडीआर) योजना, 2008 की प्रगति

3.21 इस योजना के अंतर्गत, ऋणदाता संस्थाओं को भारत सरकार द्वारा थोड़े-थोड़े अंतराल पर मुआवजा दिया गया (सारणी III.1)। अब तक भारत सरकार ने पांच किश्तों में ₹525 बिलियन

जारी किए हैं। इसमें से, ₹293 बिलियन की राशि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी संस्थाओं को प्रतिपूर्ति करने के लिए नाबार्ड को दी गई। इसके अतिरिक्त, रिज़र्व बैंक द्वारा अनुसूचित वाणिज्य बैंकों, स्थानीय क्षेत्र के बैंकों और शहरी सहकारी बैंकों को प्रतिपूर्ति करने के लिए ₹232 बिलियन की राशि जारी की गई। इसमें से, 10 सितंबर 2012 की स्थिति के अनुसार, ₹232 बिलियन की राशि वितरित कर दी गई है जबकि ₹0.81 बिलियन रिज़र्व बैंक द्वारा संबंधित खाते में शेष के रूप में रखे गए हैं ताकि यदि आवश्यक हुआ तो भारत सरकार को भुगतान तथा/या वापसी की जा सके।

किसानों को ऋण वितरण में सहायता के लिए नया इलेक्ट्रानिक किसान क्रेडिट कार्ड

3.22 किसानों की उत्पादन ऋण आवश्यकताओं को समय पर और असुविधा-रहित तरीके से पूरा करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड एक नवोन्मेषी ऋण वितरण प्रक्रिया साबित हुई है। यह योजना पूरे देश में लागू है और बैंकरों और किसानों ने इसे व्यापक रूप से स्वीकार किया है। योजना को वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप और सरल बनाने के लिए तथा किसान क्रेडिट कार्ड के निर्गम को सुविधाजनक बनाने के लिए, एक कार्यकारी समूह (अध्यक्ष: श्री टी.एम.भसीन) गठित किया गया था। उसकी सिफारिशों के अनुसरण में, मई 2012 में एक संशोधित किसान क्रेडिट योजना लागू की गई। संशोधित योजना की मुख्य-मुख्य बातों में फसल ऋण के भाग में, फसल काटने के बाद के खर्च, उपभोग आवश्यकताओं, कृषि और सम्बद्ध गतिविधियों के लिए कार्यशील पूंजी तथा निवेश, सभी किसान/स्वामी खेतिहर, टेनेन्ट किसान, मौखिक पट्टाधारी और किसान क्रेडिट कार्ड के अधीन सभी बँटाईदार पात्र होंगे, राशि किसी भी वितरण चैनल जैसे कि एटीएम, बिज़नेस कॉरेस्पांडेंट, पॉइन्ट ऑफ सेल तथा कृषि इनपुट डीलरों तथा मंडियों के साथ मोबाइल फोन पर आधारित लेनदेन; शीघ्र चुकौती के लिए ब्याज में कमी/प्रोत्साहन; और गोदाम की रसीद पर ऋण आदि को पात्र माना जाएगा। एनपीसीआइ किसान क्रेडिट कार्ड तैयार करेगी जो सभी बैंकों द्वारा अपनाया जाएगा।

सारणी III.1: कृषि ऋण माफी तथा ऋण राहत योजना

(राशि ₹ बिलियन में)

ऋणदाता संस्थाएं	भारत सरकार द्वारा प्रतिपूर्ति की गई राशि (किश्तों में)					
	पहली	दूसरी	तीसरी	चौथी	पांचवी	कुल
	सित. 2008	जुला 2009	जन 2011	नवं 2011	मार्च 2012	
आरआरबी और सहकारी संस्थाएं	175	105	12	0.4	0.0	293
अनुसूचित वाणिज्य बैंक, शहरी सहकारी बैंक तथा स्थानीय क्षेत्र के बैंक	75	45	101	10	1*	232
कुल	250	150	113	11	1*	525

* इसमें रिज़र्व बैंक द्वारा धारित ₹0.81बिलियन का शेष शामिल है।

एमएसएमई को उधार पर और अधिक ध्यान देना

3.23 सितंबर 2009 में एमएसएमई के संबंध में विभिन्न मुद्दों पर विचार करने के लिए भारत सरकार ने एक उच्च स्तरीय कार्यबल गठित किया (अध्यक्ष: श्री टी.के.ए.नायर)। इस कार्यबल ने अपनी रिपोर्ट जनवरी 2010 में प्रस्तुत की। सिफारिशों के अनुसरण में, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों को सूचित किया गया कि एमएसई उधार में बहुत छोटे उद्यमों का शेयर 60 प्रतिशत होना चाहिए। यह चरणबद्ध रूप में प्राप्त किया जाएगा। अर्थात् 2010-11 में 50 प्रतिशत, 2011-12 में 55 प्रतिशत और 2012-13 में 60 प्रतिशत, इसके साथ ही, बहुत छोटे उद्यम खातों में 10 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि और एमएसई उधार में वर्ष-दर-वर्ष 20 प्रतिशत वृद्धि थी। रिज़र्व बैंक तिमाही आधार पर बैंकों द्वारा लक्ष्य प्राप्ति पर कड़ी निगरानी रख रहा है। रिज़र्व बैंक ने अलग-अलग बैंकों के साथ बैठकें की हैं ताकि उनके सन्मुख आ रही बाधाओं को जाना जा सके और उन्हें इस क्षेत्र के लिए ऋण प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए ऋण नीतियां बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। बैंक ने कार्य बल द्वारा निर्धारित लक्ष्य प्राप्त न कर सकने वाले बैंकों के साथ भी यह मुद्दा उठाया है।

ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर विकास निधि

3.24 वाणिज्य बैंकों द्वारा प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र ऋण में कमी को पूरा करने के लिए 1995 में नाबार्ड द्वारा ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर विकास निधि (आरआईडीएफ) गठित किया गया था। 2011-12 के लिए इस निधि के कोरपस का अंशदान उन देशी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा किया जाएगा जो कि मार्च 2011 के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार की स्थिति के अनुसार प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के उधार का लक्ष्य (40 प्रतिशत) और/या कृषि क्षेत्र के उधार का लक्ष्य (18 प्रतिशत) और/या कमजोर वर्गों के उधार का लक्ष्य

(10 प्रतिशत) पूरा नहीं कर पाए। ग्रामीण बुनियादी परियोजनाओं का कार्यान्वयन करने के लिए आरआईडीएफ से निधियां राज्य सरकारों को उधार दी जाती हैं। आरंभ में उद्देश्य यह था कि इन निधियों का आबंटन केवल फंडिंग गैप के वित्तपोषण के लिए किया जाए, अर्थात् ऐसी परियोजनाओं का वित्तपोषण करना जो लगभग पूरी हो चुकी हैं लेकिन पूरी तरह से नहीं। अब आरआईडीएफ की निधियां ग्रामीण बुनियादी परियोजनाओं से संबंधित 31 पात्र कार्यों के लिए उपलब्ध हैं। 1995-96 से, प्रत्येक केंद्रीय बजट में सरकार ने इस निधि में वार्षिक आबंटन की घोषणा की है। आरआईडीएफ I के बाद से, कॉर्पस में कई गुना वृद्धि हुई है और आरआईडीएफ XVII (2011-12) के अधीन यह ₹180 बिलियन हो गया। सभी श्रृंखलाओं को एक साथ लेकर उनका संचयी आबंटन ₹1,525 बिलियन था। इसमें भारत निर्माण कार्यक्रम के अधीन ग्रामीण सड़कों के निधीयन के लिए ₹185 बिलियन की एक अलग विंडो शामिल थी। इसके अतिरिक्त, आरआइडीएफ XVII के अधीन, ₹20 बिलियन केवल गोदाम सुविधाएं बनाने के लिए रखे गए हैं।

माइक्रोफाइनैंस

स्वयं सहायता समूह -बैंक लिंकेज कार्यक्रम पर पुनर्विचार

3.25 भारत के माइक्रोफाइनैंस क्षेत्र में स्वयं सहायता समूह -बैंक लिंकेज कार्यक्रम एक अग्रणी मॉडल बना हुआ है। स्वयं सहायता समूह -बैंक लिंकेज कार्यक्रम के दृष्टिकोण और डिज़ाइन को और अधिक अनुकूल बनाने के लिए, 27 मार्च 2012 को नाबार्ड ने दिशा-निर्देश जारी किए। इनमें स्वयं सहायता समूह के अधीन ग्राहकों की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप ग्राहक के प्रति कुछ मैत्रीपूर्ण उत्पाद स्तर पर परिवर्तनों का सुझाव दिया गया था, जैसे कि सरप्लस निधियों वाले सदस्यों द्वारा स्वैच्छिक बचत करना जो अलग से रखे जा सकते हों या अंतर-समूह उधार के लिए प्रयोग किये जा सकते हों; आवश्यकता पर आधारित निधियां उपलब्ध कराना और एक कैश क्रेडिट प्रणाली के माध्यम से बैंकों से ऋण की अवधि को बढ़ाना ताकि बार-बार दस्तावेज़ तैयार करने की जरूरत न रहे और ऋणों के नवीकरण में विलंब न हो; संयुक्त देयता समूह या अन्य उच्च ऋण वाले बिना-कोलैटरल उधार मॉडलों का विस्तार करके छोटे आजीविका समूहों तक पहुंचाना; समूहों की गुणवत्ता में सुधार के लिए एक स्व-निर्धारण प्रक्रिया बनाना; और फेडरेशनों का विकास करना ताकि समूहों को लगातार मार्गदर्शन मिल सके, उनका विकास हो और उनकी आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।

पिछड़े और वामपंथी अतिवाद-प्रभावित जिलों में महिला स्वयं सहायता समूहों का प्रवर्तन

3.26 देश के 150 पिछड़े और वामपंथी अतिवाद से प्रभावित जिलो में, भारत सरकार के सहयोग से महिला स्वयं सहायता समूहों के संवर्धन और वित्तपोषण की एक योजना कार्यान्वित की जा रही है । इस योजना का लक्ष्य उन गैर-सरकारी संगठनों / समर्थक एजेंसियों को शामिल करके, अर्थक्षम और अपनी क्षमता से काम कर सकनेवाले महिला स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देना है जो इन समूहों के बैंकों के साथ लिंकेज को प्रोत्साहित करेंगे और सुकर बनायेंगे, निरंतर सहयोग देते रहेंगे तथा ऋणों की चुकौती की जिम्मेदारी भी लेंगे। नाबार्ड इन गैर-सरकारी संगठनों को प्रति स्वयं सहायता समूह के लिए ₹10,000 की दर पर अनुदान सहायता प्रदान करेगा और उनके प्रशिक्षण तथा क्षमता निर्माण के उपायों पर आने वाली लागत भी स्वयं उठायेगा ।

स्वयं सहायता समूह / जेएलजी और एमएफआई के क्षमता निर्माण के लिए विकासात्मक सहायता

3.27 2011-12 के केंद्रीय बजट में की गई घोषणा के परिणामस्वरूप, एमएफडीईएफ में से नाबार्ड द्वारा पात्र एमएफआई को रेटिंग के लिए उपलब्ध कराई गई आवर्ती निधि सहायता, पूंजी सहायता और अनुदान सहायता 1 अप्रैल 2011 से समाप्त कर दी गयी है। तदनुसार, अब से वर्तमान एमएफडीईएफ पूरी तरह से स्वयं सहायता समूहों तथा एमएफआई के लिए प्रशिक्षण और क्षमता-निर्माण, आजीविका प्रवर्तन गतिविधियों तथा जेएलजी बनाने के लिए प्रयोग की जाएगी।

4. वित्तीय समावेशन

3.28 भारत में, आयोजना प्रक्रिया के प्रारंभ से ही निष्पक्षता के साथ वृद्धि एक प्रमुख उद्देश्य रहा है। इस दिशा में, वित्तीय समावेशन का उद्देश्य औपचारिक वित्तीय प्रणाली से वंचित लोगों को किफायती मूल्यों पर वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराना है। दीर्घकालिक समरस विकास को बनाए रखने के लिए यह बहुत महत्त्वपूर्ण है क्योंकि

बहुत सारे घरों/क्षेत्रों को बुनियादी बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, भले ही देश में एक बहुत बड़ा संस्थागत फ्रेमवर्क खड़ा कर दिया गया है। हाल के वर्षों में, सरकार तथा रिज़र्व बैंक द्वारा अब तक बैंकरहित/न्यून बैंकिंग क्षेत्रों को औपचारिक वित्तीय सेवाएं देने पर अधिकाधिक जोर दिया जा रहा है। समाज के सभी वर्गों को बैंकिंग सेवाओं की उपलब्धता में वृद्धि करने के लिए एक बहुआयामी रणनीति भी अपनायी गयी है। सार्वभौमिक वित्तीय समावेशन के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए, बैंकों को कई प्रकार की रणनीतियां अपनाने के लिए कहा गया है जिनमें (क) बुनियादी बैंकिंग उत्पाद उपलब्ध कराना; (ख) बिज़नेस कॉरेस्पांडेंट/बिज़नेस फैसिलिटेटर मॉडल प्रारंभ करना; (ग) कुछ शिथिल किये गये केवाईसी मानदंडों को अपनाकर वर्तमान विनियामक दिशा-निर्देशों में छूट देना; (घ) प्रौद्योगिकी का और अधिक उपयोग करना; तथा (ङ) जिलों में अधिक आउटरीच प्राप्त करने के लिए वित्तीय साक्षरता तथा ऋण परामर्श केंद्र स्थापित करना। 2011-12 के दौरान, देश के दूर-दराज हिस्सों में बैंकिंग सेवाओं की आउटरीच में विस्तार के उद्देश्य से रिज़र्व बैंक ने अपनी नीतिगत पहल जारी रखी।

बेहतर ग्रामीण आउटरीच प्राप्त करने के लिए शाखा प्राधिकरण नीति

3.29 2000 से अधिक की आबादी वाले 72,800 गांवों में मार्च 2012 तक बैंकिंग सुविधाएं लाने के उद्देश्य से, और उसके बाद कालांतर में चरणबद्ध रूप में सभी गावों में लाने के लिए, बैंकों को सूचित किया गया कि अपनी वार्षिक शाखा विस्तार योजना (एबीईपी) तैयार करते समय, वे वर्ष के दौरान खोली जानेवाली शाखाओं का कम-से-कम 25 प्रतिशत बैंक रहित ग्रामीण (टियर V तथा टियर VI) केंद्रों पर खोलें। टियर II केंद्रों में पहले से बेहतर बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से, टियर III से टियर VI केंद्रों में देशी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों को प्रदान की गई सामान्य अनुमति को टियर II (2001 की जनगणना के अनुसार 50,000 से 99,999 आबादी) केंद्रों में शाखाएं खोलने के लिए दे दी गयी। इसके लिए, सूचना देने की शर्त के अधीन, प्रत्येक मामले में रिज़र्व बैंक से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होगी।

खुदरा केंद्रों पर अंतर-परिचालनीयता

3.30 वित्तीय समावेशन को और आगे बढ़ाने के लिए, खुदरा केंद्रों या कारोबारी प्रतिनिधियों के उप-एजेंटों (अर्थात् जहां ग्राहक से मिलना होता है), के स्तर पर अंतर परिचालनीयता की अनुमति देने का निर्णय लिया गया, बशर्ते कि निम्नलिखित शर्तों का पालन किया जाए: (i) ऐसे खुदरा केंद्रों या बिज़नेस कॉरेस्पांडेंट के उप-एजेंटों के स्तर पर लेनदेन और उनका प्राधिकरण ऑनलाइन किया जाए; (ii) लेनदेन सीबीएस प्लेटफार्म पर किए जाएं; तथा (iii) भारतीय बैंक संघ द्वारा सूचित की गयी मानक परिचालन कार्यविधि का सभी बैंक पालन करें। लेकिन, ग्राहक से इंटरफेस के बिन्दु पर बिज़नेस कॉरेस्पांडेंट या उसका खुदरा केंद्र या उप-एजेंट उस बैंक का प्रतिनिधित्व करना जारी रखेगा जिसने बिज़नेस कॉरेस्पांडेंट को नियुक्त किया है।

बिज़नेस कॉरेस्पांडेंटों की सुविधा के लिए मध्यस्थ ब्रिक-एंड-मॉर्टार स्ट्रक्चर

3.31 इस बात को मानते हुए कि बिज़नेस कॉरेस्पांडेंट मॉडल की सफलता संबंधित बैंकों की आधार शाखाओं की सहायता और निगरानी पर निर्भर है, रिज़र्व बैंक ने बैंकों को सूचित किया था कि वे ऐसे ग्रामीण केंद्रों में आउटलेट स्थापित कर सकते हैं जो वर्तमान आधार शाखा तथा बिज़नेस कॉरेस्पांडेंट बिन्दुओं के बीच मध्यस्थ ब्रिक-एंड-मोर्टार स्ट्रक्चर (बहुत ही छोटी-छोटी शाखाएं) है ताकि 3 से 4 किलोमीटर की यथोचित दूरी पर लगभग 8 से 10 बिज़नेस कॉरेस्पांडेंट यूनिटों के समूह को सहायता दी जा सके। ऐसी बहुत ही छोटी-छोटी शाखाओं के पास न्यूनतम आवश्यक बुनियादी सुविधाएं होनी चाहिए, जैसे कि सीबीएस और इनका प्रबंध पूर्णकालिक बैंक अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा ही किया जाएगा। यह आशा है कि ऐसी व्यवस्था से नकदी प्रबंधन, दस्तावेज़ तैयार करने, ग्राहकों की शिकायतों का निवारण करने और बिज़नेस कॉरेस्पांडेंट परिचालनों की निकट से निगरानी करने में कुशलता आएगी। इसके अतिरिक्त, बिज़नेस कॉरेस्पांडेंट ऐसी बहुत ही छोटी-छोटी शाखाओं से काम कर सकते हैं, जो उस क्षेत्र में उनकी वैधता में इजाफा करें और उनकी विश्वनीयता बढ़ाएं और आम जनता में इतना विश्वास पैदा कर दें कि वे उनकी सेवाओं का उपयोग करना चाहेंगे।

पूर्वोत्तर क्षेत्र में बैंकों की उपस्थिति में सुधार लाने के लिए विशेष योजना

3.32 एसडीएस के अंतर्गत, पूर्वोत्तर क्षेत्र में सहमत केंद्रों पर शाखाएं स्थापित करने के लिए रिज़र्व बैंक ने 5 वर्ष के लिए एकबारगी पूंजी लागत और आवर्ती खर्च की प्रतिपूर्ति करने का

बीड़ा उठाया था, और राज्य सरकारें बैंक स्टाफ के लिए आवश्यक परिसर, सुरक्षा और किराये पर स्थान उपलब्ध कराने के लिए सहमत हो गई थीं। रिज़र्व बैंक द्वारा उपलब्ध कराई गई विशेष सुविधा केवल उन्हीं शाखाओं को दी जाएगी जिन्होंने 30 जून 2012 तक आबंटित केंद्रों पर काम करना शुरू कर दिया है।

5. विवेकपूर्ण विनियामक नीति

3.33 हाल के वैश्विक वित्तीय संकट ने बैंकिंग क्षेत्र में विनियमन के व्यापक आयामों को पुनः परिभाषित कर दिया है। अधिकाधिक यह महसूस किया जा रहा है कि विनियामक और पर्यवेक्षी नीतियों को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है, विशेषकर संपूर्ण प्रणालीगत दृष्टिकोण अपनाकर ताकि बैंकिंग क्षेत्र में अनुचक्रीय गतिविधियों का सामना किया जा सके। वर्ष के दौरान रिज़र्व बैंक की नीतिगत पहल का ध्यान अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाएं अपनाने पर रहा। वाणिज्यिक बैंकों द्वारा बासल II फ्रेमवर्क की ओर अग्रसर होने में काफी प्रगति हुई है और उन्नत दृष्टिकोण अपना लेने की दिशा में प्रयास जारी हैं। वर्ष के दौरान जो एक प्रमुख पहल की गयी थी वह है बासल III के कार्यान्वयन के लिए रोडमैप तैयार करना। भारत में प्रतिचक्रीय पूंजी बफर के कार्यान्वयन की जांच करने के लिए भी उपाय किये गये। एक गतिशील प्रावधान फ्रेमवर्क बनाने, अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ प्रतिभूतिकरण मानदंडों को जोड़ने, सुदृढ़ मुआवजा प्रथाएं अपनाने, गैर-वित्तीय कंपनियों में बैंकों के निवेश के संबंध में विवेकपूर्ण सीमाएं निर्धारित करने, मनी लांडरिंग/आंतकवादी गतिविधियों के वित्तपोषण संबंधी गतिविधियों पर नियंत्रण लगाने और बैंकों में विदेशी अंशदान का विनियमन करने के लिए भी पहल की गयी है।

बासल II उन्नत दृष्टिकोण की ओर अग्रसर होना

3.34 बासल II फ्रेमवर्क दो प्रकार की कार्यविधियां उपलब्ध कराता है, नामतः, बैंकों को ऋण के लिए पूंजी की आवश्यकता की गणना, बाजार तथा परिचालनगत जोखिमों के संबंध में आधारिक/मानकीकृत दृष्टिकोण और अधिक उन्नत दृष्टिकोण अपनाना। भारत में 1 अप्रैल 2009 से मानकीकृत दृष्टिकोण के अनुसार सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक बासल II अनुपालक हैं। जुलाई 2009 में, उन्नत दृष्टिकोण को चरणबद्ध रूप में अपनाने के लिए समय सीमा भी पब्लिक डोमेन में रखी गयी। बासल II उन्नत दृष्टिकोण अपना लेने से बैंकों को कई लाभ होते हैं जिनमें, अन्य बातों के साथ-साथ, जोखिम के आकलन और प्रबंधन में सुधार, निगरानी और सूचना देने की प्रक्रियाएं, उत्पादों का जोखिम-समायोजित सही मूल्यन तथा पूंजी का कुशल आबंटन। फिर भी, इस उन्नत जोखिम-संवेदनशील दृष्टिकोण को अपनाने के लिए, समग्र जोखिम प्रबंधन इन्फ्रास्ट्रक्चर, प्रणालियों, प्रथाओं तथा तौर-तरीकों के संबंध में बैंकों को और अधिक कुशल होना होगा।

3.35 बासल II के अधीन उन्नत दृष्टिकोण के प्रति अग्रसर होने के इच्छुक बैंकों को सूचित किया गया है कि वे अपनी तैयारी और रिज़र्व बैंक से अनुमोदन प्राप्त करने की शर्त के अधीन स्वैच्छिक आधार पर पूंजी की गणना के लिए बासल II के उन्नत दृष्टिकोण की ओर अग्रसर होने के लिए आवेदन कर सकते हैं। बाजार जोखिम, परिचालनगत जोखिम और विभिन्न जोखिमों के लिए उन्नत दृष्टिकोणों के संबंध में यथोचित दिशा-निर्देश क्रमशः अप्रैल 2010, अप्रैल 2011 और दिसंबर 2011 में जारी किए गए थे। इस समय बैंक अपनी तैयारी का आकलन कर रहे हैं और उन्नत दृष्टिकोणों के प्रति अग्रसर होने के लिए रिज़र्व बैंक को आवेदन कर रहे हैं।

बासल III के कार्यान्वयन के लिए रोडमैप

3.36 दिसंबर 2010 में बैंकिंग पर्यवेक्षण के संबंध में बासल समिति (बीसीबीएस) ने ''बासल IIIः ए ग्लोबल रेग्युलेटरी फ्रेमवर्क फॉर मोर रेसिलिएन्ट बैंक्स एंड बैंकिंग सिस्टम्स'' नामक एक व्यापक सुधार पैकेज जारी किया। इस सुधार पैकेज का उद्देश्य है - दबाव का स्रोत कुछ भी हो लेकिन वित्तीय और आर्थिक दबाव के कारण उत्पन्न आघातों को सहन करने के लिए बैंकिंग क्षेत्र की क्षमता में सुधार लाना ताकि वित्तीय क्षेत्र से वास्तविक अर्थव्यवस्था के प्रति जोखिम के फैल जाने में कमी लाई जा सके। इसके परिणामस्वरूप, 30 दिसंबर 2011 को जारी दिशा-निर्देशों के संबंध में विभिन्न हितधारकों से प्राप्त टिप्पणियों/सुझावों पर विधिवत विचार करने के बाद रिज़र्व बैंक ने 2 मई 2012 को भारतीय बैंकों में बासल III के कार्यान्वयन के संबंध में अंतिम दिशा-निर्देश जारी किए।

3.37 रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशा-निर्देश 1 जनवरी 2013 से चरणबद्ध रूप में लागू हो जाएंगे। बैंकों को तैयारी करने और योजना बनाने के लिए समय देने और साथ ही उच्चतर पूंजी आवश्यकताओं के कारण किसी अप्रत्याशित प्रतिकूल परिणाम को

न्यूनतम रखने के उद्देश्य से, एक लंबी फेज-इन अवधि दी गई है। बासल III मानदंड 31 मार्च 2018 से पूरी तरह से लागू हो जाएंगे।

दिशा-निर्देशों की मुख्य-मुख्य बातें निम्नानुसार हैं:

(i) **न्यूनतम पूंजी आवश्यकता:** कुल पूंजी जोखिम भारित आस्तियों (आरडब्ल्यूए) की कम-से-कम 9 प्रतिशत होनी चाहिए। टियर I पूंजी जोखिम भारित आस्तियों का कम-से-कम 7 प्रतिशत होनी चाहिए; और कॉमन इक्विटी टियर 1 पूंजी जोखिम भारित आस्तियों का कम-से-कम 5.5 प्रतिशत होनी चाहिए।

(ii) **कैपिटल कन्ज़रवेशन बफर (सीसीबी)** : जोखिम भारित आस्तियों के 2.5 प्रतिशत की कॉमन इक्विटी के रूप में सीसीबी बनाई रखी जानी चाहिए; और सीसीबी के पास कुल पूंजी जोखिम भारित आस्तियों का 11.5 प्रतिशत होगी।

(iii) **लीवरेज अनुपात:** गैर-जोखिम आधारित एक टियर 1 लीवरेज अनुपात निर्धारित किया गया है। 1 जनवरी 2013 से 1 जनवरी 2017 के दौरान लीवरेज अनुपात का एक पैरलल रन किया जाएगा जिसमें बैंकों को न्यूनतम टियर 1 लीवरेज अनुपात का 4.5 प्रतिशत बनाए रखने के लिए प्रयास करने चाहिए। बासल समिति के अंतिम प्रस्ताव को ध्यान में रखते हुए लीवरेज अनुपात संबंधी आवश्यकता को अंतिम रूप दिया जाएगा।

3.38 पूंजी संरक्षण बफर तथा विनियामक कटौती सहित बासल III पूंजी आवश्यकताओं की अवधि 1 जनवरी 2013 से प्रारंभ होगी और बासल III नियमों में उल्लिखित समय-सीमा (1 जनवरी 2019) 31 मार्च 2018 से पहले पूरी तरह कार्यान्वित कर दी जाएगी। भारत में, बासल III का कार्यान्वयन 9 महीने पहले कर दिया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पूरा कार्यान्वयन बैंकों के वित्तीय क्लोज़र के साथ-साथ हो जाए (सारणी III.2)।

3.39 एक विवेकपूर्ण उपाय के रूप में बासल I/बासल II पूंजी पर्याप्तता फ्रेमवर्क के अधीन बासल समिति द्वारा निर्धारित 8 प्रतिशत की तुलना में रिज़र्व बैंक ने हमेशा ही न्यूनतम पूंजी पर्याप्तता अनुपात में 1 प्रतिशत वृद्धि करके उसे 9 प्रतिशत रखा है। इस उच्चतर निर्धारण से बैंकिंग प्रणाली को लाभ ही पहुंचा है। उच्चतर पूंजी पर्याप्तता मानदंडों से यह सुनिश्चित हो सकेगा कि अलग-अलग बैंक और मजबूत हों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। उच्चतर निर्धारण से भारतीय बैंकिंग प्रणाली की गतिशीलता में भी वृद्धि होती है। यह महत्त्वपूर्ण है कि बैंकों को कुछ जोखिमों का सामना करना पड़ता है जिन्हें यथोचित रूप से स्पष्ट नहीं किया जा सकता और निर्धारित नहीं किया जा सकता। इसलिए ऐसे जोखिमों पर मुख्यतः अतिरिक्त पूंजी कुशन के द्वारा कार्रवाई की जा सकती है। इसके अतिरिक्त, बासल समिति अपने-अपने क्षेत्राधिकारों में उच्चतर न्यूनतम पूंजी आवश्यकता के निर्धारण में राष्ट्रीय विनियामकों को स्वतंत्रता देती है। कई विनियामकों ने बासल समिति द्वारा निर्धारित न्यूनतम आवश्यकता की तुलना में उच्चतर पूंजी पर्याप्तता आवश्यकताएं निर्धारित की हैं।

भारत में प्रतिचक्रीय पूंजी बफर की जांच के लिए गठित कार्यदल

3.40 अनुचक्रीयता हाल में हुई वैश्विक वित्तीय संकट के लिए पहचाने गए अंतर्निहित कारणों में से एक है। इस पृष्ठभूमि में,

सारणी III.2: बासल III के कार्यान्वयन के लिए चरणवार समय-सीमा

(जोखिम-भारित आस्तियों का प्रतिशत)

न्यूनतम पूंजी अनुपात	1 जन. 2013	31 मार्च 2014	31 मार्च 2015	31 मार्च 2016	31 मार्च 2017	31 मार्च 2018
न्यूनतम कॉमन इक्विटी टियर 1 (सीईटी 1)	4.5	5.0	5.5	5.5	5.5	5.5
पूंजी कंजर्वेशन बफर (सीसीबी)	-	-	0.625	1.25	1.875	2.5
न्यूनतम सीईटी1 +सीसीबी	4.5	5.0	6.125	6.75	7.375	8.0
न्यूनतम टियर1 पूंजी	6.0	6.5	7.0	7.0	7.0	7.0
न्यूनतम कुल पूंजी	9.0	9.0	9.0	9.0	9.0	9.0
न्यूनतम कुल पूंजी + सीसीबी	9.0	9.0	9.625	10.25	10.875	11.5
सीईटी1 से सभी कटौतियों का फेज-इन (% में)	20.0	40.0	60.0	80.0	100.0	100.0

(छ) सभी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को अपने बोर्ड के अनुमोदन से उचित व्यवहार संहिता लागू करनी चाहिए। उसे अपनी वेबसाइट पर डालना चाहिए।

(ज) गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के बोर्ड को ब्याज दरों के निर्धारण और प्रोसेसिंग तथा अन्य प्रभारों को तय करने के लिए समुचित आंतरिक सिद्धांत और प्रक्रियाएं निर्धारित करनी चाहिए।

(झ) प्रत्येक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के बोर्ड को निधियों की लागत, मार्जिन और जोखिम प्रीमियम जैसे संबंधित कारकों को ध्यान में रखते हुए एक ब्याज दर मॉडल अपनाना चाहिए।

(ञ) गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को उधारकर्ता के साथ किए गए कर्ज करार/ संविदा में एक पुनः कब्जा खंड अवश्य रखना चाहिए जिसे कानूनी तौर पर लागू कराया जा सके।

(ट) पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए, संविदा / कर्ज करार की शर्तों में निम्नलिखित प्रावधान भी होने चाहिए:(क) कब्जा लेने के पहले नोटिस अवधि; (ख) वे परिस्थितियां जिनके अंतर्गत नोटिस अवधि को माफ किया जा सकता है; (ग) प्रतिभूति को कब्जा में लेने की प्रक्रिया; (घ) संपत्ति की बिक्री/ नीलामी के पहले कर्ज के भुगतान के लिए उधारकर्ता को दिये जाने वाले अंतिम अवसर से संबंधित प्रावधान; (ङ) उधारकर्ता को पुनः कब्जा देने की प्रक्रिया और (च) संपत्ति की बिक्री/ नीलामी की प्रक्रिया।

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी - माइक्रो फाइनैंस संस्थाएं

उक्त सामान्य सिद्धांतों के अलावा, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-माइक्रो फाइनैंस संस्थाओं को उन उचित व्यवहारों को अपनाने की आवश्यकता है जो उनके उधार देने के कारोबार और विनियामी ढांचे के अनुरूप हैं।

(क) देशी भाषा में एक घोषणा तैयार करके उसे गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-माइक्रो फाइनैंस संस्था के अपने परिसर में प्रदर्शित किया जाना चाहिए, साथ ही कर्ज संबंधी कार्डों में पारदर्शिता तथा उधार देने की उचित प्रथा के प्रति प्रतिबद्धता का उल्लेख किया जाना चाहिए;

(ख) उधारकर्ताओं के मौजूदा ऋणों से संबंधित आवश्यक प्रश्न पूछने के लिए फील्ड स्टाफ को प्रशिक्षित किया जाना चाहिए और उधारकर्ताओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए;

(जारी)

(ग) ब्याज की प्रभावी दर और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-माइक्रो फाइनैंस संस्था द्वारा बनाई गई शिकायत निवारण प्रणाली को अपने सभी कार्यालयों में स्पष्ट रूप में प्रदर्शित किया जाना चाहिए;

(घ) स्टाफ-सदस्यों के अनुचित व्यवहार को रोकने के लिए माइक्रो फाइनैंस संस्थाएं उत्तरदायी होंगी तथा समय पर शिकायतों का निवारण किया जाएगा, इस प्रकार की एक घोषणा कर्ज करार में की जानी चाहिए;

(ङ) सभी कर्जों की स्वीकृति और उनका संवितरण केवल केन्द्रीय स्थान पर किया जाना चाहिए और इस कार्य में एक से अधिक व्यक्ति लगाये जाना चाहिए;

(च) सभी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-माइक्रो फाइनैंस संस्थाओं के पास बोर्ड द्वारा अनुमोदित कर्ज करार का मानक फॉर्म होना चाहिए, यह फार्म देशी भाषाओं में तैयार करने को वरीयता दी जानी चाहिए;

(छ) कर्ज कार्ड में लगाए गए प्रभावी ब्याज सहित सभी ब्यौरे दिये जाने चाहिए;

(ज) जारी किये गये ऋणेतर उत्पादों पर उधारकर्ताओं की पूर्ण सहमति होनी चाहिए और कर्ज कार्ड में ही शुल्क का विवरण दिया जाना चाहिए;

(झ) वसूली सामान्य रूप से केवल एक निर्दिष्ट केन्द्रीय स्थान पर होनी चाहिए;

(ञ) गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-माइक्रो फाइनैंस संस्थाओं को सुनिश्चित करना होगा कि फील्ड स्टाफ की आचरण संहिता संबंधी बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति लागू है;

स्वर्ण आभूषणों की जमानत पर कर्ज

(क) यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कदम उठाये जाएं कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी केवाईसी दिशानिर्देशों का पालन किया जा रहा है और यह सुनिश्चित करने के लिए भी कदम उठाये जाएं कि ग्राहक को कोई कर्ज देने के पहले पर्याप्त सतर्कता बरती गई है।

(ख) प्राप्त आभूषणों के लिए समुचित जांच प्रक्रिया।

(ग) स्वर्ण आभूषणों के स्वामित्व की जांच के लिए आंतरिक प्रणाली।

(घ) नीति में इन बातों को भी शामिल किया जाना चाहिए, जैसे आभूषणों को सुरक्षित तिजोरी में रखने के लिए पर्याप्त व्यवस्था हो, इस प्रणाली की निरंतर आधार पर समीक्षा हो, संबंधित स्टाफ सदस्यों को प्रशिक्षित किया जाए और यह सुनिश्चित करने के लिए कि कार्यविधि का पूरी तरह से अनुपालन किया जा रहा है आंतरिक लेखा परीक्षकों द्वारा आवधिक निरीक्षण किया जाए।

(ङ) ऐसी शाखाओं द्वारा स्वर्ण की जमानत पर कर्ज नहीं दिये जाने चाहिए जिनके पास आभूषणों को रखने के लिए समुचित सुविधा नहीं है।

(च) संपार्श्विक के रूप में स्वीकार किये गये आभूषणों का समुचित तरीके से बीमा कराया जाना चाहिए।

(छ) भुगतान न किये जाने के मामले में आभूषणों की नीलामी से संबंधित बोर्ड अनुमोदित नीति पारदर्शी होनी चाहिए और नीलामी की तारीख के पहले उधारकर्ता को समुचित पूर्व नोटिस दिया जाना चाहिए।

(ज) कम से कम 2 समाचार पत्रों अर्थात एक देशी भाषा में और दूसरा राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र में विज्ञापन देकर जनता को नीलामी की सूचना दी जानी चाहिए।

(झ) गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को नीलामी में नीति के तौर पर स्वयं भाग नहीं लेना चाहिए।

(ञ) गिरवी रखे गये स्वर्ण की नीलामी बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीलामीकर्ताओं के माध्यम से की जाएगी।

(ट) धोखाधड़ी से निपटने के लिए बनाई जाने वाली प्रणाली और प्रक्रिया को भी नीति में शामिल किया जाएगा जिसमें संग्रहण, कार्यान्वयन और अनुमोदन के कर्तव्यों को अलग-अलग रखा जाएगा।

6.34 2011-12 में सभी कंपनियों की सभी तीन प्रकार की अनर्जक आस्तियों की श्रेणियों अर्थात अवमानक, संदिग्ध और हानिग्रस्त आस्तियों के हिस्सों में वृद्धि हुई जिससे इन संस्थाओं की आस्ति गुणवत्ता में मामूली गिरावट का पता चलता है। आस्ति की गुणवत्ता में गिरावट मुख्य रूप से आस्ति वित्त कंपनियों के कारण हुई (सारणी VI.29)।

सारणी VI.29: एनबीएफसी के वर्गीकरण के अनुसार जमाराशियां लेने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की आस्तियों का वर्गीकरण

(राशि ₹ बिलियन में)

	मानक आस्तियां	अवमानक आस्तियां	संदिग्ध आस्तियां	हानि आस्तियां	सकल अनर्जक आस्तियां	सकल अग्रिम
1	2	3	4	5	6	7
आस्ति वित्त कंपनियां						
2010-11	515	2.1	0.3	0.1	2.5	517
	(99.5)	(0.4)	(0.1)	(0.0)	(0.5)	(100.0)
2011-12अ	648	10	4	2	15	663
	(97.7)	(1.5)	(0.5)	(0.3)	(2.3)	(100.0)
कर्ज कंपनियां						
2010-11	180	1	2	0	2	183
	(98.7)	(0.6)	(0.4)	(0.0)	(1.3)	(100.0)
2011-12अ	205	2	1	0.4	3	208
	(98.4)	(1.0)	(0.4)	(0.2)	(1.6)	(100.0)
सभी कंपनियां						
2010-11	695	3	2	0.1	5	700
	(99.3)	(0.5)	(0.1)	(0.0)	(0.7)	(100.0)
2011-12अ	852	12	4	2	19	871
	(97.8)	(1.4)	(0.5)	(0.3)	(2.2)	(100.0)

अ.: अनंतिम

टिप्पणी: कोष्ठक में दिए गए आंकड़े कुल ऋण एक्सपोजर के प्रतिशत हैं।

स्रोत: एनबीएफसी-डी की छमाही विवरणियां।

सारणी VI. 30 जमाराशियां लेने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों का पूंजी पर्याप्तता अनुपात

(कंपनियों की संख्या)

सीआरएआर दायरा	2010-11			2011-12अ		
	एएफसी	एलसी	कुल	एएफसी	एलसी	कुल
1	2	3	4	5	6	7
1) 12 प्रतिशत से कम	1	1	2	1	1	2
क) 9 प्रतिशत से कम	1	1	2	1	1	2
ख) 9 प्रतिशत से अधिक तथा 12 प्रतिशत तक	0	0	0	0	0	0
2) 12 प्रतिशत से अधिक तथा 15 प्रतिशत तक	1	2	3	1	0	1
3) 15 प्रतिशत से अधिक तथा 20 प्रतिशत तक	5	3	8	8	3	11
4) 20 प्रतिशत से अधिक तथा 30 प्रतिशत तक	19	3	22	16	2	18
5) 50 प्रतिशत से अधिक	142	27	169	131	27	158
कुल	**168**	**36**	**204**	**157**	**33**	**190**

अ.: अनंतिम
टिप्पणी: एएफसी: आस्ति वित्त कंपनी; एलसी : कर्ज कंपनियां
स्रोत : छमाही विवरणियां।

6.35 मार्च 2012 के अंत में, रिपोर्ट करने वाली 190 गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में से 187 कंपनियों का सीआरएआर 15 प्रतिशत से अधिक था (सारणी VI.30)। इससे यह संकेत मिलता है कि गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों से समेकन की प्रक्रिया चल रही है, कमजोर गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां धीरे-धीरे बाहर निकल रही हैं और मजबूत कंपनियां उनकी जगह ले रही हैं। मार्च 2012 के अंत में सभी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की निवल स्वाधिकृत निधियों की तुलना में सार्वजनिक जमाराशियों का अनुपात कमोबेश पूर्ववत रहा है (सारणी VI.31)। 2011-12 के दौरान जमाराशियां लेने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की निवल स्वाधिकृत निधियों और सार्वजनिक जमाराशियों में काफी

सारणी VI.31 वर्गीकरण-वार जमाराशियां लेने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की सार्वजनिक जमाराशियों की तुलना में निवल स्वाधिकृत निधियां

(राशि ₹ बिलियन में)

वर्गीकरण	निवल स्वाधिकृत निधि		सार्वजनिक जमाराशियां	
	2010-11	2011-12अ.	2010-11	2011-12अ.
1	2	3	4	5
आस्ति वित्त कंपनियां	108	139	36 (0.3)	45 (0.3)
कर्ज कंपनियां	42	56	4 (0.1)	13 (0.2)
कुल	**150**	**195**	**41 (0.3)**	**58 (0.3)**

अ: अनंतिम
टिप्पणी: कोष्ठक में दिए गए आंकड़े निवल स्वाधिकृत निधियों की तुलना में सार्वजनिक जमाराशियों के अनुपात हैं।
स्रोत: वार्षिक विवरणियां।

अधिक वृद्धि हुई। निवल स्वाधिकृत निधियों में वृद्धि मुख्य रूप से ₹5,000 मिलियन और उससे अधिक वाली श्रेणी में केन्द्रित थी (सारणी VI.32)।

अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनियां

अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनियां अन्य कारोबार मॉडलों की ओर जाने करने की प्रक्रिया में हैं

6.36 मार्च 2012 को समाप्त वर्ष के दौरान अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनियों की आस्तियों में 34 प्रतिशत की गिरावट आई। इन आस्तियों में मुख्य रूप से भाररहित अनुमोदित प्रतिभूतियों, बांडों / डिबेंचरों में निवेश तथा अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की मीयादी जमाराशियां / प्रमाणपत्र शामिल हैं। 2011-12 में अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनियों की निवल स्वाधिकृत निधियों में भी 52.2 प्रतिशत की गिरावट आई है (सारणी VI.33)। 2011-12 के दौरान अवशिष्ट गैर-बैंकिंग

सारणी VI.32: जमाराशियां लेने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की सार्वजनिक जमाराशियों की तुलना में निवल स्वाधिकृत निधियों का दायरा

(राशि ₹ मिलियन में)

निवल स्वाधिकृत निधि का दायरा	2010-11			2011-12अ		
	कंपनियों की संख्या	निवल स्वाधिकृत निधि	सार्वजनिक जमाराशियां	कंपनियों की संख्या	निवल स्वाधिकृत निधि	सार्वजनिक जमाराशियां
1	2	3	4	5	6	7
₹2.5 मिलियन तक	2	-2,003	324	1	-1	1.2
₹2.5 मिलियन से अधिक और ₹20 मिलियन तक	113	838	320	89	750	242
₹20 मिलियन से अधिक और ₹100 मिलियन तक	65	2,662	1,359	67	2,894	1,271
₹100 मिलियन से अधिक और ₹500 मिलियन तक	20	4,529	1,133	21	4,468	1,252
₹500 मिलियन से अधिक और ₹1000 मिलियन तक	2	1,204	1,038	4	2,869	817
₹1000 मिलियन से अधिक और ₹5000 मिलियन तक	7	17,118	4,526	7	13,876	15,612
₹5000 मिलियन से अधिक	8	1,25,527	31,923	7	1,69,792	39,212
कुल	**217**	**1,49,874**	**40,623**	**196**	**1,94,648**	**58,406**

अ.: अनंतिम ।
टिप्पणी: कोष्ठक में दिए गए आंकड़े संबंधित स्वाधिकृत निधि की तुलना में सार्वजनिक जमाराशियों के अनुपात हैं।
स्रोत: वार्षिक विवरणियां ।

सारणी VI.33 : अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनियों का प्रोफाइल

(राशि ₹ मिलियन में)

मद	2010-11	2011-12अ	घट-बढ़ प्रतिशत में	
			2010-11	2011-12अ
1	2	3	4	5
क. आस्तियां (i से v)	**1,14,670**	**75,430**	**-26.6**	**-34.2**
(i) भाररहित अनुमोदित प्रतिभूतियों में निवेश	13,080	8,380	-47.0	-36.0
(ii) अनुसूचित वाणिज्य बैंकों / सरकारी वित्तीय संस्थाओं की मीयादी जमाराशियों/ जमा प्रमाणपत्रों में निवेश	26,520	13,900	-45.4	-47.6
(iii) सरकारी कंपनियों/ सरकारी क्षेत्र के बैंकों / सार्वजनिक वित्तीय संस्थाओं / निगमों के डिबेंचर/बांड/वाणिज्यिक पत्र	28,760	7,510	-45.6	-73.9
(iv) अन्य निवेश	490	4,330	-96.2	784.3
(v) अन्य आस्तियाँ	45,820	41,310	166.6	-9.8
ख. निवल स्वाधिकृत निधि	29,880	14,270	2.3	-52.2
ग. कुल आय (i+ii)	11,590	3,320	-40.4	-71.3
(i) निधि आय	11,280	2,940	-41.3	-73.9
(ii) शुल्क आय	310	380	19.2	24.1
घ. कुल व्यय (i+ii+iii)	10,060	1,660	-28.1	-83.5
(i) वित्तीय लागत	6,310	460	-35.2	-92.7
(ii) परिचालन लागत	3,680	520	7.3	-85.9
(iii) अन्य लागत	70	680	-91.6	876.9
ङ. कराधान	620	570	-62.2	-8.1
च. परिचालन लाभ (पीबीटी)	1,530	1,670	-72.0	8.9
छ. निवल लाभ(पीएटी)	910	1,100	-76.2	20.5

अ.: अनंतिम ।
पीबीटी: कर पूर्व लाभ; पीएटी : कर पश्चात लाभ।

कंपनियों के व्यय में गिरावट आय में गिरावट से अधिक रही जिसके परिणामस्वरूप वर्ष के दौरान अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनियों के परिचालन लाभ में बढ़ोतरी हुई। कराधान के प्रावधान में गिरावट के कारण 2011-12 के दौरान अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनियों के निवल लाभ में तेजी से वृद्धि हुई।

अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनियों की जमाराशियों का क्षेत्रीय स्वरूप

6.37 मार्च 2012 के अंत में दो अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनियां रिज़र्व बैंक के पास पंजीकृत थीं। इनमें से एक मध्य क्षेत्र में और एक पूर्वी क्षेत्र में स्थित है। दोनों ही अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनियां दूसरे कारोबारी मॉडल में जाने की प्रक्रिया में हैं और उनको 2015 तक अपनी जमा देयताओं को घटाकर 'शून्य' करने का निदेश दिया गया है। 2011-12 के दौरान इन दो अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनियों द्वारा धारित सार्वजनिक जमाराशियों में बहुत अधिक गिरावट दिखी, ऐसा मुख्य रूप से सहारा इंडिया वित्तीय निगम लिमिटेड द्वारा धारित

सारणी VI.34: अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनियों द्वारा धारित सार्वजनिक जमाराशियां - क्षेत्र-वार

(राशि ₹ बिलियन में)

मद	2010-11		2011-12अ	
	आरएनबीसी की संख्या	जमाराशियां	आरएनबीसी की संख्या	सार्वजनिक जमाराशियां
1	2	3	4	5
मध्य	1	53 (66.9)	1	21 (50.0)
पूर्वी	1	26 (33.1)	1	21 (50.0)
कुल	2	79	2	42
महानगरीय शहर				
कोलकाता	1	26	1	21
कुल	1	26	1	21

अ.: अनंतिम ।
टिप्पणी: कोष्ठक में दिए गए आंकड़े संबंधित कुल का अनुपात हैं।
स्रोत: वार्षिक विवरणियां ।

जमाराशियों में काफी अधिक गिरावट के कारण हुआ (सारणी VI.34)।

अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनियों के निवेश का स्वरूप

6.38 जमाराशियों में गिरावट के फलस्वरूप, 2011-12 के दौरान अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनियों के निवेशों में गिरावट आई। यह गिरावट निवेश के सभी खंडों में देखी जा सकती है (सारणी VI.35)।

जमाराशियां न लेने वाली प्रणालीगत दृष्टि से महत्त्वपूर्ण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां

यद्यपि बैंक उधारों का आकार बड़ा है, डिबेंचरों के माध्यम से लिए गये उधारों में काफी अधिक वृद्धि देखी गयी

6.39 मार्च 2012 के अंत में जमाराशियां न लेने वाली प्रणालीगत दृष्टि से महत्त्वपूर्ण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की आस्तियों में 21

सारणी VI.35: अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनियों के निवेश का स्वरूप

(राशि ₹ मिलियन में)

मद	2010-11	2011-12अ
1	2	3
जमाकर्ताओं के प्रति समग्र देयताएं (एएलडी)	**79,020**	**42,650**
(i) भाररहित अनुमोदित प्रतिभूतियां	13,080 (16.6)	8,380 (19.6)
(ii) बैंकों में सावधि जमाराशियां	26,520 (33.6)	13,900 (32.6)
(iii) सरकारी कंपनी/सरकारी क्षेत्र के बैंक/ सरकारी वित्तीय संस्था/ निगम के बांड या डिबेंचर या वाणिज्यिक पत्र	28,760 (36.4)	7,510 (17.6)
(iv) अन्य निवेश	490 (0.6)	4,330 (10.2)

अ.: अनंतिम
टिप्पणी: कोष्ठक में दिए गए आंकड़े जमाकर्ताओं के प्रति समग्र देयताओं के प्रतिशत हैं।
स्रोत : वार्षिक विवरणियां ।

प्रतिशत की वृद्धि हुई। जमाराशियां न लेने वाली प्रणालीगत दृष्टि से महत्त्वपूर्ण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के कुल उधारों (जमानती और बेजमानती) में 23.6 प्रतिशत की काफी अधिक वृद्धि दिखी जो कुल देयताओं के दो-तिहाई से अधिक थी (सारणी VI.36)। जमानती उधार, जमाराशियां न लेने वाली प्रणालीगत दृष्टि से महत्त्वपूर्ण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की निधियों के सबसे बड़े स्रोत रहे, जिसके पश्चात बेजमानती उधार, आरक्षित निधियां और अधिशेष थे।

सारणी VI.36: एनबीएफसी-एनडी-एसआई का समेकित तुलन-पत्र

(राशि ₹ बिलियन में)

मद	2010-11	2011-12	घट-बढ़ (प्रतिशत)
1	2	3	4
1. शेयर पूंजी	**382**	**505**	**32.1**
2. रिजर्व और अधिशेष	1,599	1,901	18.9
3. कुल उधार	**5,175**	**6,398**	**23.6**
अ. जमानती उधार	**2,915**	**3,770**	**29.3**
अ.1. डिबेंचर	984	1,732	76.0
अ.2. बैंकों से उधार	1,006	1,441	43.2
अ.3. वित्तीय संस्थाओं से उधार	103	90	-12.7
अ.4. उपचित ब्याज	52	63	22.9
अ.5. अन्य	770	444	-42.3
आ. बेजमानती उधार	**2,260**	**2,628**	**16.3**
आ.1. डिबेंचर	753	1,218	61.7
आ.2. बैंकों से उधार	461	436	-5.3
आ.3. वित्तीय संस्थाओं से उधार	31	53	74.0
आ.4. रिश्तेदारों से उधार	13	12	-9.5
आ.5. इंटर-कारपोरेट उधार	242	278	14.5
आ.6. वाणिज्यिक पत्र	314	306	-2.8
आ.7. उपचित ब्याज	44	69	59.0
आ.8. अन्य	401	256	-36.3
4. चालू देयताएं एवं प्रावधान	457	409	-10.6
कुल देयताएं / कुल आस्तियां	**7,613**	**9,213**	**21.0**
आस्तियां			
1. कर्ज तथा अग्रिम	4,709	5,900	25.3
1.1. जमानती	3,406	4,486	31.7
1.2. बेजमानती	1,304	1,414	8.5
2. किराया खरीद आस्तियां	502	635	26.5
3. निवेश	1,507	1,595	5.9
3.1. दीर्घावधि निवेश	1,089	1,227	12.6
3.2. चालू निवेश	417	368	-11.7
4. नकद और बैंक शेष	313	357	14.0
5. अन्य चालू आस्तियां	437	553	26.5
6. अन्य आस्तियां	144	173	19.9
ज्ञापन मदें			
1. पूंजी बाजार एक्सपोजर	822	799	-2.8
जिसमें से : ईक्विटी शेयर	347	253	-27.0
2. कुल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में पूंजी बाजार एक्सपोजर	10.8	8.7	
3. लीवरेज अनुपात	2.84	2.83	2.95

टिप्पणी: 1. प्रतिशत घटबढ़ में थोड़ा अंतर हो सकता है क्योंकि पूर्ण संख्याओं को ₹ बिलियन में पूर्णांकित किया गया है।

स्रोत: एनडी-एसआई की मासिक विवरणियां (₹1 बिलियन और उससे अधिक)।

6.40 जमाराशियां न लेने वाले प्रणालीगत दृष्टि से महत्त्वपूर्ण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी खंड में तेजी से वृद्धि हो रही है। उधार उनकी निधियों के सबसे बड़े स्रोत हैं, जो अधिकांशतः बैंकों और वित्तीय संस्थाओं से लिए गए हैं। वे जितना बैंक वित्तीयन पर निर्भर करते हैं जमाकर्ताओं के प्रति उनका अप्रत्यक्ष एक्सपोजर उतना ही होता है। यद्यपि निधियों के संकेन्द्रण में जोखिम निहित हैं परंतु गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को बैंकों द्वारा उधार देने में सीमा लगाने से उनकी वृद्धि रुक सकती है। जमाराशियां न लेने वाले प्रणालीगत दृष्टि से महत्त्वपूर्ण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी खंड का लीवरेज अनुपात पिछले वर्ष की तरह ही बना हुआ है।

जमाराशियां न लेने वाली प्रणालीगत दृष्टि से महत्त्वपूर्ण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के क्षेत्रवार उधार

उत्तरी क्षेत्र निधियों का प्रमुख स्रोत बना हुआ है

6.41 जमाराशियां न लेने वाली प्रणालीगत दृष्टि से महत्त्वपूर्ण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के क्षेत्रवार उधारों के विश्लेषण से उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्र के प्राधान्य का पता चलता है। वर्ष के दौरान मार्च 2012 के अंत में कुल उधारों में उनका हिस्सा 70 प्रतिशत से अधिक था। जून 2012 को समाप्त तिमाही के दौरान यही प्रवृत्ति जारी रही। मार्च 2012 को समाप्त वर्ष और जून 2012 को समाप्त तिमाही के दौरान सभी क्षेत्रों में वृद्धि हुई (सारणी VI.37)।

वित्तीय कार्य-निष्पादन

जमाराशियां न लेने वाली प्रणालीगत दृष्टि से महत्त्वपूर्ण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के वित्तीय कार्य-निष्पादन में गिरावट आई और अनर्जक आस्तियों में वृद्धि हुई

6.42 जमाराशियां न लेने वाली प्रणालीगत दृष्टि से महत्त्वपूर्ण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के वित्तीय कार्य-निष्पादन में मामूली रूप

सारणी VI.37: एनबीएफसी-एनडी-एसआई की उधारियां - क्षेत्र-वार

(राशि ₹ बिलियन में)

क्षेत्र	मार्च 2011	मार्च 2012अ	जून 2012अ
1	2	3	4
उत्तर	2,707	3,431	3,502
पूर्व	231	329	368
पश्चिम	1,383	1,512	1,594
दक्षिण	854	1,127	1,193
कुल उधार राशियां	**5,175**	**6,398**	**6,657**

अ.: अनंतिम

स्रोत : एनबीएफसी-एनडी-एसआई की मासिक विवरणियां ।

सारणी VI.38: एनबीएफसी-एनडी-एसआई क्षेत्र का वित्तीय कार्य-निष्पादन

(राशि ₹ बिलियन में)

मद	निम्नलिखित के अंत में		
	मार्च 2011	मार्च 2012	जून 2012
1	2	3	4
1. कुल आय	752	948	263
2. कुल व्यय	529	740	192
3. निवल लाभ	160	139	51
4. कुल आस्तियां	7,613	9,213	9,608
वित्तीय अनुपात			
(i) कुल आस्तियों की तुलना में आय (प्रतिशत)	9.9	10.3	2.7
(ii) कुल आस्तियों की तुलना में में व्यय (प्रतिशत)	6.9	8.0	1.9
(iii) कुल आय की तुलना में निवल लाभ (प्रतिशत)	21.3	14.6	19.4
(iv) कुल आस्तियों की तुलना में निवल लाभ (प्रतिशत)	2.1	1.5	0.5

स्रोत: एनडी-एसआई की मासिक विवरणियां (₹1 बिलियन और उससे अधिक)।

से गिरावट आई जैसाकि 2011-12 के निवल लाभ की गिरावट में परिलक्षित हुआ (सारणी VI.38)। वर्ष के दौरान जमाराशियां न लेने वाली प्रणालीगत दृष्टि से महत्त्वपूर्ण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की कुल आस्तियों की तुलना में सकल और निवल एनपीए दोनों में वृद्धि हुई। जून 2012 में यही प्रवृत्ति जारी रही (सारणी VI.39)।

सारणी VI.39 एनबीएफसी-एनडी-एसआई क्षेत्र का अनर्जक आस्ति अनुपात

(प्रतिशत)

मद	निम्नलिखित के अंत में		
	मार्च 2011	मार्च 2012	जून 2012
1	2	3	4
(i) सकल अग्रिमों की तुलना में सकल एनपीए		2.08	2.26
(ii) निवल अग्रिमों की तुलना में निवल एनपीए		1.25	1.37
(iii) कुल आस्तियों की तुलना में सकल एनपीए		1.48	1.61
(iv) कुल आस्तियों की तुलना में निवल एनपीए		0.88	0.97

स्रोत : एनडी-एसआई की मासिक विवरणियां (₹1 बिलियन और अधिक)।

सारणी VI.40: एनबीएफसी-एनडी-एसआई का पूंजी पर्याप्तता अनुपात- एनबीएफसी के प्रकार के अनुसार

(कंपनियों की संख्या)

सीआरएआर दायरा	एएफसी	आईएफसी	आईसी	एलसी	कुल
1	2	3	4	5	6
15 प्रतिशत से कम	0	0	21	15	36
15 प्रतिशत से 20 प्रतिशत तक	5	1	8	20	34
20 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक	2	2	5	14	23
25 प्रतिशत से 30 प्रतिशत तक	3	0	6	4	13
30 प्रतिशत से अधिक	8	1	171	79	259
कुल	**18**	**4**	**211**	**132**	**365**

टिप्पणी: एएफसी : आस्ति वित्त कंपनियां; आईएफसी : इन्फ्रास्ट्रक्चर वित्त कंपनियां; आईसी :निवेश कंपनियां; एलसी : कर्ज कंपनियां ।
स्रोत : एनबीएफसी-एनडी-एसआई की त्रैमासिक विवरणियां ।

6.43 31 मार्च 2012 को रिपोर्ट करने वाली अधिकांश कंपनियों ने 15 प्रतिशत सीआरएआर के निर्धारित न्यूनतम मानदंड को बनाये रखा। रिपोर्ट करने वाली केवल 10 प्रतिशत कंपनियों का सीआरएआर 15 प्रतिशत से कम है (सारणी VI.40)। ये कंपनियां भी अपने मीयादी कर्ज, कार्यशील पूंजी कर्ज और डिबेंचरों / वाणिज्यिक पत्रों के लिए राष्ट्रीयकृत बैंकों पर बहुत अधिक निर्भर रहीं। मीयादी कर्ज और कार्यशील पूंजी कर्ज को जुटाने के लिए निजी क्षेत्र के नये बैंक इन कंपनियों के लिए दूसरे प्रमुख बैंक समूह के रूप में उभरे हैं (सारणी VI.41)।

4. प्राथमिक व्यापारी

6.44 30 जून 2012 को वित्तीय बाजार में 21 प्राथमिक व्यापारी कार्य कर रहे थे। इनमें से 13 बैंकों द्वारा विभाग के रूप में चलाये जा रहे प्राथमिक व्यापारी थे, जिन्हें बैंक - प्राथमिक व्यापारी कहा जाता है, और शेष 8 बैंक से इतर संस्थाएं थीं, जिन्हें स्टैंडएलोन प्राथमिक व्यापारी कहा जाता है। ये भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45आईए के अंतर्गत गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के रूप में पंजीकृत हैं।

सारणी VI.41: एनबीएफसी -एनडी- एसआई क्षेत्र का बैंक एक्सपोजर

(मार्च 2012 के अंत में)

(राशि ₹ बिलियन में)

बैंक समूह	मीयादी ऋण	कार्यशील पूंजी कर्ज	डिबेंचर	वाणिज्यिक पत्र	अन्य	जोड़
1	2	3	4	5	6	7
अ. राष्ट्रीयकृत बैंक	959	282	81	18	73	1,412
आ. स्टेट बैंक समूह	102	97	21	0.3	27	247
इ. निजी क्षेत्र के पुराने बैंक	38	27	10	2	2	79
ई. निजी क्षेत्र के नए बैंक	140	53	53	11	11	268
उ. विदेशी बैंक	72	34	9	3	5	123
सभी बैंक	**1,310**	**492**	**175**	**35**	**117**	**2,130**

स्रोत: एनडी-एसआई की मासिक विवरणी।

प्राथमिक व्यापारियों का परिचालन और कार्य-निष्पादन

6.45 2011-12 के दौरान भारत सरकार की दिनांकित प्रतिभूतियों और खजाना बिलों दोनों में प्राथमिक व्यापारियों का बिड टु कवर अनुपात पिछले वर्ष की तुलना में मामूली रूप से कम रहा। प्राथमिक व्यापारियों को खजाना बिल और नकदी प्रबंधन बिल दोनों को मिलाकर कुल 40 प्रतिशत का न्यूनतम सफलता अनुपात (बोली प्रतिबद्धता की तुलना में स्वीकृत बोलियां) प्राप्त करना होता है जिसकी सामान्य तौर पर अर्ध वार्षिक आधार पर समीक्षा की जाती है। सभी प्राथमिक व्यापारियों ने 2011-12 की पहली और दूसरी दोनों छमाहियों में न्यूनतम सफलता अनुपात प्राप्त कर लिया। परंतु, वर्ष के दौरान खजाना बिल नीलामियों के सफलता अनुपात में मामूली रूप से कमी आई।

6.46 2011-12 के दौरान दिनांकित सभी सरकारी प्रतिभूतियों के लिए संपूर्ण हामीदारी प्राप्त हुई। दिनांकित प्रतिभूतियों की नीलामियों में प्राथमिक व्यापारियों (जारी प्रतिभूतियों की तुलना में स्वीकृत बोलियां) के हिस्से में मामूली रूप से कमी आई (सारणी VI.42)। 14 अवसरों पर प्राथमिक व्यापारियों पर आंशिक डिवाल्वमेंट हुआ।

स्टैंडएलोन प्राथमिक व्यापारियों का कार्य-निष्पादन

6.47 द्वितीयक बाजार में, प्राथमिक व्यापारियों ने 2011-12 के दौरान दिनांकित सरकारी प्रतिभूतियों में 5 गुने और खजाना बिलों में 10 गुने का अलग-अलग न्यूनतम वार्षिक कुल टर्नओवर अनुपात[2] (तत्काल और रिपो लेन-देन) प्राप्त किया। प्राथमिक व्यापारियों ने दिनांकित सरकारी प्रतिभूतियों में 3 गुने और खजाना बिलों में 6 गुने न्यूनतम वार्षिक एकमुश्त टर्नओवर अनुपात भी प्राप्त किया (सारणी VI.43)।

सारणी VI.42 : प्राथमिक बाजार में प्राथमिक व्यापारियों का कार्य-निष्पादन

(मार्च के अंत में)

(राशि ₹ बिलियन में)

मद	2011	2012
1	2	3
खजाना बिल तथा नकदी प्रबंध बिल		
बोली प्रतिबद्धता	3,808	7,296
वास्तव में प्रस्तुत बोलियां	7,260	13,505
बिड टु कवर अनुपात	2.3	2.2
स्वीकृत बोलियां	2,353	4,271
सफलता अनुपात (प्रतिशत में)	61.8	58.6
केंद्र सरकार की प्रतिभूतियां		
अधिसूचित राशि	4,370	5,100
वास्तव में प्रस्तुत बोलियां	6,239	6,932
बिड टु कवर अनुपात	1.4	1.3
प्राथमिक व्यापारियों की स्वीकृत बोलियां	2,165	2,432
प्राथमिक व्यापारियों का हिस्सा (प्रतिशत में)	49.6	47.7

स्रोत : प्रतिशत घटबढ़ में थोड़ा अंतर हो सकता है क्योंकि पूर्ण संख्याओं को ₹ बिलियन में पूर्णांकित किया गया है।

सारणी VI.43: द्वितीयक बाजार में स्टैंडएलोन प्राथमिक व्यापारियों का कार्य-निष्पादन

(मार्च के अंत में)

(राशि ₹ बिलियन में)

मद	2011	2012
1	2	3
एकमुश्त		
स्टैंडएलोन प्राथमिक व्यापारियों का टर्नओवर	10,900	18,381
बाजार सहभागियों का टर्नओवर	57,419	69,764
प्राथमिक व्यापारियों का हिस्सा (प्रतिशत में)	19.0	26.3
रिपो		
स्टैंडएलोन प्राथमिक व्यापारियों का टर्नओवर	11,460	15,245
बाजार सहभागियों का टर्नओवर	81,986	75,278
प्राथमिक व्यापारियों का हिस्सा (प्रतिशत में)	14.0	20.3
कुल		
स्टैंडएलोन प्राथमिक व्यापारियों का टर्नओवर	22,359	33,625
बाजार सहभागियों का टर्नओवर	1,39,405	1,45,042
प्राथमिक व्यापारियों का हिस्सा (प्रतिशत में)	16.0	23.2

टिप्पणी: 1. प्रतिशत घटबढ़ में थोड़ा अंतर हो सकता है क्योंकि पूर्ण संख्याओं को ₹ बिलियन में पूर्णांकित किया गया है।
2. पूर्णांकन के कारण हो सकता है कि घटकों का जोड़ कुल से मेल न खाए।
स्रोत: भारतीय समाशोधन निगम लि. ।

स्टैंडएलोन प्राथमिक व्यापारियों की निधियों के स्रोत और उनका प्रयोग

कंपनी बांड बाजार में प्राथमिक व्यापारियों के निवेश में कमी आई है

6.48 प्राथमिक व्यापारियों की निवल स्वाधिकृत निधियों में मामूली रूप से वृद्धि हुई है। प्राथमिक व्यापारियों के रिज़र्व और अधिशेष में काफी अधिक वृद्धि हुई। 2011-12 के दौरान प्राथमिक व्यापारियों के जमानती और गैर-जमानती ऋणों में भी काफी अधिक बढ़ोतरी हुई। वर्ष के दौरान कंपनी बांडों के निवेश में मामूली रूप से गिरावट आई (सारणी VI.44)।

स्टैंडएलोन प्राथमिक व्यापारियों का वित्तीय कार्य-निष्पादन

खर्चों में तीव्र वृद्धि होने से लाभ में कमी आई

6.49 2011-12 के दौरान प्राथमिक व्यापारियों के निवल लाभ में मामूली रूप से कमी आई। प्राथमिक व्यापारियों की कुल आय में काफी अधिक वृद्धि हुई। लेकिन, प्राथमिक व्यापारियों के अपने ब्याज व्यय में तीव्र वृद्धि हुई जो मुख्य रूप से उधारों की बढ़ी हुई

[2] द्वितीयक बाजार में वर्ष के दौरान टर्नओवर अनुपात की गणना औसत मासांत स्टॉक की तुलना में कुल क्रय और बिक्री के अनुपात के रूप में की गई है।

सारणी VI.44: स्टैंडएलोन प्राथमिक व्यापारियों की निधियों के स्रोत और उपयोग

(राशि ₹ मिलियन में)

मद	मार्च के अंत में			प्रतिशत घट-बढ़	
	2010	2011$	2012	2011	2012
1	2	3	4	5	6
निधियों के स्रोत	**1,03,080**	**130,320**	**2,03,810**	**26.4**	**56.4**
1 पूंजी	15,410	15,210	15,080	-1.3	-0.8
2 रिजर्व और अधिशेष	19,250	18,890	20,490	-1.9	8.4
3 ऋण (क+ख)	68,420	96,220	168,240	40.7	74.9
क) जमानती	25,220	63,520	113,970	151.9	79.4
ख) बेजमानती	43,200	32,700	54,260	-24.3	66.0
निधियों का उपयोग	**1,03,080**	**1,30,320**	**2,03,810**	**26.4**	**56.4**
1 अचल आस्तियां	140	380	370	171.4	-2.6
2 निवेश (क+ख+ ग)	72,800	98,520	1,45,080	35.3	47.3
क) सरकारी प्रतिभूतियां	62,518	86,430	1,33,320	38.1	54.2
ख) वाणिज्यिक पत्र	1,420	100	250	-92.9	149.4
ग) कंपनी बांड	8,800	11,990	11,510	36.2	-4.0
3 कर्ज और अग्रिम	7,410	4,260	19,380	-42.5	354.9
4 गैर चालू आस्तियां	0	0	2,970	-	-
5 ईक्विटी, म्यूच्युअल फंड आदि	680	250	160	-63.2	-36.0
6 अन्य*	22,050	26,910	35,850	22.0	33.2

*: अन्य में नकदी + जमा प्रमाण-पत्र + बैंक शेष + उपचित ब्याज + आस्थिगत कर अस्तियां - चालू देयताएं और प्रावधान शामिल हैं।
$: मोर्गन स्टैनली डयूश सिक्यूरिटीज और आईडीबीआई गिल्टस् को छोड़कर ।
टिप्पणी: 1.पूर्णांकन के कारण प्रतिशत घटबढ़ में थोड़ा अंतर हो सकता है।
2.पूर्णांकन के कारण हो सकता है कि घटकों का जोड़ कुल से मेल न खाए।
स्रोत: प्राथमिक व्यापारियों की वार्षिक रिपोर्ट ।

लागत के कारण थी (सारणी VI.45)। परिणाम के रूप में, वर्ष के दौरान लागत - आय अनुपात (अर्थात निवल कुल आय की

सारणी VI.45: स्टैंडएलोन प्राथमिक व्यापारियों का वित्तीय कार्य-निष्पादन @

(राशि ₹ मिलियन में)

मद	2010-11	2011-12	घट-बढ़	
			राशि	प्रतिशत
1	2	3	4	5
क. आय (i से iii)	**10,790**	**15,470**	**4,680**	**43.4**
i) ब्याज और बट्टा	9,700	13,820	4,120	42.5
ii) कारोबारी लाभ	580	640	60	10.3
iii) अन्य आय	510	1,010	500	98.0
ख. व्यय (i + ii)	**8,070**	**13,070**	**4,560**	**62.0**
i) ब्याज	6,530	11,180	4,650	71.2
ii) स्थापना तथा प्रशासनिक लागत सहित अन्य व्यय	1,540	1,890	350	22.7
कर पूर्व लाभ	2,720	2,400	-320	-11.8
करोत्तर लाभ	1,780	1,540	-240	-13.5

टिप्पणियां: 1. प्रतिशत घटबढ़ में थोड़ा अंतर हो सकता है क्योंकि पूर्ण संख्याओं को ₹ बिलियन में पूर्णांकित किया गया है।
2. पूर्णांकन के कारण हो सकता है कि घटकों का जोड़ कुल से मेल न खाए।
स्रोत: प्राथमिक व्यापारियों द्वारा प्रस्तुत विवरणियां ।

सारणी VI.46: स्टैंडएलोन प्राथमिक व्यापारियों के वित्तीय संकेतक

(राशि ₹ मिलियन में)

संकेतक	2010-11	2011-12
1	2	3
i) निवल लाभ	1,780	1,540
ii) औसत आस्तियां	1,66,970	1,97,460
iii) औसत आस्तियों पर प्रतिफल (प्रतिशत में)	1.1	0.8
iv) निवल मालियत पर प्रतिफल (प्रतिशत में)	5.1	4.4

तुलना में परिचालन व्यय) में बढ़ोतरी हुई। मार्च 2012 को समाप्त वर्ष के दौरान निवल मालियत पर प्रतिफल और औसत आस्तियों पर प्रतिफल में मामूली रूप से कमी आई (सारणी VI.46)। वर्ष

सारणी VI.47: स्टैंडएलोन प्राथमिक व्यापारियों का सीआरएआर

(मार्च के अंत में)

(राशि ₹ मिलियन में)

विवरण	मार्च के अंत में	
	2011	2012
1	2	3
1. कुल निवल पूंजीगत निधियां	36,260	39,290
2. कुल जोखिम भारित आस्तियां	78,580	72,980
क) क्रेडिट जोखिम	33,500	37,420
ख) बाजार जोखिम	45,080	35,560
3. सीआरएआर(प्रतिशत में)	**46.2**	**53.8**

के दौरान प्राथमिक व्यापारियों का सीआरएआर 46.2 प्रतिशत से बढ़कर 53.8 प्रतिशत हो गया जबकि इसकी न्यूनतम निर्धारित अपेक्षा 15 प्रतिशत की है (सारणी VI.47)।

5.समग्र मूल्यांकन

6.50 गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी क्षेत्र में संख्या की दृष्टि से समेकन की प्रक्रिया के चिह्न दिख रहे हैं। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के तुलन-पत्र में काफी अधिक विस्तार हुआ है और इसी प्रकार का विस्तार वित्तीय संस्थाओं और प्राथमिक व्यापारियों के संबंध में भी देखा गया है। जमाराशियां लेने वाले गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी खंड के वित्तीय कार्य-निष्पादन में सुधार दिखा है जैसाकि उनके परिचालन लाभों की वृद्धि में परिलक्षित होता है, यह लाभ मुख्य रूप से निधि आधारित आय के कारण हुआ है।जमाराशियां न लेने वाले प्रणालीगत रूप से महत्त्वपूर्ण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी खंड के कार्य-निष्पादन में मामूली रूप से गिरावट आई है यद्यपि इस क्षेत्र में तेजी से वृद्धि हो रही है। गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं के उधारों में निधियों के सबसे बड़े स्रोत मुख्यतः बैंक और वित्तीय संस्थाएं रहीं। इस प्रकार, वित्तीयन के लिए बैंकों पर भारी निर्भरता की नजदीकी से निगरानी करने की आवश्यकता है। इस संदर्भ में, हाल में बैंकों से संसाधन जुटाने से संबंधित विनियामक उपायों में की गई कड़ाई से उम्मीद है कि बैंकिंग क्षेत्र पर गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी क्षेत्र की निर्भरता कम होगी और वे वैकल्पिक स्रोतों से निधियां जुटाने का प्रयास करेंगी।

6.51 अनर्जक आस्तियों की दृष्टि से, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के कुल अग्रिमों की तुलना में सकल अनर्जक आस्तियों में काफी अधिक वृद्धि हुई। इसी प्रकार, वित्तीय संस्थाओं की अनर्जक आस्तियों में वृद्धि हुई है। एक खंड के रूप में गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थाएं पूंजी पर्याप्तता की दृष्टि से अच्छी स्थिति में बनी हुई हैं क्योंकि इनका सीआरएआर न्यूनतम विनियामक अपेक्षा से अधिक है। जहां तक प्राथमिक व्यापारियों की बात है, उनकी ब्याज आय में वृद्धि हुई, लेकिन उधारों की लागत बढ़ने से व्यय में तीव्र गति से बढ़ोतरी हुई जिससे लाभ में कमी आई और आस्तियों पर प्रतिफल में गिरावट आई।

परिशिष्ट सारणी IV.1 : बैंकिंग क्षेत्र, एक नजर में

(राशि ₹ बिलियन में)

क्रम सं.	मदें	मार्च के अंत में बकाया राशि		प्रतिशत परिवर्तन	
		2011	2012	2010-11	2011-12
1	**तुलन-पत्र परिचालन**				
1.1	कुल देयताएं/आस्तियां	71,834	82,994	19.2	15.5
1.2	जमाराशियां	56,159	64,537	18.3	14.9
1.3	उधार	6,755	8,401	27.1	24.4
1.4	ऋण तथा अग्रिम	42,975	50,746	22.9	18.1
1.5	निवेश	19,236	22,305	11.3	16.0
1.6	तुलन-पत्र से इतर एक्सपोज़र (तुलन-पत्र की देयताओं के प्रतिशत के रूप में)	192.5	175.9	–	–
1.7	कुल समेकित अंतरराष्ट्रीय दावे	2,464	2,809	5.9	14.0
2	**लाभप्रदता**				
2.1	निवल लाभ	703	817	23.2	16.1
2.2	आस्तियों पर प्रतिलाभ (आरओए)	1.10	1.08	–	–
2.3	इक्विटी पर प्रतिलाभ (आरओई)	14.96	14.60	–	–
2.4	निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम)	2.91	2.90	–	–
3	**पूंजी पर्याप्तता**				
3.1	जोखिम भारित आस्तियों की तुलना में पूंजी अनुपात (सीआरएआर) (बासेल I के अंतर्गत)	13.02	12.94	–	–
3.2	जोखिम भारित आस्तियों की तुलना में पूंजी अनुपात (सीआरएआर)(बासेल II के अंतर्गत)	14.19	14.24	–	–
3.3	टियर I पूंजी (कुल पूंजी के प्रतिशत के रूप में)	70.6	72.8	–	–
3.4	सीआरएआर(टियर I) (बासेल I)	9.2	9.4	–	–
3.5	सीआरएआर(टियर I) (बासेल II)	10.0	10.4	–	–
3.6	लीवरेज अनुपात	6.61	6.83	–	–
4	**आस्ति गुणवत्ता**				
4.1	सकल अनर्जक आस्तियां (एनपीए)	979	1,423	15.7	45.3
4.2	निवल एनपीए	417	649	7.7	55.6
4.3	किए गए कुल प्रावधान	540	747	25.0	38.3
4.4	सकल एनपीए अनुपात (सकल अग्रिम के प्रतिशत के रूप में सकल एनपीए)	2.5	3.1	–	–
4.5	निवल एनपीए अनुपात (निवल अग्रिम के प्रतिशत के रूप में निवल एनपीए)	1.1	1.4	–	–
4.6	प्रावधान कवरेज अनुपात	55.1	52.5	–	–
4.7	स्लिपैज अनुपात	2.03	2.51	–	–
4.8	बट्टे खाते में डाली गई राशि का अनुपात	9.8	4.4	–	–
5	**बैंक ऋण का क्षेत्रीय विनियोजन**				
5.1	कुल खाद्येतर सकल बैंक ऋण	36,674	42,897	20.6	17.0
5.2	कृषि और संबद्ध गतिविधियां	4,603	5,226	10.6	13.5
5.3	उद्योग	16,208	19,659	23.6	21.3
5.4	सेवाएं	9,008	10,330	23.9	14.7
5.5	व्यक्तिगत ऋण	6,854	7,683	17.0	12.1
6	**प्रौद्योगिकीय विनियोजन**				
6.1	क्रेडिट कार्डों की कुल संख्या (मिलियन में)	18.04	17.65	-1.6	-2.2
6.2	डेबिट कार्डों की कुल संख्या (मिलियन में)	228	278	25.2	22.1
6.3	एटीएम की संख्या	74,505	95,686	23.9	28.4
7	**ग्राहक सेवाएं ***				
7.1	कुल प्राप्त शिकायतें	76,638	77,507	0.9	1.1
7.2	निपटान की गई शिकायतों की संख्या	72,021	72,885	-13.6	1.2
7.3	निपटान की गई शिकायतों का प्रतिशत	93.98	94.04	–	–
8	**वित्तीय समावेशन**				
8.1	ऋण-जमा अनुपात	76.5	78.6	–	–
8.2	खोली गई नई बैंक शाखाओं की संख्या	5,314	6,918	2.3	30.2
8.3	वित्तीय समावेशन योजना (एफआईपी) के अंतर्गत गांवों में खोले गये कुल बैंकिंग आउटलेट	1,16,208	1,81,753	–	56.4

-: उपलब्ध नहीं। *जून 2012 के अंत की स्थिति।

प्राप्त तथा निपटान की गई शिकायतों में आरआरबी और को-ऑपरेटिव्स भी शामिल हैं।

टिप्पणी: प्रतिशत परिवर्तन में कुछ अंतर हो सकता है क्योंकि राशियों को बिलियन रुपये में पुर्णांकित किया गया है।

परिशिष्ट सारणी IV.2: भारत के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के तुलन-पत्र से इतर एक्सपोजर

(राशि ₹ बिलियन में)

मद	सरकारी क्षेत्र के बैंक		राष्ट्रीयकृत बैंक*		स्टेट बैंक समूह		निजी क्षेत्र के बैंक	
	2011-12	प्रतिशत घट-बढ़	2011-12	प्रतिशत घट-बढ़	2011-12	प्रतिशत घट-बढ़	2011-12	प्रतिशत घट-बढ़
1	3	4	6	7	9	10	12	13
1. वायदा विनिमय संविदा @	15,786 (26.1)	26.1	11,136 (26.1)	35.6	4,649 (26.3)	7.9	24,137 (143.9)	19.2
2. दी गई गारंटियां	4,932 (8.2)	17.6	3,019 (7.1)	17.3	1,913 (10.8)	18.0	2,081 (12.4)	12.8
3. स्वीकृतियां, अनुसमर्थन आदि #	5,866 (9.7)	13.1	3,007 (7.1)	21.1	2,858 (16.1)	5.7	1,652 (9.9)	27.4
आकस्मिक देयताएं	**26,583 (44.0)**	**21.4**	**17,162 (40.2)**	**29.3**	**9,421 (53.2)**	**9.1**	**27,870 (166.1)**	**19.1**

मद	निजी क्षेत्र के पुराने बैंक		निजी क्षेत्र के नये बैंक		विदेशी बैंक		अनुसूचित वाणिज्य बैंक	
	2011-12	प्रतिशत घट-बढ़	2011-12	प्रतिशत घट-बढ़	2011-12	प्रतिशत घट-बढ़	2011-12	प्रतिशत घट-बढ़
1	3	4	6	7	9	10	12	13
1. वायदा विनिमय संविदा @	1,847 (49.3)	75.8	22,289 (171.1)	16.1	86,427 (1480.9)	-0.9	126,350 (152.2)	5.3
2. दी गई गारंटियां	201 (5.4)	23.0	1,881 (14.4)	11.9	790 (13.5)	13.6	7,803 (9.4)	15.9
3. स्वीकृतियां, अनुसमर्थन आदि #	149 (4.0)	-16.3	1,504 (11.5)	34.3	4,278 (73.3)	-16.0	11,796 (14.2)	1.9
आकस्मिक देयताएं	**2,197 (58.6)**	**57.9**	**25,674 (197.1)**	**16.7**	**91,496 (1567.8)**	**-1.6**	**145,949 (175.9)**	**5.5**

* आईडीबीआई बैंक शामिल है।

@: इसमें सभी स्वीकार्य डेरिवेटिव उत्पाद (ब्याज दर स्वैप सहित) शामिल है।

: इसमें अन्य बातों के साथ-साथ ये मदें शामिल हैं, जैसे (क) बैंकों पर दावे जिन्हें ऋण के रूप में स्वीकार नहीं किया गया है (ख) आंशिक रूप से भुगतान किये गये निवेशों के संबंध में देयताएं (ग) पुनःभुनाए गए बिल और (घ) साख-पत्र।

टिप्पणी: 1. कोष्ठकों के आंकड़े संबंधित बैंक समूह की कुल देयताओं का प्रतिशत दर्शाते हैं।

2. रुपये को बिलियन में पूर्णांकित किए जाने के कारण हो सकता है कि घटकों का जोड़ मेल न खाए।

स्रोत: संबंधित बैंकों के तुलन-पत्र ।

परिशिष्ट सारणी IV.3: संवेदनशील क्षेत्रों को बैंक समूह-वार उधार

(मार्च के अंत में)

(राशि ₹ बिलियन में)

क्षेत्र	सरकारी क्षेत्र के बैंक		राष्ट्रीयकृत बैंक*		स्टेट बैंक समूह		निजी क्षेत्र के बैंक	
	2011-12	प्रतिशत घट-बढ	2011-12	प्रतिशत घट-बढ	2011-12	प्रतिशत घट-बढ	2011-12	प्रतिशत घट-बढ
1	3	4	6	7	9	10	12	13
1. पूंजी बाजार #	383	-14.5	336	1.5	46	-60.0	380	-7.8
	(1.0)		(1.2)		(0.4)		(3.9)	
2. स्थावर संपदा @	5,308	11.5	3,465	12.7	1,843	9.3	2,036	9.4
	(13.7)		(12.7)		(16.0)		(21.1)	
3. पण्य	-	-	-	-	-	-	-	-
संवेदनशील क्षेत्रों को कुल अग्रिम	**5,690**	**9.3**	3,801	**11.6**	**1,890**	**4.8**	**2,416**	**6.3**
	(14.7)		**(13.9)**		**(16.4)**		**(25.0)**	

क्षेत्र	निजी क्षेत्र के पुराने बैंक		निजी क्षेत्र के नये बैंक		विदेशी बैंक		अनुसूचित वाणिज्य बैंक	
	2011-12	प्रतिशत घट-बढ	2011-12	प्रतिशत घट-बढ	2011-12	प्रतिशत घट-बढ	2011-12	प्रतिशत घट-बढ
1	3	4	6	7	9	10	12	13
1. पूंजी बाजार #	26	14.8	354	-9.1	83	17.9	846	-9.1
	(1.1)		(4.8)		(3.6)		(1.7)	
2. स्थावर संपदा @	284	13.1	1,752	8.9	608	9.2	7,952	10.8
	(12.3)		(23.8)		(26.5)		(15.7)	
3. पण्य	-	-	-	-	16	-	16	-
					(0.7)		(0.03)	
संवेदनशील क्षेत्रों को कुल अग्रिम	**310**	**13.2**	**2,107**	**5.4**	**707**	**12.7**	**8,814**	**8.7**
	(13.5)		**(28.6)**		**(30.8)**		**(17.4)**	

\- : शून्य/नगण्य।

\# : पूंजी बाजार के प्रति एक्सपोजर में निवेश तथा अग्रिम दोनों शामिल हैं।

@ : स्थावर संपदा क्षेत्र के प्रति एक्सपोजर में प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष ऋण दोनों शामिल हैं।

* : आईडीबीआई बैंक शामिल है।

टिप्पणी: 1. कोष्ठकों के आंकड़े संबंधित बैंक समूह की कुल देयताओं का प्रतिशत दर्शाते हैं।

2. रुपये को बिलियन में पूर्णांकित किए जाने के कारण हो सकता है कि घटकों का जोड़ मेल न खाए।

स्रोत: संबंधित बैंकों के तुलन-पत्र ।

परिशिष्ट सारणी IV.4: बीएसई में बैंक के शेयरों के मूल्य तथा मूल्य/अर्जन अनुपात

(सूचना देने के लिए नियत मार्च के अंतिम शुक्रवार को)

क्र. सं.	बैंक का नाम	अंतिम मूल्य (₹) (मार्च के अंत में)			शेयर के मुल्यों में प्रतिशत घट-बढ़	मूल्य-अर्जन अनुपात * (मार्च के अंत में)		
		2009-10	2010-11	2011-12	(2010-11 की तुलना में 2011-12)	2009-10	2010-11	2011-12
1	2	3	4	5	6	7	8	9
	राष्ट्रीयकृत बैंक							
1	इलाहाबाद बैंक	142.5	230.7	186.3	-19.3	5.2	7.1	4.8
2	आंध्रा बैंक	108.1	151.0	119.3	-21.0	5.0	5.8	5.0
3	बैंक ऑफ बड़ौदा	639.3	963.2	793.7	-17.6	7.3	8.5	5.9
4	बैंक ऑफ इंडिया	340.8	478.1	361.0	-24.5	10.0	9.8	7.3
5	बैंक ऑफ महाराष्ट्र	49.7	59.4	54.6	-8.2	4.9	7.7	6.1
6	केनरा बैंक	410.4	626.2	473.7	-24.4	5.6	6.4	6.3
7	कारपोरेशन बैंक	481.0	638.2	424.8	-33.4	5.8	6.4	4.1
8	देना बैंक	78.5	104.3	90.0	-13.7	4.4	4.9	3.7
9	इंडियन ओवरसीज़ बैंक	92.0	146.6	239.7	63.5	7.1	7.3	5.6
10	ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स	320.9	387.0	252.3	-34.8	7.1	6.5	6.5
11	पंजाब नैशनल बैंक	1013.5	1220.2	926.1	-24.1	8.0	8.4	6.2
12	सिंडिकेट बैंक	86.1	122.0	111.1	-8.9	5.5	6.1	3.6
13	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	293.0	347.5	234.9	-32.4	7.6	7.6	6.0
14	विजया बैंक	47.4	79.4	58.4	-26.4	-	-	-
15	स्टेट बैंक ऑफ इंडिया	2079.0	2767.9	2095.0	-24.3	11.2	16.4	8.7
16	स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर ऐंड जयपुर	453.7	519.6	402.8	-22.5	4.9	5.1	4.3
17	स्टेट बैंक ऑफ मैसूर	637.0	653.0	503.7	-22.9	5.1	5.4	6.4
18	स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर	612.6	744.7	581.1	-22.0	4.6	5.1	5.7
19	यूको बैंक	56.5	107.1	78.8	-26.5	3.1	6.5	4.5
20	आईडीबीआई बैंक लि.	115.0	142.5	104.7	-26.5	8.2	8.2	5.2
	निजी क्षेत्र के बैंक							
21	ऐक्सिस बैंक	1169.1	1403.7	1145.9	-18.4	18.0	17.2	11.2
22	सिटी यूनियन बैंक लि.	28.6	44.8	48.5	8.1	7.1	8.4	7.0
23	डेवलपमेंट क्रेडिट बैंक लि.	32.2	45.9	45.1	-1.7	-	42.9	16.5
24	धनलक्ष्मी बैंक	132.9	113.4	68.2	-39.8	36.6	34.2	17.6
25	फेडरल बैंक लि.	267.0	418.9	426.0	1.7	10.4	12.9	9.7
26	आईएनजी वैश्य बैंक	279.5	321.3	355.9	10.8	12.7	12.1	11.1
27	इंडसइंड बैंक लि.	170.7	263.7	320.8	21.7	18.9	20.0	18.7
28	जम्मू ऐंड कश्मीर बैंक लि.	679.1	874.5	917.4	4.9	6.4	6.9	5.5
29	कर्नाटक बैंक लि.	119.8	107.5	95.7	-11.0	8.9	7.1	7.3
30	करूर वैश्य बैंक लि.	458.2	399.1	372.9	-6.6	7.4	8.9	8.0
31	कोटक महिंद्रा बैंक लि.	749.1	456.9	542.5	18.7	19.9	21.1	22.0
32	लक्ष्मी विलास बैंक लि.	77.8	97.8	85.8	-12.2	16.7	9.4	7.8
33	साउथ इंडियन बैंक लि.	178.3	22.9	246.0	976.6	8.6	8.8	7.0
34	एचडीएफसी बैंक लि.	1932.5	2343.0	520.1	-77.8	28.1	27.1	23.2
35	आईसीआईसीआई बैंक लि.	952.7	1112.8	887.3	-20.3	22.7	20.8	13.4
36	येस बैंक	254.9	309.9	367.3	18.5	16.4	14.7	13.2

- : उपलब्ध नहीं ।

टिप्पणी: प्रतिशत घट-बढ़ में कुछ अंतर हो सकता है क्योंकि संख्या पूर्णांकित की गई है।

* **स्रोत:** ब्लूमबर्ग ।

परिशिष्ट सारणी IV.5: देशी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की शेयरधारिता का स्वरूप *(जारी)*

(मार्च 2012 के अंत में)

(प्रतिशत)

क्र. सं.	बैंक का नाम	कुल सरकारी और भा.रि.बैंक -निवासी	वित्तीय संस्थाएं - निवासी	वित्तीय संस्थाएं - अनिवासी	अन्य कंपनियां -निवासी	अन्य कंपनियां -अनिवासी	कुल व्यक्ति - निवासी	कुल व्यक्ति - अनिवासी	कुल - निवासी	कुल - अनिवासी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
	राष्ट्रीयकृत बैंक *									
1.	इलाहाबाद बैंक	55.2	21.1	12.5	1.4	–	9.7	0.1	87.4	12.6
2.	आंध्रा बैंक	58.0	15.3	13.5	2.3	–	10.8	0.2	86.4	13.6
3.	बैंक ऑफ बड़ौदा	54.3	20.5	13.5	6.2	–	4.9	0.5	86.0	14.0
4.	बैंक ऑफ इंडिया	62.7	16.3	14.7	0.6	–	5.3	0.4	84.9	15.1
5.	बैंक ऑफ महाराष्ट्र	79.0	11.1	0.7	1.2	–	7.8	0.2	99.1	0.9
6.	केनरा बैंक	67.7	11.1	14.5	1.9	–	4.7	0.1	85.4	14.6
7.	सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	79.2	10.9	2.5	1.4	–	5.9	0.2	97.4	2.6
8.	कारपोरेशन बैंक	58.5	30.6	4.4	2.0	–	4.1	0.3	95.2	4.8
9.	देना बैंक	55.2	11.5	–	5.2	–	16.0	12.1	87.9	12.1
10.	आईडीबीआई बैंक लि.	70.5	17.5	–	2.0	–	9.6	0.4	99.6	0.4
11.	इंडियन बैंक	80.0	4.7	9.1	3.8	–	2.5	0.1	90.9	9.1
12.	इंडियन ओवरसीज़ बैंक	69.6	14.4	3.7	2.4	–	9.4	0.5	95.8	4.2
13.	ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स	58.0	24.4	10.3	2.7	–	4.5	0.1	89.6	10.4
14.	पंजाब ऐंड सिंध बैंक	78.2	5.9	3.0	3.0	–	9.4	0.4	96.5	3.5
15.	पंजाब नैशनल बैंक	56.1	21.8	17.4	1.0	–	3.8	–	82.6	17.4
16.	सिंडिकेट बैंक	66.2	15.5	4.0	1.9	–	12.4	–	96.0	4.0
17.	यूको बैंक	65.2	14.7	3.5	3.6	–	12.8	0.3	96.2	3.8
18.	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	54.4	18.9	9.6	8.5	–	8.6	–	90.4	9.6
19.	यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया	81.6	6.4	1.1	6.9	–	3.0	1.1	97.8	2.2
20.	विजया बैंक	55.0	9.7	4.5	5.3	–	24.9	0.6	95.0	5.0
	स्टेट बैंक समूह									
21.	स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर ऐंड जयपुर	–	78.3	–	3.8	5.1	12.7	0.2	94.7	5.3
22.	स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद	–	100.0	–	–	–	–	–	100.0	–
23.	स्टेट बैंक ऑफ इंडिया	61.6	16.8	11.2	4.2	–	6.1	0.2	88.6	11.4
24.	स्टेट बैंक ऑफ मैसूर	–	94.0	–	0.3	–	5.6	0.1	99.9	0.1
25.	स्टेट बैंक ऑफ पटियाला	–	100.0	–	–	–	–	–	100.0	–
26.	स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर	1.1	76.9	3.3	2.7	–	13.0	3.0	93.7	6.3

\- : शून्य/नगण्य.
* : आईडीबीआई बैंक लि. शामिल है।
स्रोत: ऑफ साइट विवरणियां (देशी)।

परिशिष्ट सारणी IV.5: देशी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की शेयरधारिता का स्वरूप *(समाप्त)*

(मार्च 2012 के अंत में)

(प्रतिशत)

क्र. सं.	बैंक का नाम	कुल सरकारी और भा.रि.बैंक -निवासी	वित्तीय संस्थाएं - निवासी	वित्तीय संस्थाएं - अनिवासी	अन्य कंपनियां -निवासी	अन्य कंपनियां -अनिवासी	कुल व्यक्ति - निवासी	कुल व्यक्ति - अनिवासी	कुल - निवासी	कुल - अनिवासी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
	निजी क्षेत्र के पुराने बैंक									
1.	कैथलिक सिरियन बैंक लि.	–	5.0	–	23.3	14.9	38.7	18.2	67.0	33.0
2.	सिटी यूनियन बैंक लि.	–	6.6	21.1	10.8	7.2	51.5	2.9	68.9	31.1
3.	धनलक्ष्मी बैंक लि.	–	0.8	33.0	14.4	–	45.9	6.0	61.1	38.9
4.	फेडरल बैंक लि.	–	20.3	42.3	12.8	5.0	16.2	3.5	49.3	50.8
5.	आईएनजी वैश्य बैंक लि.	–	13.7	25.2	6.6	43.8	9.0	1.7	29.3	70.7
6.	जम्मू ऐंड कश्मीर बैंक लि.	53.2	2.8	25.2	7.1	–	11.3	0.4	74.4	25.6
7.	कर्नाटक बैंक लि.	–	4.5	17.9	22.8	–	54.3	0.6	81.5	18.5
8.	करूर वैश्य बैंक लि.	–	7.8	22.8	14.2	–	53.3	1.9	75.3	24.7
9.	लक्ष्मी विलास बैंक लि.	–	8.5	–	21.9	11.9	56.7	1.0	87.1	12.9
10.	नैनीताल बैंक लि.	–	98.6	–	–	–	1.4	–	100.0	–
11.	रत्नाकर बैंक लि.	–	–	–	24.2	32.8	39.2	3.8	63.5	36.5
12.	साउथ इंडियन बैंक लि.	–	7.6	46.2	8.4	–	34.8	3.1	50.8	49.2
13.	तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक लि.	–	–	–	13.5	16.5	69.6	0.4	83.1	16.9
	निजी क्षेत्र के नए बैंक									
14.	ऐक्सिस बैंक लि.	–	43.8	41.5	8.2	–	6.2	0.2	58.3	41.7
15.	डेवलपमेंट क्रेडिट बैंक लि.	–	7.9	–	15.6	35.6	38.4	2.5	61.9	38.1
16.	एचडीएफसी बैंक लि.	–	10.5	–	31.9	48.4	8.8	0.4	51.2	48.8
17.	आईसीआईसीआई बैंक लि.	–	20.4	63.0	10.8	–	5.7	0.2	36.8	63.2
18.	इंडसइंड बैंक लि.	–	8.1	48.8	13.1	19.8	8.8	1.4	30.0	70.0
19.	कोटक महिंद्रा बैंक लि.	–	4.6	32.8	7.5	0.6	54.0	0.6	66.1	33.9
20.	येस बैंक लि.	–	10.9	46.6	11.7	4.7	25.5	0.5	48.1	51.9

- : शून्य/नगण्य

स्रोत: ऑफ साइट विवरणियां (देशी)।

परिशिष्ट सारणी IV.6: अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की शाखाएं और एटीएम *(जारी)*

(मार्च 2012 के अंत में)

क्र. सं.	बैंक का नाम	शाखाएं					एटीएम		
		ग्रामीण	अर्ध-शहरी	शहरी	महानगरीय	कुल	ऑन-साइट	ऑफ-साइट	कुल
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
	अनुसूचित वाणिज्य बैंक	**23,776**	**22,468**	**17,878**	**17,118**	**81,240**	**47,545**	**48,141**	**95,686**
	सरकारी क्षेत्र के बैंक	**22,188**	**17,773**	**14,248**	**13,257**	**67,466**	**34,012**	**24,181**	**58,193**
	राष्ट्रीयकृत बैंक	**15,606**	**12,154**	**10,744**	**10,132**	**48,636**	**18,277**	**12,773**	**31,050**
1.	इलाहाबाद बैंक	1,016	491	510	461	2,478	209	107	316
2.	आंध्रा बैंक	431	444	451	379	1,705	493	563	1,056
3.	बैंक ऑफ बड़ौदा	1,267	1,042	714	868	3,891	1,372	640	2,012
4.	बैंक ऑफ इंडिया	1,466	1,040	676	724	3,906	860	820	1,680
5.	बैंक ऑफ महाराष्ट्र	546	300	314	400	1,560	360	142	502
6.	केनरा बैंक	1,001	1,014	787	815	3,617	1,530	1,332	2,862
7.	सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	1,465	1,046	779	726	4,016	930	753	1,683
8.	कारपोरेशन बैंक	285	397	376	370	1,428	726	548	1,274
9.	देना बैंक	396	269	265	312	1,242	430	113	543
10.	इंडियन बैंक	507	551	499	372	1,929	923	359	1,282
11.	इंडियन ओवरसीज़ बैंक	720	732	604	572	2,628	903	540	1,443
12.	ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स	361	443	520	443	1,767	932	338	1,270
13.	पंजाब ऐंड सिंध बैंक	317	165	246	262	990	101	17	118
14.	पंजाब नैशनल बैंक	2,176	1,281	1,039	844	5,340	3,059	2,950	6,009
15.	सिंडिकेट बैंक	850	690	619	551	2,710	1,033	207	1,240
16.	यूको बैंक	843	549	506	471	2,369	551	313	864
17.	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	952	878	734	665	3,229	2,156	1,644	3,800
18.	यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया	644	291	372	306	1,613	318	486	804
19.	विजया बैंक	272	292	375	317	1,256	596	154	750
20.	आईडीबीआई बैंक लि.	91	239	358	274	962	795	747	1,542
	स्टेट बैंक समूह	**6,582**	**5,619**	**3,504**	**3,125**	**18,830**	**15,735**	**11,408**	**27,143**
21.	स्टेट बैंक ऑफ इंडिया	5,250	3,956	2,442	2,214	13,862	12,198	9,943	22,141
22.	स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर ऐंड जयपुर	334	271	170	181	956	620	437	1,057
23.	स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद	367	413	284	281	1,345	1,060	311	1,371
24.	स्टेट बैंक ऑफ मैसूर	219	160	154	203	736	571	231	802
25.	स्टेट बैंक ऑफ पटियाला	351	286	263	161	1,061	632	211	843
26.	स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर	61	533	191	85	870	654	275	929

टिप्पणी : 1. राष्ट्रीयकृत बैंकों में आईडीबीआई बैंक लि. शामिल है।
2. शाखाओं के आंकड़े प्रशासनिक कार्यालयों के आंकड़ों को छोड़कर हैं।

स्रोत : वाणिज्य बैंकों की मास्टर ऑफिस फाइल (अद्यतन संशोधित संस्करण)।

परिशिष्ट सारणी IV.6: अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की शाखाएं और एटीएम *(जारी)*

(मार्च 2012 के अंत में)

क्र. सं.	बैंक का नाम	शाखाएं					एटीएम		
		ग्रामीण	अर्ध-शहरी	शहरी	महानगरीय	कुल	ऑन-साइट	ऑफ-साइट	कुल
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
	निजी क्षेत्र के बैंक	**1,581**	**4,687**	**3,569**	**3,615**	**13,452**	**13,249**	**22,830**	**36,079**
	निजी क्षेत्र के पुराने बैंक	**881**	**2,025**	**1,395**	**1,085**	**5,386**	**3,342**	**2,429**	**5,771**
1.	कैथलिक सिरियन बैंक लि.	18	203	98	50	369	121	57	178
2.	सिटी यूनियन बैंक लि.	42	104	95	61	302	234	266	500
3.	धनलक्ष्मी बैंक लि.	24	106	82	61	273	171	229	400
4.	फेडरल बैंक लि.	62	520	191	157	930	647	358	1,005
5.	आईएनजी वैश्य बैंक	83	93	163	184	523	232	198	430
6.	जम्मू ऐंड कश्मीर बैंक लि.	284	100	134	64	582	344	164	508
7.	कर्नाटक बैंक लि.	94	114	148	152	508	216	136	352
8.	करूर वैश्य बैंक लि.	41	163	141	101	446	472	353	825
9.	लक्ष्मी विलास बैंक लि.	42	105	86	57	290	172	369	541
10.	नैनीताल बैंक लि.	25	29	25	22	101	-	-	-
11.	रत्नाकर बैंक लि.	25	30	20	26	101	43	14	57
12.	साउथ इंडियन बैंक लि.	83	332	158	116	689	523	140	663
13.	तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक लि.	58	126	54	34	272	167	145	312
	निजी क्षेत्र के नए बैंक	**700**	**2,662**	**2,174**	**2,530**	**8,066**	**9,907**	**20,401**	**30,308**
14.	ऐक्सिस बैंक लि.	133	520	480	473	1,606	2,058	7,866	9,924
15.	डेवलपमेंट क्रेडिट बैंक लि.	5	16	11	54	86	86	234	320
16.	एचडीएफसी बैंक लि.	177	913	654	768	2,512	3,823	5,090	8,913
17.	आईसीआईसीआई बैंक लि.	285	913	721	827	2,746	3,032	5,974	9,006
18.	इंडसइंड बैंक लि.	36	97	139	131	403	347	345	692
19.	कोटक महिंद्रा बैंक लि.	33	70	82	171	356	318	530	848
20.	येस बैंक लि.	31	133	87	106	357	243	362	605

-: शून्य/नगण्य

टिप्पणी : शाखाओं के आंकड़े प्रशासनिक कार्यालय के आंकड़ों को छोड़कर हैं।

स्रोत : वाणिज्य बैंकों की मास्टर ऑफिस फाइल (अद्यतन संशोधित संस्करण)

परिशिष्ट सारणी IV.6: अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की शाखाएं और एटीएम *(समाप्त)*

(मार्च 2012 के अंत में)

क्र. सं.	बैंक का नाम	शाखाएं					एटीएम		
		ग्रामीण	अर्ध-शहरी	शहरी	महानगरीय	कुल	ऑन-साइट	ऑफ-साइट	कुल
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
	विदेशी बैंक	**7**	**8**	**61**	**246**	**322**	**284**	**1130**	**1414**
1.	एबी बैंक लि.	-	-	-	1	1	-	-	-
2.	आबु धाबी कामर्शियल बैंक लि.	-	-	-	2	2	-	-	-
3.	अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कारपोरेशन	-	-	-	1	1	-	-	-
4.	एंटवेर्प डायमंड बैंक एन वी	-	-	-	1	1	-	-	-
5.	आस्ट्रेलिया ऐंड न्यूजीलैंड बैंकिंग ग्रुप लि.	-	-	-	1	1			
6.	बीएनपी पारिबा	-	-	-	9	9	-	-	-
7.	बैंक इंटरनैशनल इंडोनेशिया	-	-	-	1	1	-	-	-
8.	बैंक ऑफ अमरीका नैशनल अशोसिएशन	-	-	-	5	5	-	-	-
9.	बैंक ऑफ बहरीन ऐंड कुवैत बी.एस.सी.	-	-	-	2	2	-	-	-
10.	बैंक ऑफ सिलोन	-	-	-	1	1	-	-	-
11.	बैंक ऑफ नोवा स्कॉटिया	-	-	1	4	5	-	-	-
12.	बरक्लैज बैंक पीएलसी	-	1	4	4	9	7	29	36
13.	चायना ट्रस्ट कामर्शियल बैंक	-	-	-	1	1	-	-	-
14.	सिटी बैंक एन ए	-	2	12	29	43	58	645	703
15.	कॉमनवेल्थ बैंक ऑफ ऑस्ट्रेलिया	-	-	-	1	1	-	-	-
16.	क्रेडिट एग्रिकोल कारपोरेट ऐंड इन्वेस्टमेंट	-	-	-	6	6	-	-	-
17.	क्रेडिट सुइस एजी	-	-	-	1	1	-	-	-
18.	डीबीस बैंक लि.	3	3	-	6	12	5	34	39
19.	ड्यूश बैंक (एशिया)	1	-	6	8	15	12	52	64
20.	फर्स्ट रैंड बैंक	-	-	-	1	1	-	-	-
21.	एचएसबीसी लि.	1	1	10	38	50	70	73	143
22.	इंडस्ट्रियल ऐंड कामर्शियल बैंक ऑफ चायना	-	-	-	1	1	-	-	-
23.	जेपी मोर्गन चेस बैंक नैशनल असोसिएशन	-	-	-	1	1	-	-	-
24.	जेएससी वीटीबी बैंक	-	-	-	1	1	-	-	-
25.	क्रुंग थाई बैंक पब्लिक कं.लि.	-	-	-	1	1	-	-	-
26.	मशरेक बैंक पीएससी	-	-	-	2	2	-	-	-
27.	मिजुओ कारपोरेट बैंक लि.	-	-	-	2	2	-	-	-
28.	नैशनल ऑस्ट्रेलिया बैंक	-	-	-	1	1	-	-	-
29.	ओमान इंटरनैशनल बैंक एस.ए.ओ.जी.	-	-	1	1	2	-	-	-
30.	राबो बैंक इंटरनैशनल	-	-	-	1	1	-	-	-
31.	स्बेर बैंक	-	-	-	1	1	-	-	-
32.	सिनहान बैंक	-	1	-	2	3	-	-	-
33.	सोसाइटे जनरल	-	-	-	2	2	-	-	-
34.	सोनाली बैंक	-	-	1	1	2	-	-	-
35.	स्टैडर्ड चार्टर्ड बैंक	-	-	16	78	94	97	210	307
36.	स्टेट बैंक ऑफ मॉरिशस लि.	-	-	-	3	3	-	-	-
37.	बैंक ऑफ टोकियो-मित्सुबिशी यूएफजे, लि.	-	-	-	3	3	-	-	-
38.	दी रॉयल बैंक स्कॉटलैंड एनवी	2	-	10	19	31	35	87	122
39.	यूबीएस एजी	-	-	-	1	1	-	-	-
40.	यूनाइटेड ओवरसीज बैंक लि.	-	-	-	1	1	-	-	-
41.	वोरी बैंक	-	-	-	1	1	-	-	-

-: शून्य/नगण्य

टिप्पणी : शाखाओं के आंकड़े प्रशासनिक कार्यालय के आंकड़ों को छोड़कर हैं।

स्रोत : वाणिज्य बैंकों की मास्टर ऑफिस फाइल (अद्यतन संशोधित संस्करण)

परिशिष्ट सारणी IV.7: बैंकिंग लोकपाल कार्यालय में प्राप्त शिकायतों का विवरण *(जारी)*

(2011-12 की अवधि के लिए)

क्र. सं.	बैंक का नाम	प्रमुख श्रेणियों के अनुसार शिकायतों की संख्या							प्राप्त शिकायतों की कुल संख्या
		जमा खाता	कर्ज/ अग्रिम सामान्य और आवास संबंधी	एटीएम/ क्रेडिट / डेबिट कार्ड	पेंशन	वादे पूरा न करना- बीसीएसबीआई कोड	उचित व्यवहार संहिता का पालन न करना	डीएसए तथा वसूली एजेंट संबंधी नियमों का पालन न करना	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
	अनुसूचित वाणिज्य बैंक	**8,142**	**5,594**	**14,237**	**5,845**	**6,960**	**10,188**	**451**	**68,332**
	सरकारी क्षेत्र के बैंक	**5,742**	**3,937**	**9,221**	**5,793**	**4,408**	**7,539**	**145**	**48,180**
	राष्ट्रीयकृत बैंक **	**3,135**	**2,086**	**3,223**	**1,975**	**2,443**	**3,379**	**58**	**22,326**
1.	इलाहाबाद बैंक	95	62	75	104	121	181	2	964
2.	आंध्रा बैंक	99	78	138	88	108	40	3	745
3.	बैंक ऑफ बड़ौदा	275	160	260	123	222	414	3	2,063
4.	बैंक ऑफ इंडिया	193	124	288	129	205	384	6	1,808
5.	बैंक ऑफ महाराष्ट्र	66	29	42	28	38	111	-	416
6.	केनरा बैंक	362	235	338	190	224	178	10	1,986
7.	सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	215	151	136	231	178	212	2	1,528
8.	कारपोरेशन बैंक	44	40	111	5	90	59	1	515
9.	देना बैंक	62	21	44	68	50	160	1	547
10.	इंडियन बैंक	183	219	113	78	51	55	1	847
11.	इंडियन ओवरसीज़ बैंक	210	141	179	75	75	74	2	995
12.	ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स	87	54	100	7	92	95	1	663
13.	पंजाब ऐंड सिंध बैंक	58	34	8	27	43	37	1	332
